www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, बुधवार, 11 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-186 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए




मप्र में लगातार बढ़ता जा रहा अत्याचार : कमलनाथ 02
■ अमानतुल्लाह खान पर ईडी का शिकंजा
■ शेफ अवॉर्ड्स 2023 के लिए शेफ ने दिखाया... 03
■ इजराइल ने 1700 से अधिक जगहों को निशाना बनाया
■ युद्ध जारी रहने के कारण 1.9 करोड़ सूडानी बच्चे नहीं... 07
69 साल की हुईं रेखा 10

शहडोल की जन आक्रोश रैली में बोले राहुल

# भाजपा की प्रयोगशाला में मरे हुए लोगों का इलाज होता है

## कांग्रेस नेता ने मध्य प्रदेश को बताया भाजपा-आरएसएस की प्रयोगशाला

**शहडोल**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के दौरे पर रहे। यहां राहुल गांधी ने जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने वरिष्ठ भाजपा नेता अडवानी की एक किताब का जिक्र करते हुए कहा कि आडवानी जी ने कहा था कि आरएसएस और बीजेपी का सच्चा कारखाना गुजरात में नहीं है मगर मध्य प्रदेश में है। अडवानी ने कहा था कि मध्य प्रदेश उनका कारखाना है तो मैंने सोचा कि चलो देखें। मैं आपको इसके दो तीन उदाहरण देना चाहता हूं। भाजपा पर तंज कसते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा की लेबोरेटरी में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है और उनका पैसा चोरी कर लिया जाता है।

**हर रोज तीन किसान आत्महत्या कर रहे**

देश के किसी भी प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज नहीं किया जाता, लेकिन मध्य प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है। राहुल गांधी ने महाकाल घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि पूरे देश में महाकाल के पैसे चोरी नहीं किए जाते लेकिन मध्यप्रदेश में महाकाल से चोरी की जाती है। महाकाल लोक में घोटाला किया जाता है। बच्चों की किताबों, मिड डे मील का पैसा मध्यप्रदेश में चोरी किया जाता है। व्यापमं में एक करोड़ युवाओं का भविष्य बर्बाद किया जाता है। पटवारी बनने के लिए 15 लाख की रिश्वत ली जाती है। भाजा की लेबोरेटरी में हर रोज तीन किसान आत्महत्या कर रहे हैं।

**रेप पीड़िता के भाई की पुलिस के सामने हत्या**

भाजपा पर हमलावर होते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा के कारखाने में हर रोज महिलाओं से दुष्कर्म हो रहा है। भोपाल में एक लड़की का रेप होता है और उसे बचाने की कोशिश में भाई की पुलिस के सामने हत्या कर दी जाती है। भाजपा की लेबोरेटरी में भाजपा नेता आदिवासियों के ऊपर पेशाब करते हैं। जो जानवरों को भी नहीं खिलाया जाता वो यहां आदिवासियों को खिलाया जाता है। भारतीय जनता पार्टी के लिए आदिवासी सिर्फ 'वनों के वासी' हैं, जबकि कांग्रेस उन्हें जमीन का मालिक मानते हुए उन्हें उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

■ पटवारी बनने के लिए ली जाती है 15 लाख रिश्वत
■ राहुल ने महाकाल घोटाले पर भी मप्र सरकार को घेरा

देश के किसी भी प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज नहीं किया जाता, लेकिन मध्य प्रदेश में मरे हुए लोगों का इलाज किया जाता है : राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



### सिक्किम की सुध नहीं ले रही सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि सिक्किम में आपदा पीड़ित गहरे संकट में हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह उनकी सुध नहीं ले रहे हैं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूर्वोत्तर को लेकर मोदी सरकार को कोई चिंता ही नहीं है। मणिपुर को वे भूल गए हैं और अब सिक्किम में आपदा से लोग परेशान हैं लेकिन उनकी पीड़ा केंद्र सरकार तक नहीं पहुंच रही है।

## ईडी ने ए राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क की

वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए अर्जित की थीं

**नई दिल्ली**, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। धन शोधन मामलों की जांच करने वाली वित्त मंत्रालय की एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं जो उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री रहते हुए अर्जित की थीं। ईडी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ये सम्पत्तियां राजा की बेनामी कंपनी मेसर्स कोवई शेल्टर्स प्रमोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर थी। इन्हें राजा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत कुर्क किया गया है। बयान में कहा गया है कि पीएमएलए के तहत स्थापित निर्णायक प्राधिकारी ने कुर्की की पुष्टि की । ईडी की जांच में पता चला कि राजा पर्यावरण मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान (2004 से 2007 तक) एक गुरुग्राम की एक रियल-एस्टेट कंपनी को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की। यह कंपनी देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों में है।



**45 एकड़ जमीनें खरीदी गई**

बयान के अनुसार रियल-एस्टेट कंपनी ने बदले में ए. राजा को रिश्वत दी है। यह रिश्वत वर्ष 2007 के आसपास भूमि के लिए कमीशन के रूप में राजा की बेनामी कंपनी के हाथ में गई। ईडी की जांच से पता चला कि इस कंपनी को मिले कमीशन के पैसे से कोयंबटूर में लगभग 55 करोड़ रुपए की 45 एकड़ जमीनें खरीदी गई ।

### आप विधायक अमानतुल्ला के ठिकानों पर भी छापेमारी

*नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामलों की जांच के तहत मंगलवार को ओखला के आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्ला खान के परिसरों पर तलाशी ली। ईडी ने यह कार्रवाई आप नेता एवं सांसद संजय सिंह के आवास पर छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार करने और दिल्ली शराब नीति से जुड़े एक मामले में 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ करने के बाद की है।*

## सार संक्षेप

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत व इटली



**नई दिल्ली।** भारत और इटली ने अनुसंधान एवं विकास, सह-विकास, सह-उत्पादन और संयुक्त उद्यमों की स्थापना सहित विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इटली और फ्रांस की यात्रा के पहले चरण में सोमवार को रोम में इटली के रक्षा मंत्री ग्वीदो क्रोसेत्तो के साथ बातचीत के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

### अदालत ने संजय सिंह की हिरासत तीन दिन बढ़ाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ईडी हिरासत 13 अक्टूबर तक बढ़ा दी। एक अधिकारी ने कहा, अब समाप्त हो चुके उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में संजय सिंह को पांच दिन की पुलिस हिरासत खत्म होने पर राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। ईडी ने 4 अक्टूबर को संजय सिंह को गिरफ्तार किया था।

### बिहार में 20 सूत्री समितियों को पुनर्जीवित करने की कवायद



**पटना।** बिहार में बोर्ड-निगम के पुनर्गठन के बाद अब 20 सूत्री समितियों को पुनर्जीवित करने की कवायद शुरू हो गई है। सत्ताधारी दलों का मानना है कि इससे प्रखंड से लेकर प्रदेश स्तर के नाराज नेताओं और कार्यकर्ताओं को समायोजित कर उनकी नाराजगी दूर की जा सकेगी।

### हैदराबाद में 3.35 करोड़ की हवाला राशि जब्त



**हैदराबाद।** हैदराबाद में पुलिस ने अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान 3.35 करोड़ की हवाला राशि जब्त की। पुलिस ने चार लोगों को अवैध रूप से नगदी रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। कमिश्नर टास्क फोर्स नॉर्थ जोन के अधिकारी बंजारा हिल्स पुलिस के साथ बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन की सीमा में रोड नंबर 3 पर स्थित टीवी-9 सिग्नल जंक्शन पर वाहन चेकिंग कर रहे थे, तभी यह जब्ती की गई।

### मिजोरम में 5 निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफा दिया

**आइजोल।** मिजोरम में पांच निर्दलीय विधायकों ने 7 नवंबर को होने वाले चुनाव में जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के उम्मीदवार के रूप में लड़ने के लिए तकनीकी औपचारिकताओं के अनुरूप मंगलवार को विधानसभा से इस्तीफा दे दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने नेतन्याहू से फोन पर की बात

## भारत ने इजरायल को अपना समर्थन दोहराया

**नई दिल्ली**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। इजरायल पर आतंकवादी संगठन हमास के हमले के बाद भारत ने इजरायल के प्रति अपना समर्थन फिर से दोहराया है।

मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन कर कहा कि भारत आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू द्वारा उन्हें फोन करने मौजूदा स्थिति की ताजा जानकारी देने के लिए वे धन्यवाद देते हैं। भारत के लोग इस कठिन समय में इजरायल के समर्थन में मजबूती के साथ खडे हैं। भारत दृढता और स्पष्ट रूप से आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है।



■ भारत आतंकवाद के सभी रूपों की निंदा करता है

### स्वतंत्र संप्रभु फिलिस्तीन जरूर : पुतिन

हमास और इजरायल के बीच जारी संघर्ष के बीच रूस राष्ट्रपति व्लादिमीप पुतिन ने बड़ा बयान दिया है। पुतिन ने कहा है कि 'स्वतंत्र संप्रभु' फिलिस्तीन स्टेट का निर्माण एक 'आवश्यकता' है। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल-गाजा संघर्ष अमेरिकी मध्य पूर्व नीति की विफलता को दर्शाता है।

## भाजपा ने वसुंधरा को दिया झटका

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली**, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजस्थान में केंद्रीय नेतृत्व व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के बीच की दूरियां बढ़ती जा रही हैं। इससे विधानसभा चुनाव में पार्टी की गुटबाजी खुलकर सामने आ सकती है। सोमवार को जारी प्रत्याशियों की पहली सूची में पार्टी सात सांसदों को मैदान में उतारा। लेकिन सूची को देखकर साफ पता चलता है कि टिकट के बटवारे में वसुधरा की नहीं चली।

यहां तक की उनके कई समर्थकों का टिकट काट दिया गया। 41 उम्मीदवारों की पहली सूची में 29 नए उम्मीदवारों को मौका दिया गया है। लेकिन हैरानी की बात है कि इसमें एक भी वसुंधरा समर्थक नहीं हैं।

वहीं राजघराने से ही ताल्लुक रखने वाली उनकी धुर विरोधी सांसद दीया कुमारी को विधानसभा का टिकट देकर पाटी ने वसुंधरा को सख्त संदेश भी दे दिया है।



■ विरोधियों को मिला टिकट, समर्थक लगे किनारे
■ 41 की पहली सूची में 29 नए उम्मीदवारों को मौका

### दीया कुमारी को आगे कर सकती है पार्टी

माना जा रहा है कि पार्टी अब वसुंधरा के विकल्प के तौर पर दीया कुमारी को आगे कर सकती है। पार्टी की पहली सूची में वसुंधरा का नाम न होना भी हैरान करता है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में वसुंधरा समर्थकों द्वारा उन्हें लंबे समय से मुख्यमंत्री को चेहरा घोषित करने की मांग होती आ रही है। लेकिन भाजपा ने साफ कर दिया है कि किसी को भी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया जाएगा। पार्टी सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव में जाएगी। यह वसुंधरा के लिए बडा झटका है। यही स्थिति मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी है। वहां भी क्रमशः शिवराज सिंह चौहान और रमन सिंह को किनारे लगाने की तैयारी है। बता दें कि हाल ही में जयपुर में प्रधानमंत्री की एक रैली हुई, जिसमें वसुंधरा मंच पर मौजूद रहीं। लेकिन प्रधानमंत्री ने न उनसे नजर मिलाई और न ही उनसे कोई बातचीत कीं। तभी से अंदाजा लगाया जा रहा था कि आने वाले दिन राजस्थान की राजनीति में वसुंधरा को भारी पड़ सकते हैं।

मोरबी पुल हादसा पर एसआईटी ने सौंपी रिपोर्ट

## एसआईटी ने प्राइवेट कंपनी को ठहराया जिम्मेदार



**अहमदाबाद**, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। मोरबी पुल ढहने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने गुजरात उच्च न्यायालय को 5,000 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है। इस हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में ओरेवा कंपनी के प्रमुख कर्मियों को दोषी ठहराया गया है जो पुल के संचालन और रखरखाव के लिए जिम्मेदार थी। मोरबी में मच्छू नदी पर बना झूला पुल 30 अक्टूबर, 2022 की शाम को ढह गया था। राज्य सरकार ने मामले की गहन जांच करने के लिए एक समिति का गठन किया था। गौरतलब है कि इस महत्वपूर्ण पुल के रखरखाव और निगरानी का जिम्मा ओरेवा ग्रुप को सौंपा गया था। एसआईटी रिपोर्ट के अनुसार ओरेवा के प्रबंध निदेशक जयसुख पटेल, प्रबंधक दिनेश दवे और प्रबंधक दीपक पारेख घटना के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। जांच के निष्कर्षों से पुल के प्रबंधन और सुरक्षा प्रोटोकॉल में खामियों की एक श्रृंखला का पता चलता है। रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि किसी भी समय पुल पर व्यक्तियों की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था।

हादसे में 135 लोगों की हो गई थी मौत

**सुरक्षा उपकरणों भी नहीं थी पर्याप्त व्यवस्था**

पुल के उद्घाटन से पहले की गई फिटनेस रिपोर्ट की अनुपस्थिति और स्थानीय नगरपालिका अधिकारियों से इनपुट मांगने में ओरेवा कंपनी की विफलता को भी नोट किया गया है। सुरक्षा उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी।

## विशेषाधिकार समिति के सामने पेश नहीं हुए रमेश बिधूड़ी

**नई दिल्ली**, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। बसपा सांसद दानिश अली पर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में लोक सभा की विशेषाधिकार समिति द्वारा तलब किए जाने के बावजूद भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी समिति के सामने पेश नहीं हुए।

बताया जा रहा है कि, राजस्थान विधान सभा चुनाव में व्यस्त होने के कारण रमेश बिधूड़ी आज लोक सभा की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश नहीं हो पाए। सूत्रों की माने तो, बिधूड़ी ने विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह को पत्र लिखकर यह सूचित कर दिया था कि वह आज समिति के सामने पेश नहीं हो पाएंगे। दरअसल, बसपा सांसद दानिश अली और भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी विवाद पर लोक सभा की विशेषाधिकार समिति ने आज पहली बैठक बुलाई थी जिसमें आज समिति ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को अपना पक्ष रखने के लिए तलब किया था। संसद के विशेष सत्र में लोक सभा में 'चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां' पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने पिछले महीने 21 सितंबर को दानिश अली के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था। सांसदों ने बिधूडी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।



■ राजस्थान विधान सभा चुनाव में व्यस्त होने का बताया कारण
■ दानिश अली के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था

## जम्मू-कश्मीर में सेना के मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर**, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां के अलशीपोरा में सेना के एनकाउंटर में मंगलवार सुबह दो आतंकी मारे गए हैं। इनकी पहचान मोरीफत मकबूल और जाजिम फारूख उर्फ अबरार के नाम से हुई है। दोनों लश्करे-तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े थे। कश्मीर के असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ने बताया कि आतंकी अबरार कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल था। इलाके में बड़ी संख्या में सैन्य बल तैनात है। और भी आतंकियों को ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में 26 फरवरी को आतंकियों ने एक कश्मीरी पंडित संजय शर्मा को गोली मार दी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आतंकियों ने 40 साल के संजय पर तब हमला किया, जब वह सुबह 10.30 बजे पत्नी के साथ मार्केट जा रहे थे।

लश्करे-तैयबा आतंकी संगठन से जुड़े थे दोनों

सुनवाई | *चुनावी बांड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर हैं कई याचिकाएं*

## चुनावी बांड योजना पर 31 को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह 'चुनावी बांड योजना' की वैधता पर फैसले के लिए 31 अक्टूबर को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा और इसमें कोई बाधा आती है तो अगले दिन भी सुनवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ , न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अंतिम सुनवाई की तारीख तय करने का फैसला किया।**

शीर्ष अदालत के समक्ष एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), डॉ.जया ठाकुर (कांग्रेस नेता), स्पंदन बिस्वाल और अन्य की ओर से केंद्र सरकार की चुनावी बांड योजना के खिलाफ दायर की गई थी। चुनावी बांड योजना राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के प्रमुख स्रोतों में शामिल है। पीठ के समक्ष एनजीओ एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि चुनावी बांड योजना को इस लिए चुनौती दी गई कि यह एक धन विधेयक में पारित किया गया था। इसके अलावा गुमनाम फंडिंग के प्रावधान के कारण यह योजना नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है। इस योजना से राजनीतिक दलों को बड़ी मात्रा में धन उन कंपनियों से आता है, जिन्हें उनसे कुछ लाभ प्राप्त हुआ है। इस तरह यह भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा देता है।




■ राजनीतिक दलों के लिए धन जुटाने के स्रोतों में शामिल

### निलंबन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे राघव

आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा से निलंबन के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इसके अलावा उन्होंने सरकारी बंगला खाली करने का आदेश देने वाले ट्रायल कोर्ट के फैसले को भी दिलली हाईकोर्ट में चुनौती दी। जिस पर जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस संजीव नरुला की बेंच 11 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। राघव ने दोनों याचिकाएं 10 अक्टूबर को दाखिल कीं।

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

बब्लू : ऐसा लगता है कि वो लड़की ऊंचा सुनती है। मैं कुछ कहता हूं वो कुछ और ही बोलती है।
डब्लू : वो कैसे ?
बब्लू : मैंने कहा, आई लव यू,
तो वह बोली मैंने कल ही सैंडल खरीदे हैं।

# अमानतुल्लाह खान पर ईडी का शिकंजा

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत आप विधायक के घर की छापेमारी



**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के जेल जाने के बाद मंगलवार सुबह ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान के घर छापेमारी की गई है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के तहत केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने अमानतुल्लाह खान के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। मामला वक्फ बोर्ड की जमीन से जुड़ा है। आप विधायक पर हवाला लेनदेन के गंभीर आरोप लगे हैं। बताया जा रहा है कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में गैरकानूनी नियुक्तियों से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में उनके खिलाफ सीबीआई की एक प्राथमिकी और दिल्ली के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो की एक प्राथमिकी पर संज्ञान लिया है। हालांकि आरोप की अगर बात करें तो साल 2018 से साल 2020 के दौरान गड़बड़ी करने का आरोप लगा था। दरअसल अमानतुल्लाह खान पूर्व में दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष रह चुके हैं और जब वो अध्यक्ष थे उसी दौरान दिशानिर्देशों का उल्लंघन करके हुए यानी गलत तरीके से 32 लोगों को अवैध रूप से भर्ती करने का आरोप लगा था, लिहाजा इस मामले में एसीबी ब्रांच के द्वारा पिछले साल अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार भी किया गया था। सीबीआई द्वारा दर्ज मामले को आधार बनाते हुए ईडी ने उस केस को टेकओवर किया था और अब तक कई दर्जन लोगों से इस मामले में पूछताछ कर चुकी है। वहीं, दूसरी ओर जांच एजेंसी के सूत्रों की अगर मानें तो आप विधायक अमानतुल्लाह खान की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ सकती हैं, यहां तक कि उनकी गिरफ्तारी की संभावना भी बनती हुई दिख रही है। जांच एजेंसी ईडी की टीम के साथ काफी संख्या में अर्ध सैनिक बलों को भी तैनात किया गया है। मंगलवार 10 अक्टूबर सुबह-सुबह करीब 6 बजे से सर्च ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। विधायक अमानतुल्लाह खान दिल्ली के जामिया इलाके में रहते हैं। इस सर्च ऑपरेशन की जानकारी जैसे ही वहां के स्थानीय लोगों को मिली, देखते ही देखते विधायक के आवास के बाहर काफी संख्या में लोग एकत्र होने लगे लेकिन जांच एजेंसी की टीम के साथ मौके पर काफी संख्या में अर्ध सैनिक बल के जवानों के द्वारा स्थानीय लोगों से वहां एकत्र नहीं होने की अपील की जा रही थी।

■ **वक्फ बोर्ड की जमीन से जुड़ा है मामला**

### विपक्षी गठबंधन इंडिया से डरी हुई है भाजपा : राघव चड्ढा



**नई दिल्ली।** आप नेता राघव चड्ढा ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा विपक्षी गठबंधन इंडिया से डरी हुई है। उन्होंने कहा कि मैं कहना चाहूंगा कि भाजपा शासित राज्यों में एजेंसियां चुप हैं जबकि गैर-भाजपा शासित राज्यों में वे आक्रामक हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और ईडी द्वारा दर्ज किए गए लगभग 95 प्रतिशत मामले विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के खिलाफ हैं। जब से इंडिया गठबंधन बना है तब से कांग्रेस, शिवसेना, तृणमूल कांग्रेस और अन्य सदस्य दलों के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। ये है गठबंधन का डर। आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को दावा किया कि केंद्रीय जांच एजेंसियों सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा दर्ज किए गए 95 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ हैं। पार्टी ने कहा कि उसके विधायक अमानतुल्ला खान पर ईडी द्वारा उस मामले में छापेमारी की जा रही है जिसमें उन्हें पिछले साल जमानत मिल गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने खान और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत मंगलवार को दिल्ली में खान के परिसरों पर छापेमारी की। खान दिल्ली विधानसभा में ओखला सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# डीएस ग्रुप पांच सौ करोड़ रुपए का निवेश करेगा



**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। एक मल्टी-बिजनस कॉर्पोरेशन और अग्रणी एफएमसीजी कंपनी समूह, धरमपाल सत्यपाल ग्रुप डीएस ग्रुप हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में अपनी उपस्थिति का महत्वपूर्ण विस्तार करने जा रहा है। इस दिशा में यह ग्रुप अपने स्वामित्व वाले मौजूदा 6 संपत्तियों में 500 करोड़ रुपये से अधिक का संचयी निवेश करेगा। इस निवेश के साथ डीएस ग्रुप अगले 23 वर्षों के दौरान हॉस्पिटैलिटी सेगमेंट में 15 प्रतिशत की सीएजीआर दर हासिल करने के लिए तत्पर है, जो उद्योग की वृद्धि दर से अधिक है। इस घोषणा के बारे में डीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन राजीव कुमार ने कहा कि डीएस ग्रुप का रणनैतिक विकास का नजरिया बाज़ार में नए अवसरों का प्रयोग करने के लक्ष्य के साथ सहक्रियाओं का लाभ उठाकर असाधारण, सावधानीपूर्वक तैयार यादगार आतिथ्य अनुभव प्रदान करने के दृष्टिकोण के बिल्कुल अनुरूप है। अपनी विस्तार योजना के तहत, डीएस ग्रुप अगले तीन वर्षों में तीन नई संपत्तियां खरीदना चाहता है, जिससे देश में इसकी उत्कृष्ट संपत्तियों की कुल संख्या नौ हो जायेगी।

# शेफ अवॉर्ड्स 2023 के लिए शेफ ने दिखाया अपना हुनर

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशन में शैफ्स और उनके योगदान को पहचान और सम्मान देने के लिए इंडियन कुलिनरी फोरम द्वारा आयोजित 20 वें वार्षिक शैफ अवार्ड के लिए आयोजित कलिनरी कम्पटीशन में शेफ ने अपना हुनर दिखाया। इस कम्पटीशन का आयोजन बनारसी दास चांदीवाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, दिल्ली में किया जा रहा है। जहां पर 3 दिन 8 अलग-अलग श्रेणियों में होटल और रेस्तरां के 100 से अधिक शेफ एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस कम्पटीशन के विजेताओं को 14 अक्टूबर, 2023 को दिल्ली के अशोक होटल अवार्ड्स में शेफ अवार्ड्स 2023 के भव्य समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इंडियन कलिनरी फोरम के अध्यक्ष शैफ देविंदर कुमार ने कहा कि हम पिछले 20 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय शेफ दिवस के उपलक्ष में भारतीय शेफ के योगदान को एक पहचान दिलाने के लिए वार्षिक शेफ़ अवार्ड्स आयोजित करते रहे हैं। शेफ अवार्ड्स का मुख्य उद्देश्य साथी शेफ़्स को उनके कुलिनेरी कौशल दिखाने, उन्नत बनाने, तथा सम्पूर्ण भारतीय पाककला को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बेहतर बनाने के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना है। हम यह भी विश्वास दिलाते हैं कि यह सभी शेफ्स के लिए एक मूल्यवान अनुभव होगा और इस क्षेत्र में उनकी संभावनाओं तथा संवृद्धि को अधिकतम करेगा।



# नेशनल इंश्योरेंस की ओर से सतर्कता कार्यक्रम का आयोजन



**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। नेशनल इंश्योरेंस कंपनी की ओर से मिरांडा हाउस दिल्ली विश्वविद्यालय में सतर्कता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक श्रीनिवास सोलंकी ने कहा कि न केवल आर्थिक भ्रष्टाचार बल्कि सामाजिक, राजनीतिक भ्रष्टाचार भी समाज के लिए अभिशाप बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा कार्य जो नैतिकता के विरुद्ध है वह भ्रष्टाचार के दायरे में आता है। सोलंकी ने छात्रों को नैतिकता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ भी पढ़ाया। इस अवसर पर नेशनल इंश्योरेंस के राकेश कुमार, नीलम कटारिया, शिवजीत साहनी, गुलशन नैनवाल और मिरांडा हाउस श्रीमती चंद्रा सागर, रजनी, अंकिता, दीपा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# व्यापारियों को भयभीत कर रही है आप : इकबाल सिंह



■ **संपत्तिकर के नोटिस भेजकर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप**

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने निगम में शासित आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी नागरिकों से कई गुना बढ़ोतरी पर संपत्तिकर भरने के नोटिस भेज कर उन्हें भयभीत करने व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि गत दिनों के पीजी, इंस्टीट्यूट मालिकों, रिहायशी क्षेत्रों व व्यापारियों को आम आदमी पार्टी शासित निगम द्वारा कई गुना बढ़ोतरी पर संपत्तिकर भरने के नोटिस भेजे जा रहे हैं जिससे नागरिक काफ़ी परेशान हैं। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने जब से निगम में सत्ता संभाली है तब से उन्होंने नागरिकों का शोषण करना प्रारंभ कर दिया है। आम आदमी पार्टी लगातार संपत्तिकर व अन्य करों में बढ़ोतरी कर रही है ताकि नागरिकों से ज़्यादा से ज्यादा संख्या में कर वसूला जा सके और इस कर के पैसे से भ्रष्टाचार किया जा सके। उन्होंने बताया कि जब भारतीय जनता पार्टी दिल्ली नगर निगम में शासित थी तब नागरिकों पर हमने एक भी नई कार का भार नहीं डाला दिया। कर बढ़ोतरी के स्थान पर दिल्ली नगर निगम ने भाजपा के शासनकाल में अन्य राज्स के स्रोतों की तलाश कि वह निगम को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया। मगर जब से आम आदमी पार्टी ने सत्ता संभाली है तब से इन्होंने नागरिकों पर धीरे धीरे करो का बोझ बढ़ाना प्रारंभ कर दिया था। अब आम आदमी पार्टी नागरिकों को संपत्तिकर के बकाया नोटिस भेजकर भयभीत कर रही है।

### परेशानी की स्थिति में है व्यापारी

राजा इकबाल सिंह ने बताया कि दिल्ली नगर निगम ने कश्मीरी गेट मार्केट के व्यापारियों, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया, कमला नगर मार्केट व अन्य रिहायशी क्षेत्रों में भारी भरकम बकाया संपत्तिकर भरने के नोटिस भेजे हैं। इन सभी नोटों के माध्यम से नागरिकों से लगभग पिछले 3 से 10 साल का बकाया टैक्स मांगा जा रहा है। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी दुकानों पर भारी भरकम टैक्स भरने के नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं जिससे व्यापारी काफी भयभीत हैं और परेशानी की स्थिति में हैं।

# विश्व उर्दू दिवस समारोह समिति की बैठक संपन्न

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। उर्दू डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन तमिल नाडु एंड कर्नाटक के अध्यक्ष डॉ. उबैदुल्ला बेग की अध्यक्षता में दरयागंज नई दिल्ली स्थित कार्यालय में विश्व उर्दू दिवस समारोह समिति की बैठक संपन्न हुई। डॉ.उबैदुल्ला बेग ने इस वर्ष नौ नवंबर को विश्व उर्दू दिवस का समारोह मद्रास विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग और अंजुमन अबना ए कदीम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम मद्रास विश्वविद्यालय उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अमानुल्लाह के शुक्रगुजार हैं कि उन्होंने विश्व उर्दू दिवस समारोह के लिए हमें सहयोग प्रदान किया है। इसी तरह से उर्दू की दूसरी संस्थाएं वेल्लोर, विश्राम और वानियम बाड़ी के उर्दू अध्यापक गण ने भी हमें सहयोग देने का वादा किया है। इसी तरह बी एम हबीबुर्रहमान ब्लॉक एजुकेशनल अफसर उर्दू तमिलनाडु सरकार ने भी उर्दू दिवस मनाने के लिए सहयोग का वादा किया है। डॉ.उबैदुल्ला बेग ने कहा कि उर्दू देश की भाषा है। देश के लोग इसे प्रेम करते हैं। यह देश में सर्वाधिक लोकप्रिय भी है। इसलिए इसका भविष्य उज्जवल है। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार मासूम मुरादाबादी ने उबैदुल्ल को मुबारकबाद पेश करते हुए कहा की उनके नेतृत्व में तमिलनाडु और कर्नाटक में भी उर्दू का विकास संभव होगा और यह हमारे लिए हर्ष की बात होगी। विश्व उर्दू दिवस समारोह समिति के संयोजक डॉ.सैयद अहमद खान ने कहा कि 25 साल पहले सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा के रचयिता विश्व विख्यात दार्शनिक अल्लामा इकबाल के जन्मदिन 9 नवंबर को उर्दू दिवस मनाए जाने का जो सिलसिला शुरू किया था अब उसका प्रभाव विश्व भर में होने लगा है।

# सरकारी महकमों के तीन सौ टॉप टेक्निकल बॉस को मिलेगा साइबर सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण

## एक प्रतिष्ठित सम्मेलन की मेजबानी भी करेगा भारत एनसीएक्स

■ **जोगेन्द्र सोलंकी**



**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा अभ्यास 2023 के अंतर्गत सरकारी, पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में साइबर सिक्यूरिटी से जुड़े टॉप लेबल के 300 बड़े टैक्नीकल अफसरों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी स्पेशल ट्रेनिंग दी जाएगी ताकि समकालीन साइबर खतरों और साइबर घटनाओं तथा इसके प्रभावों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। भारत सरकार के नेशनल सिक्यूरिटी कौंसिल सेक्रेट्रिएट ने नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर एक स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किया है। इसमें सरकारी क्षेत्र के महत्वपूर्ण संस्थानों के सीनियर मैनेजमेंट और पब्लिक-प्राइवेट एजेंसियों के टॉप टेक्निकल अफसरों को ट्रेनिंग दी जाएगी। कॉन्क्लेव के दौरान भारत एनसीएक्स 2023 एक प्रतिष्ठित सम्मेलन की मेजबानी भी करेगा, जिसमें सरकार, सार्वजनिक संगठनों और निजी क्षेत्र के 200 से अधिक मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी एकत्रित होंगे। बारह दिनों की अवधि के इस हाइब्रिड ट्रेनिंग प्रोग्राम में नए-नए साइबर खतरों और साइबर अटैक से निबटने की लेटेस्ट ट्रेनिंग दी जाएगी। देश में इस तरह की ट्रेनिंग एक साल पहले भी दी गई थी। भारत एनसीएक्स 2023 के नाम से हो रहे इस दूसरे सम्मेलन की शुरूआत हुई है।

**20 अक्टूबर तक आयोजित होगा ट्रेनिंग प्रोग्राम**

मंगलवार को भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद ने इसका उद्घाटन किया। उनके साथ डिप्टी नेशनल सिक्यूरिटी एडवाइजर राजिंदर खन्ना और नेशनल साइबर सिक्यूरिटी कॉर्डिनेटर लेफ्टिनेंट जनरल एमयू नायर भी थे। 9 से 20 अक्टूबर तक आयोजित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में सरकारी, सार्वजनिक और प्राइवेट सेक्टर के विभिन्न समूहों का रिप्रेज़ेंट करने वाले करीब 300 से अधिक लोगों को एक ऐसा मंच मिलगा । जहां इस क्षेत्र में काम कर रहे इन प्रतिभागियों को अलग-अलग सत्रों में लाइव फायर, स्ट्रैटजिक प्रैक्टिस के जरिए देश के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा करने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी ट्रेनिंग मिलेगी। सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार डॉ.अजय कुमार सूद ने साइबर कार्यबल को कुशल बनाने के महत्व पर जोर दिया है। लेफ्टिनेंट नेशनल साइबर सिक्यूरिटी कॉर्डिनेटर जनरल एम यू नायर ने भारत के साइबर डोमेन के रणनीतिक पक्ष को बेहद मजबूत बताया है। नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी के निदेशक कर्नल निधीश भटनागर ने साइबर सुरक्षा के प्रति भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की।

# त्योहारी सीजन के कारण ऑनलाइन खरीदारी में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। त्योहारों के सीजन के साथ एमज़ॉन इंडिया ने नीलसन मीडिया के साथ साझेदारी में त्योहारों से पहले एक सर्वे किया, जिसमें 35 शहरों से 8519 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एमज़ॉन इंडिया के लिए किया गया यह एक्सक्लुज़िव सर्वे उत्तर भारत में खरीदारों की बदलती पसंद और उम्मीदों पर रोशनी डालता है। 51 फीसदी उपभोक्ताओं ने बताया कि वे पिछले साल की तुलना में इस साल त्योहारों में ज़्यादा खरीदारी करना चाहते हैं। उत्तर भारत ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स में अपने भरोसे की पुष्टि की है। सर्वे के 73 फीसदी उत्तरदाताओं ने बताया कि इन प्लेटफॉर्म्स पर उन्हें असली प्रोडक्ट्स मिलते हैं। इसक अलावा 74 फीसदी उत्तरदाताओं के अनुसार ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से त्योहारों की खरीदारी करना बेहद आसान होता है, खासतौर पर जब आप परिवार के साथ त्योहारों का जश्न मनाना चाहते हैं। एमज़ॉन का प्रभुत्व: त्योहारों की खरीददारी के लिए एमज़ॉन सबसे भरोसेमंद ऑनलाईन डेस्टिनेशन बन गया है, 40 फीसदी उत्तरदाताओं ने एमज़ॉन डॉट इन पर भरोसा जताया। इसके अलावा 67 फीसदी उत्तर भारतीयों के अनुसार एमज़ॉन से ऑनलाईन खरीदारी करना बेहद सुविधाजनक है।

**Lost & Found**

I, Akash Gupta s/o Rakesh Gupta have lost my original marksheets Roll no. 1701141002 of Diploma in name of Akash Gupta. College name Aryabhatt Institute of technology. If Found please contact Akash Gupta .
Contact no. 7011278173.

# छठ पूजा की तैयारियों को लेकर की बैठक



**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष नीरज तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में दिल्ली भर से आए छठ समितियों के अध्यक्षों और एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर छठ पूजा की तैयारियों पर विशेष चर्चा की गई। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, पूर्व सांसद लाल बिहारी तिवारी, सह प्रभारी किशन शर्मा, कार्यालय मंत्री ब्रजेश राय, सोशल मीडिया प्रमुख रोहित उपाध्याय के आलावा जगदम्बा सिंह, संजय तिवारी अभय सिंह संजीव झा सहित मोर्चा के अन्य पदाधिकारी, पार्षद एवं श्री छठ समिति अध्यक्ष भी उपस्थित थे। नीरज तिवारी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कई सालों से दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा पूर्वांचलियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। छठ पूजा को लेकर हमेशा ही अरविंद केजरीवाल ने एक सोची समझी साजिश के तहत इसे रोकने या इसपर पाबंदी लगाने की कोशिश की है जिसे अब भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**पुनः ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)**

| | | |
|---|---|---|
| | GeM बोली संख्या | GEM/2023/B/4029722 दिनांक: 30.09.2023 |
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियंता/पुल लाइन के अधीन पुलों के दिन-प्रतिदिन के रखरखाव के लिए आदमी और सामग्री ले जाने के लिए 02 ट्रकों की नियुक्ति 02 (दो) वर्षों के लिए एक SSE/BR/Spl/DBSI और एक SSE/BR/Spl/UMB। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 47,51,760.00 |
| 3 | अग्रिम धन | लागु नहीं |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | (02) दो वर्ष |
| 5 | निविदा जमा करने व खुलने का दिनांक | 13.10.2023, 18:00 बजे तक तथा निविदा 13.10.2023 को 18:30 बजे खुलेगा। |
| 6 | वेबसाइट का विवरण जहा उपरोक्त निविदा व्याख्या उपलब्ध है | उपरोक्त निविदा प्रपत्र GeM की साइट www.GeM.gov.in पर उपलब्ध है। |

निविदा बोली संख्या GEM/2023/B/4029722 दिनांक: 30.09.2023 3139/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ–2023 की संख्या में वृद्धि

आगामी त्यौहारों के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियां नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी :–

**04518/04517 चण्डीगढ़–गोरखपुर–चण्डीगढ़ आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04518 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04517 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 23:15 | चण्डीगढ़ | 14:10 | — |
| 18:20 | — | गोरखपुर | — | 22:05 |

चलने के दिन : 04518 चण्डीगढ़ से प्रत्येक बृहस्पतिवार को दिनांक 02.11.2023 से 30.11.2023 तक एवं 04517 गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 03.11.2023 से 01.12.2023 तक।
ठहराव : अम्बाला छावनी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा और बस्ती स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04530/04529 बठिण्डा–वाराणसी–बठिण्डा आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04530 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04529 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 20:55 | बठिण्डा | 19:10 | — |
| 17:30 | — | वाराणसी | — | 20:40 |

चलने के दिन : 04530 बठिण्डा से प्रत्येक रविवार तथा बुधवार को दिनांक 05.11.2023 से 29.11.2023 तक एवं 04529 वाराणसी से प्रत्येक सोमवार तथा बृहस्पतिवार को दिनांक 06.11.2023 से 30.11.2023 तक।
ठहराव : रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ और प्रतापगढ़ स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04646/04645 जम्मू तवी–बरौनी जं.–जम्मू तवी त्यौहार विशेष एक्सप्रेस** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04646 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04645 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 05:45 | जम्मू तवी | 22:30 | — |
| 12:10 | — | बरौनी जं. | — | 15:15 |

चलने के दिन : 04646 जम्मू तवी से प्रत्येक बृहस्पतिवार को दिनांक 19.10.2023 से 30.11.2023 तक एवं 04645 बरौनी जं. से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 20.10.2023 से 01.12.2023 तक।
ठहराव : पठानकोट छावनी, जलंधर छावनी, लुधियाना जं., अम्बाला छावनी, सहारनपुर, लक्सर जं., मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी और बछवारा जं. स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता. एवं वाता. कुर्सियान।

**04678/04677 फिरोजपुर छावनी जं.–पटना जं.–फिरोजपुर छावनी जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04678 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04677 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 13:25 | फिरोजपुर छावनी जं. | 22:40 | — |
| 17:00 | — | पटना जं. | — | 18:45 |

चलने के दिन : 04678 फिरोजपुर छावनी जं. से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 25.10.2023 से 29.11.2023 तक एवं 04677 पटना जं. से प्रत्येक बृहस्पतिवार को दिनांक 26.10.2023 से 30.11.2023 तक।
ठहराव : कोट कपूरा जं., बठिण्डा जं., रामपुरा फूल, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला छावनी, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04012/04011 नई दिल्ली–दरभंगा–नई दिल्ली त्यौहार विशेष एक्सप्रेस** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04012 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04011 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 19:20 | नई दिल्ली | 16:40 | — |
| 16:45 | — | दरभंगा | — | 18:00 |

चलने के दिन : 04012 नई दिल्ली से प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को दिनांक 07.11.2023 से 28.11.2023 तक एवं 04011 दरभंगा से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को दिनांक 08.11.2023 से 29.11.2023 तक।
ठहराव : मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल और सीतामढ़ी स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04060/04059 आनंद विहार (ट.)–जयनगर–आनंद विहार (ट.) आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04060 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04059 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 10:30 | आनंद विहार (ट.) | 19:55 | — |
| 15:15 | — | जयनगर | — | 17:00 |

चलने के दिन : 04060 आनंद विहार (ट.) से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को दिनांक 07.11.2023 से 28.11.2023 तक एवं 04059 जयनगर से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को दिनांक 08.11.2023 से 29.11.2023 तक।
ठहराव : मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. और मधुबनी स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04488/04487 आनंद विहार (ट.)–गोरखपुर–आनंद विहार (ट.) विशेष एक्सप्रेस** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04488 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04487 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 23:15 | आनंद विहार (ट.) | 10:40 | — |
| 14:00 | — | गोरखपुर | — | 17:25 |

चलने के दिन : 04488 आनंद विहार (ट.) से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 04.11.2023 से 25.11.2023 तक एवं 04487 गोरखपुर से प्रत्येक रविवार को दिनांक 05.11.2023 से 26.11.2023 तक।
ठहराव : गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली छावनी, सीतापुर जं., गोंडा जं. और बस्ती स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता, 3 टियर वाता. एवं शयनयान

**04010/04009 आनंद विहार (ट.)–जोगबनी–आनंद विहार (ट.) विशेष एक्सप्रेस** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04010 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04009 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 23:45 | आनंद विहार (ट.) | 16:05 | — |
| 05:20 | — | जोगबनी | — | 09:00 |

चलने के दिन : 04010 आनंद विहार (ट.) से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 07.11.2023 से 28.11.2023 तक एवं 04009 जोगबनी से प्रत्येक बृहस्पतिवार को दिनांक 09.11.2023 से 30.11.2023 तक।
ठहराव : गाजियाबाद, मुरादाबाद, चन्दौसी जं., बरेली कैंट, सीतापुर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया, अररिया कोर्ट और अररिया स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**01664/01663 आनंद विहार (ट.)–सहरसा जं.–आनंद विहार (ट.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01664 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01663 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| — | 11:10 | आनंद विहार (ट.) | 13:55 | — |
| 11:20 | — | सहरसा जं. | — | 14:30 |

चलने के दिन : 01664 आनंद विहार (ट.) से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 16.10.2023 से 27.11.2023 तक एवं 01663 सहरसा जं. से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 17.10.2023 से 28.11.2023 तक।
ठहराव : हापुड, मुरादाबाद, बरेली, हरदोई, लखनऊ, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगू सराय, खगड़िया जं. और एस बख्तियारपुर स्टेशन।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

3151/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "मानसिक रोगों से बचने हेतु हमें तीन मुख्य बातों का ध्यान रखना चाहिए। जिसमें पहला है नित्य प्रतिदिन की दिनचर्या निर्धारित होनी चाहिए। दूसरा है सन्तुलित आहार लेना और तीसरा है अपने आपको मानसिक - तौर से फिट रखना। जिसके लिए उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा सोचना नहीं चाहिए और हमें पॉजिटिव रहना चाहिए। **डॉ. शोभा शर्मा, मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ**

## बनाया जा रहा देश का पहला वेस्ट टू वाइल्ड लाइफ पार्क

**नोएडा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। एनसीआर का पहला नेचुरल ट्रेल ऑफ आर्टिफिशियल जू थीम पार्क दिल्ली के एकदम नजदीक महामाया फ्लाईओवर के पास नोएडा में बनने का काम शुरू हो गया है। इसे नोएडा जंगल ट्रेल नाम दिया गया है। ये भी दावा किया जा रहा है कि ये देश का पहला वेस्ट टू वाइल्ड लाइफ पार्क है। इस पार्क को तीन जोन में बांटा गया है। 18.27 एकड़ में इसे बनाया जा रहा है। पार्क नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे के दोनों ओर ओखला की ओर जाने वाले कट के पास डेवलप किया जा रहा है। पार्क को एक फुटओवर ब्रिज और एक अंडरपास से कनेक्ट किया जाएगा।

- **पार्क का नाम नोएडा जंगल ट्रेल दिया गया**
- **एक्सप्रेस के दोनों ओर होगा पार्क, अंडरपास और एफओबी से होगा कनेक्ट, ये होगा खास**

पार्क के तीन जोन में बांटा गया है। पहला जोन-ए 4.05 एकड़ का है। इसमें पार्किंग, एंपीथियेटर (1000 लोगों की क्षमता का), फूड कोर्ट और एक्जीबीशन एरिया है। यहां 8 बसों और 76 कारों की पार्किंग होगी। जोन-बी 8.77 एकड़ का बनाया जा रहा है। इसमें ट्रोपिकल रेन फारेस्ट, ग्रास लैंड, वेट लैंड को बनाया जाएगा। जोन-ए और बी को जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे के ऊपर एक एफओबी बनाया जाएगा। तीसरा जोन-सी 5.45 एकड़ का है। इसमें आईएस लैंड ओसियन, ट्रेमप्रेट फारेस्ट और पोलर रीजन होगा। ये पार्क अपने आप में अनोखा होगा, जिसका कॉन्सेप्ट 4डी पर आधारित होगा। इस पार्क को बनाने वाली कंपनी ही इसका संचालन और मेंटेनेंस करेगी। पार्क में आने वाले लोगों के लिए टिकट रखा जाएगा जिसका 50-50 प्रतिशत राजस्व की हिस्सेदारी होगी। इस पार्क की रीच को बढ़ाने के लिए ही इसे सेक्टर-94 के पास बनाया जाएगा। ताकि दिल्ली, ग्रेटरनोएडा और फरीदाबाद के लोग तक यहां आ सके।

### अब जानते है पार्क के फीचर

एनसीआर का पहला पार्क होगा जिसमें जंगल नाइट सफारी होगी। ई कार्ट के जरिए। पार्क में जल, मरुस्थल, बर्फ और घने जंगलों में रहने वाले 800 जानवरों को बनाया जाएगा। फूड कोर्ट होगा, किड्स प्ले एरिया बनाया जाएगा, पिकनिक स्पॉट होगा। वेस्ट के जरिए आउटडोर फर्नीचर, आउट डोर लाइटिंग और शॉप बनाई जाएंगी।

### 500 टन का होगा प्रयोग

पार्क में 500 टन लोहा वेस्ट का प्रयोग किया जाएगा। जिसे प्राधिकरण को दिया जा रहा है। इसके बाद लोहे से पार्क में स्कल्पचर बनाए जाएंगे। इसके अलावा प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग भी किया जाएगा। इस पार्क को बनाने में करीब 15 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। इसमें हाथी, पैंगुविन, शेर, जिराफ, बर्ल्डस, बत्तख, फ्लेमिंगो, बटरफ्लाई, जंगली भैसे, डाइनासोर, गेंडा, मोर, भालू, क्वाला, पांडा आदि को बनाया जाएगा।

### ई कार्ट से देखेंगे नाइट सफारी

नोएडा जंगल ट्रेल में आप नाइट सफारी भी कर सकेंगे। यहां बनाया जाने वाला अंडरपास करीब दो करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। इसका निर्माण प्राधिकरण करेगा। इस अंडरपास में ई कार्ट और पैदल जाया जा सकेगा। इस अंडरपास और पार्क को फसाड और अन्य कांसेपट लाइटों से सजाया जाएगा। ताकि ये दिखने में बिल्कुल जंगल का लुक दे।

## पेड़ पौधों की हरियाली से अतिथियों का हो सत्कार : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। उद्यान टीम को मोटिवेट करते हुए नगर आयुक्त ने कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए उद्यान विभाग को प्रात: भ्रमण के दौरान अधिकारियों को ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज पर विशेष सफाई अभियान के लिए भी कहा गया। नगर आयुक्त ने मालियों को भी मोटिवेट करते हुए शहर की सुंदरता बढ़ाने हेतु विशेष कार्य करने के लिए आदेश दिए।

शहर को अपना घर समझते हुए मन लगाकर मेहनत से कार्य करने के लिए नगर आयुक्त ने संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को उद्यान के कार्यों पर मेहनत करने के लिए कहा। गाजियाबाद एंट्री के प्रमुख द्वारों पर

- **उद्यान सजाए गाजियाबाद एंट्री के द्वार**
- **मालियों को शहर की सुंदरता बढ़ाने के दिए आदेश**

विशेष ग्रीनरी का कार्य व पेड़ पौधों की व्यवस्था करने के लिए भी आदेश दिए गए। साथ-साथ ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वर्ज प्रमुख चौराहा पर भी विशेष ग्रीनरी करने के लिए नगर आयुक्त द्वारा प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज तथा संबंधित टीम को निर्देश दिए गए, नगर आयुक्त द्वारा पेड़ पौधों की कटिंग को लेकर भी बेहतर कार्य करने के लिए कहा गया, बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज उपस्थित रहे।

## संभव में प्राप्त हुए 38 संदर्भ, नगर आयुक्त ने अविलंब कार्रवाई के दिए निर्देश

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा नगर निगम मुख्यालय में संभव के दौरान जनसुनवाई की, जिसके क्रम में आगंतुकों की समस्याओं के समाधान हेतु तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, अधिकांश शिकायतें निर्माण तथा उद्यान विभाग से संबंधित प्राप्त हुई, नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों को अविलंब कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए। संभव के दौरान विजयनगर बागु, माता कॉलोनी विजय नगर, गोविंदपुरम, दिल्ली गेट, नंदग्राम, रहिसपुर, मॉडल टाउन न्यू आर्य नगर व अन्य क्षेत्रों से समस्याएं प्राप्त हुई, संभव में प्राप्त समस्याओं के समाधान हेतु जोनल प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र मे अविलंब कार्रवाई करने के लिए भी आदेशित किया गया, जिसके क्रम में गाजियाबाद नगर निगम टीम द्वारा संभव में प्राप्त समस्याओं पर कार्रवाई की।

जनसुनवाई के दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी संजीव, महाप्रबंधक जल आनंद त्रिपाठी, संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज व अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से समस्याओं के समाधान पर कार्रवाई की।



## सार संक्षेप

### जर्जर सड़क बनवाने को विधायक को दिया प्रार्थना पत्र



**बुलंदशहर।** ककोड़ कस्बे के सैनी शिव मंदिर से ट्रांसफार्मर सिकंदराबाद रोड़ तक जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण के लिए सभासदों ने मोहल्ले वालों के हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र विधायक लक्ष्मीराज सिंह को दिया है। पत्र में बताया गया है सैनी शिव मंदिर से ट्रांसफार्मर सिकंदराबाद रोड़ तक मार्गं जर्जर हो चुका है। जो कस्बे में प्रवेश का मुख्य मार्ग है। जर्जर हालत होने के कारण पैदल चलने वाले तथा वाहन चालकों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर किसान की मौत

**बुलंदशहर।** चोला क्षेत्र के गांव खानपुर निवासी ब्रह्म सोलंकी (55 वर्ष) पुत्र महिपाल सिंह सोलंकी सोमवार रात करीब आठ बजे ट्रैक्टर से अपने खेतों की जुताई करके घर लौट रहा था। रास्ते में अचानक चक्कर आने के कारण ब्रह्म सिंह ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ा। जिससे ट्रैक्टर का पिछला पहिया उतरने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

### सिरफिरे आशिक ने प्रेमिका पर ब्लेड से किया हमला

**नोएडा।** पुलिस ने मंगलवार सुबह एक आरोपी को गोली मारी है। आरोपी बरामदगी के बाद पुलिस से पिस्टल छीनकर का भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस की ओर से रोकने का प्रयास किया। वार्निंग देने के बाद भी आरोपी नहीं माना इसके बाद पुलिस ने उस पर फायर कर दिया। आरोपी के पैर में गोली लगी है उसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसकी पहचान अमर पुत्र जागेश्वर शाह हुई है। दरअसल शनिवार को पुलिस को जानकारी मिली कि एल्डिको युटोपिया सोसाइटी के पास एक युवक ने युवती पर ब्लेड से कई बार हमला किया। जिसमे युवती को गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने युवती को अस्पताल में भर्ती कराया। युवती की शिकायत पर थाना फेज-2 पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी। युवती ने बताया कि वह और अमर पुत्र जोगेश्वर शाह पिछले 5 वर्षों से रिलेशन में रहते थे। आपस में अनबन होने पर वह दोनों अलग हो गए थे। शनिवार को एल्डिको युटोपिया के पास अमर ने जान मारने की नीयत से ब्लेड से लगातार कई वार किए।



### पुलिस ने 5 बदमाशों को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में कई दिनों से लूटने वाला एक गिरोह सक्रिय था। ये गिरोह पहले अपनी कार से मॉल लदे किसी दूसरी कार का एक्सीडेंट करने का बहाना करते हैं। उसके बाद ड्राइवर को अपनी कार में बैठाकर उसकी कार ले जाते थे। मॉल लूटकर पीड़ित की कार को कही सुनसान एरिया में छोड़कर फरार हो जाते थे। पुलिस को 9 अक्टूबर को एक ऐसी ही शिकायत मिली। थाना-126 पुलिस ने टीम का गठन किया। पुलिस ने इस मामले में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया।

## सेफ सिटी के तहत प्राधिकरण ने शुरू किया सर्वे

**नोएडा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश का सबसे सुरक्षित शहर नोएडा को कैसे बनाया जाए, इस दिशा में प्राधिकरण ने काम शुरू कर दिया है। इसके लिए सर्वे शुरू करा दिया है, जिसकी जिम्मेदारी गिया कंसलटेंट कंपनी को सौंपी गई है। 24 अक्टूबर तक सर्वे की प्रक्रिया को पूरा कर रिपोर्ट प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत कर दी जाएगी। इसके बाद सुझाव को शहर में अमल पर लाने की प्रक्रिया को शुरू किया जाएगा। बता दें कि सर्वे में उन 450 स्थानों को शामिल किया गया है, जिसे पुलिस की ओर से सेफ सिटी परियोजनाओं में शामिल करने के लिए सूचीबद्ध किया गया था। जबकि इस सर्वे में 60 ऐसे प्वाइंट भी शामिल है, जो शहर की आरडब्ल्यूए और सामाजिक संगठन की ओर से उपलब्ध कराए गए है। सौ करोड़ रुपये की लागत खर्च कर शहर को सेफ सिटी में तब्दील करने की योजना है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे विश्व के सर्वाधिक सुरक्षित शहर नोएडा को बनाया जा सके। प्राधिकरण अधिकारियों के मुताबिक वर्तमान में नोएडा में इंटेलिजेंट सिक्योरिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये 1046 कैमरे से शहर की निगरानी की जा रही है। कैमरे से यातायात पुलिस की 24 घंटे निगरानी में नियमों के उल्लंघन करने वालों चालान के लिए इस्तेमाल कर रही है। जबकि सेफ सिटी परियोजना के तहत 1600 कैमरे पूरी तरह से पुलिस के कमांड में रहेंगे। इसके लिए अलग से कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। जहां से इन कैमरों से निगरानी की जाएगी। जिन स्थानों की सूची पुलिस विभाग की ओर से दी गई है, उसमे बाजार, सरकारी व निजी स्कूलों व ब्लैक स्पाट और भीड़ भाड़ वाले इलाके मेट्रो स्टेशन, बस स्टैंड, माल के बाहर स्थान शामिल है।

## वीके सिंह ने किया रैपिड रेल परियोजना का निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नगर विमान राज्य मंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह ने भारत की पहली रैपिड रेल परियोजना का निरीक्षण किया। रैपिड रेल निजामुद्दीन दिल्ली से लेकर मेरठ तक चलने वाली है।



यह रैपिड रेल पहले चरण में गाजियाबाद में शहीद स्थल से लेकर दुहाई तक 17 किलोमीटर की दूरी में चलाई जानी है। सिंह ने इसका निरीक्षण करते हुए समस्त गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस प्रथम रैपिड रेल को जल्द ही देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन करेंगे। यह रैपिड रेल दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ मुजफ्फरनगर के यात्री जो इस रूट पर प्रतिदिन आवाजाही करते हैं। उन्हें इसका बेहद लाभ मिलेगा। यह रैपिड रेल भारत की सबसे आधुनिक सबसे तेज गति से चलने वाली पहली रैपिड रेल है जो जल्दी ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण होकर जनता को समर्पित होने जा रही है। इस निरीक्षण के दौरान गाजियाबाद के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक, रैपिड रेल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अधिकारियों संग महापौर तथा नगर आयुक्त ने किया रात्रि निरीक्षण

**गाजियाबाद,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक निगम अधिकारियों के साथ रात्रि दौरे पर निकले, जिसमें सबसे पहले पांडव नगर इंडस्ट्रियल एरिया में डायमंड फ्लाईओवर के नीचे सड़क निर्माण कार्य को देखा, चौधरी मोड़ से अम्बेडकर रोड पर हो रही रात्रि कालीन सफाई को देखा।

- **नगर निगम रात्रि में भी शहर हित में कर रहा निरंतर कार्य : महापौर**

रात्रि निरीक्षण के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस चल रही थी जिसमें निर्देशक नगर निकाय डॉ. नितिन बंसल भी जुड़े हुए थे और महापौर से वार्ता की, गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में लगातार प्रयास कर रहा है, महापौर द्वारा निगम अधिकारियों के कार्यों की प्रशंसा की गई। वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए महापौर तथा नगर आयुक्त द्वारा विशेष अभियान



चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। रात्रि निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, मुख्य अभियंता एन के चौधरी, डॉ. मिथलेश कुमार, डॉ. अनुज सिंह, अधिशासी अभियंता जैदी आदि उपस्थित रहे।



## विश्व भारती स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

**नोएडा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-28 स्थित विश्व भारती पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नव चयनित विद्यालय परिषद के विद्यार्थियों को अलंकृत किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्य वीरा पांडे ने दीप प्रज्वलित कर किया। गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ। इस अवसर पर मिडिल डिपार्टमेंट के छात्र छात्राओं ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया कार्यक्रम में प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी प्रमाणपत्र व बेजेस देकर सम्मानित किया गया। इसमें विद्यार्थियों के अभिभावकों की उपस्थिति भी रही। प्रधानाचार्य वीरा पांडे ने कहा कि लीडरशिप क्वालिटी के लिए छात्रों में सुनने की प्रवृति होनी चाहिए। समस्याओं का समाधान करने की योग्यता होनी चाहिए। इस अवसर पर सभी विभाग प्रमुख ज्योति धर, भावना कौल, अंजु पुनिया, आरती कौल, सुनीता रैना आदि शामिल हुए।

## नेताजी ने हमेशा देश व समाज को जोड़ने का काम किया : शर्मा

**नोएडा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षा मंत्री एवं उप्र की राजनीति के बड़े स्तंभ माने जाने वाले मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने नेताजी को श्रद्धांजलि देकर उन्हें याद किया। उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की शपथ ली। सेक्टर-70 स्थित के-1 में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नेताजी को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा ने कहा कि अगर आज उत्तर प्रदेश की पहचान देश और दुनिया में है तो इसके पीछे नेताजी का बहुत बड़ा योगदान है। भारत के एक राजनेता एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव भारत के रक्षा मंत्री भी रह चुके हैं।



इससे पहले एक शिक्षक थे। लेकिन शिक्षण कार्य छोड़कर उन्होंने राजनीति में कदम रखा। वर्ष 1992 में एक राजनीतिक पार्टी समाजवादी पार्टी की स्थापना की। नेताजी को 26 जनवरी 2023 की पूर्व संध्या पर पद्म विभूषण से भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सम्मानित किया गया। नेताजी ने सदैव गरीब, कमजोर, किसानों, नौजवानों और महिलाओं के विकास की राजनीति की। सभी धर्म को मानने वाले नेताजी ने कभी भी धर्म के नाम पर किसी तरह का भेदभाव नहीं किया। हर धर्म हर और समाज के लोग नेताजी को अपना मुखिया मानते थे।

## मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि पर सपा ने दी श्रद्धांजलि किया हवन व शांति पाठ

**नोएडा।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षा मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पहली पुण्यतिथि पर सपा नोएडा महानगर ने अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में हवन व शांति पाठ के साथ साथ पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सपा संस्थापक का पिछले वर्ष 10 अक्टूबर को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने कहा कि मुलायम सिंह यादव का कहना था की साइकिल का चिन्ह गरीबों दलितों किसानों और मजदूर वर्गों को दर्शाता है। जिस तरह से समाज और समाजवादी चलते रहते हैं उसके दो पहिए खड़े होते हैं जबकि हैंडल बैलेंस करने के लिए होता है। महासचिव विकास यादव ,मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद के सफाई में 22 नवम्बर 1939 को जन्मे मुलायम सिंह यादव दंगल के पहलवान थे। उन्होंने दंगल में अच्छे-अच्छे पहलवानों को अपने दांव से चित किया। वह दंगल के दांव पेंचो के साथ ही सियासत के भी माहिर खिलाड़ी हो गए। इसलिए देश में सुभाष चंद्र बोस के बाद सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को नेताजी का खिताब मिला। मुलायम सिंह यादव की वजह से ही आज हमारे सैनिको के पार्थिव शरीर उनके आवास तक राजकीय सम्मान से लाए जाते है उन्होंने ही रक्षा मंत्री रहते हुए ये निर्णय लिया था।



**आयोजन** मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर स्वास्थ शिविर आयोजित

## कोविड-19 के बाद विश्व में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में तेजी : चिकित्सक

**गाजियाबाद, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर यशोदा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, कौशाम्बी में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सकों ने कहा कि कोविड-19 के बाद विश्व में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ी हैं। जिसमें विश्व के समस्त मानसिक मरीजों में से 15 प्रतिशत हिस्सा भारत के मरीजों का है। इस महामारी ने मानव के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरे प्रभाव डाले हैं जिनमें से अवसाद, अकेलापन, चिंता आदि प्रमुख हैं। इस अवसर पर 70 पोस्टरों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने हेतु संदेश दिये गए।**

हॉस्पिटल में सुन्दर रंगोली बनाकर अवसाद में रह रहे लोगों को हर्ष प्रदान किया गया। डॉक्टर संदीप गोविल, वरिष्ठ न्यूरोसाईकैट्रिस्ट ने इस अवसर पर कहा कि कोविड के बाद से डर बैठ चुका है और बढ़ते हुए हार्ट-अटैक के समाचार ने इसे और बल दिया है। डॉक्टर गोविल ने कहा कि यदि हमारे अन्दर छोटे-2 मानसिक बदलाव आते हैं, जो 2 घंटे से ज्यादा नहीं रहते, ऐसे बदलावों की ज्यादा चिंता नहीं करनी हैं, किन्तु ऐसे बदलाव जो बार-बार और ज्यादा समय तक रहते हैं, उनको हमें गम्भीरता से लेते हुए मानसिक रोग विशेषज्ञ से मिलना चाहिए।

डॉ. सोनल वरमानी, मानसिक रोग विशेषज्ञ ने भी कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य की ही तरह महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारा शारीरिक स्वास्थ्य यदि ठीक भी हो, किन्तु मानसिक स्वास्थ्य ठीक न हो तो जीवन में सुख रंगों की कमी हो जाती है, जोकि अवसाद का कारण बनती है।





- **नित्य प्रतिदिन की दिनचर्या निर्धारित होनी चाहिए**
- **मोबाइल के स्क्रीन टाइम को कम से कम रखें**

डॉ. शोभा शर्मा, मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञ ने कहा कि मानसिक रोगों से बचने हेतु हमें तीन मुख्य बातों का ध्यान रखना चाहिए। जिसमें पहला है नित्य प्रतिदिन की दिनचर्या निर्धारित होनी चाहिए। दूसरा है सन्तुलित आहार लेना और तीसरा है अपने आपको मानसिक - तौर से फिट रखना। जिसके लिए उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा सोचना नहीं चाहिए और हमें पॉजिटिव रहना चाहिए। छोटी-छोटी टिप्स देते हुए उन्होंने कहा कि अपने प्रोफेशन को घर न लेकर जायें। मोबाइल के स्क्रीन टाईम को कम से कम रखें। सोशल मीडिया और रील्स में उसको देख रहे व्यक्ति की स्वयं कोई भी रचनात्मक क्रिया नहीं होती, ऐसे में अवसाद का खतरा बढ़ जाता है।

## एमिटी विवि में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2023

**नोएडा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए 'मानव स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार है' विषय पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2023 मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ मेंटल हेल्थ के कोंस्टीटूएंसी डेवलपमेंट के उपाध्यक्ष और मनोचिकित्सक डॉ. सुनील मित्तल, वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. एन जी देसाई, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला ने किया। वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ मेंटल हैल्थ के कान्स्टिटूअन्सी डेवलपमेंट के उपाध्यक्ष और मनोचिकित्सक डॉ. सुनिल मित्तल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों के मध्य आकर मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करके स्वंय के व्यक्तित्व में उत्साह का अनुभव करता हूं। जीवन में सफल होने के लिए मानसिक स्वास्थ्य का सुदृढ़ होना आवश्यक है। डॉ. मित्तल ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों जैसे महामारी, युद्ध, जलवायु परिवर्तन आदि ने मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। हर व्यक्ति के पास स्वास्थ्य मानसिक स्वास्थ्य का अधिकार है।

1966 के यूएन कन्वेंशन में समान



अधिकार, 2006 यूएनसीआरपीडी कन्वेंशन, विकलांग व्यक्तियों की स्थिति के लिए मानव अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र से स्थापित मानव अधिकार सिद्धांतों को लागू करता है। भारत में भी 2017 में मेंटल केयर एक्ट को पारित किया गया। डा मित्तल ने कहा कि आप योग, मेडिटेशन, व्यायाम और अच्छी जीवन शैली से एक बेहतर मानसिक स्वास्थ्य का निर्माण कर सकते है इसलिए आज से अभियान चलाए कि स्वयं भी मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगे और अन्य लोगों को भी करेगें।

उवाच

मौजूदा खरीदारों की आवश्यकताओं को पूरा करने और नए खरीदारों को आकर्षित करने के लिए, मध्यम और छोटे निर्यातकों, कारीगरों, उद्यमियों और डिजाइनरों से लेकर भारत के अग्रणी निर्माता निर्यातकों तक सभी प्रदर्शकों की भागीदारी रही है।

डॉ. नीरज खन्ना, ईपीसीएच वाइस चेयरमैन

# कैपिटल ज़ोन

## एमबीए की छात्रा की हार्ट अटैक से मौत


**ग्रेटर नोएडा,**10 अक्टूबर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित एक हॉस्टल में रहने वाली एमबीए छात्रा की बीती रात को मौत हो गई। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है। थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थित एक हॉस्टल में रहने वाली कुमारी मुस्कान पुत्र शिवनाथ शर्मा मूलनिवासी जनपद अलीगढ़ को बीती रात को गंभीर हालत में कैलाश अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया, वहां पर डॉक्टरों ने उनका मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है की छात्रा की मौत हार्ट अटैक के चलती हुई है। उन्होंने बताया कि छात्रा नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित एक कॉलेज से पढ़ाई कर रही थी, तथा हॉस्टल में रहती थी। कैलाश हॉस्पिटल से मेमो के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि क्लीन ब्रिज हॉस्टल में रहने वाली एक छात्रा मुस्कान शर्मा पुत्री शिवनाथ शर्मा निवासी डोरी नगर, अलीगढ़ उम्र 22 वर्ष जो एमसीए फर्स्ट ईयर की छात्रा थी जिसको हार्ट अटैक आने के बाद हॉस्टल के प्रशासन ने अस्पताल में भर्ती कराया था जहां पर उसकी मृत्यु हो गई। मृतका के परिजनों के ने बताया था कि पहले भी इसको हार्ट अटैक आ चुका था। इससे पहले मृतका की हार्ट सर्जरी भी हुई थी। पुलिस पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

■ **निजी छात्रावास में रहकर कर रही थी पढ़ाई**

## केंद्र व उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा थीम पर आधारित लगी प्रदर्शनी

■ **तीन दिवसीय प्रदर्शनी का जिलाधिकारी ने किया शुभारम्भ**

**ग्रेटर नोएडा,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रमों की जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के माध्यम से प्रदेश के सभी जनपदों में उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा थीम पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के सौजन्य से जनपद गौतम बुद्ध नगर के विकास भवन परिसर में भी तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश विकास की यात्रा थीम पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। विकास भवन परिसर में लगाई गई उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा नामक प्रदर्शनी का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी की सुंदरता और कंटेंट, क्रिएटिव की प्रशंसा करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा आम जनमानस के हितार्थ विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन सामान्य को आसानी से प्राप्त हो सके, इसके लिए इस चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी ने इस अवसर समस्त जनपद वासियों का आह्वान किया कि विकास भवन परिसर में लगाई गई तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश विकास की यात्रा नामक प्रदर्शनी का सभी लोग अवलोकन करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठाएं।





जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी प्रदर्शनी का अवलोकन अवश्य कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को भी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों व कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त हो सके। प्रदर्शनी में रामायण का और राम मंदिर का भी चित्रण किया गया है, तथा खेलों के क्षेत्र में बढ़ रही प्रतिभाओं को भी प्रदर्शित किया गया है।

प्रदर्शनी के माध्यम से एक ही छत के नीचे सभी योजनाओं की जानकारी जन सामान्य को आसानी के साथ उपलब्ध हो सकेगी। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शिवराज, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर तथा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 56वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला विदेशी खरीदारों के लिए तैयार




**ग्रेटर नोएडा,**10 अक्टूबर (देशबन्धु)। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की तरफ से आईएचजीएफ दिल्ली मेले का 56वां संस्करण 12 से 16 अक्टूबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित किया जा रहा है। ईपीसीएच के चेयरमैन दिलीप बैद ने प्रेस वार्ता में बताया कि उत्पादों और डिजाइन के अद्भुत तालमेल के साथ यह मेला विभिन्न जीवन शैलियों और घर के सजावटी उत्पादों की अद्भुत विविधता प्रदर्शित करता है। इस संस्करण में होम, फैशन, जीवन शैली, कपड़ा, फर्नीचर आदि के 14 प्रमुख प्रदर्शन खंड शामिल हैं। उत्पादों की विविधता की बात करें तो इसमें घरेलू सामान, घरेलू साज-सज्जा, फर्नीचर, उपहार और सजावटी सामान, लैंप और प्रकाश व्यवस्था के उत्पाद, क्रिसमस और उत्सव की सजावट की वस्तुएं, फैशन आभूषण और सहायक उपकरण, स्पा और वेलनेस, कालीन और गलीचे, बाथरूम सहायक उपकरण, लॉन सहायक उपकरण, शैक्षिक खिलौने और खेल, हस्तनिर्मित कागज उत्पाद और स्टेशनरी और चमड़े के बैग शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि इस संस्करण के साथ आईएचजीएफ दिल्ली फेयर- फर्नीचर ब्रांड नाम से अपना फर्नीचर एक्सक्लूसिव शो भी शुरू कर रहे हैं। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि आईएचजीएफ दिल्ली मेले में सस्टेनेबल और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली से जुड़े उत्पादों पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया गया है। इन्हें ऐसी सामग्रियों और प्रक्रियाओं के साथ बनाया गया है जो पर्यावरण, मानव और पशु स्वास्थ्य के साथ-साथ इकोलॉजी को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं।

ईपीसीएच के वाइस चेयरमैन डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि मौजूदा खरीदारों की आवश्यकताओं को पूरा करने और नए खरीदारों को आकर्षित करने के लिए, मध्यम और छोटे निर्यातकों, कारीगरों, उद्यमियों और डिजाइनरों से लेकर भारत के अग्रणी निर्माता निर्यातकों तक सभी प्रदर्शकों की भागीदारी रही है। फेयर रिसेप्शन कमेटी आईएचजीएफ दिल्ली फेयर-ऑटम के अध्यक्ष नरेश बोथरा ने बताया कि फर्नीचर एक ऐसा सेगमेंट है, जिसका दायरा बढ़ता जा रहा है क्योंकि विदेशों में भारत से घरेलू और जीवन शैली उत्पादों का बाजार अधिक से अधिक विस्तार ले रहा है। खरीदारों के इस वर्ग की मांग को पूरा करने और फर्नीचर प्रदर्शकों को बड़े प्रदर्शन स्थान देने की कोशिश की गयी है। इस शो में सौ से अधिक देशों से विदेशी खरीदार जिनमें अर्जेंटीना, अल्जीरिया, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, ब्राजील, कनाडा, चिली, कोलंबिया, डेनमार्क, मिस्र, फ्रांस, ग्रीस, जर्मनी, जॉर्जिया, घाना, हांगकांग, इजराइल, ईरान, इटली, जापान, जॉर्डन, कुवैत,लेबनान, मैक्सिको, मोरक्को, मलेशिया, मॉरीशस, नाइजीरिया, नॉर्वे, नीदरलैंड, आदि से मेले में हिस्सा लेने के लिए पूर्व-पंजीकरण किया है। इस दौरान ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर.के. वर्मा ने बताया कि इस शो ने घरेलू क्रेताओं के लिए भी बड़ी तादाद में रिटेल खरीदारी के लिए एक बड़ा मंच तैयार किया है।

■ **इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में 12-16 अक्टूबर से हो रहा है शुरू**

■ **मेले में सौ से अधिक देशों से आने वाले खरीदारों को 3000 से अधिक प्रदर्शकों से जुड़ने का मिलेगा अवसर**

### सार संक्षेप

### बालक इंटर कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर आयोजित



**ग्रेटर नोएडा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर मंगलवार को ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 स्थित गौतमबुद्ध बालक इंटर कॉलेज में छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. तनुजा गुप्ता के नेतृत्व में डीएमएचपी (डिस्ट्रिक्ट मेंटल हेल्थ प्रोग्राम) गौतमबुद्ध नगर की टीम ने छात्रों व शिक्षकों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने मानसिक रोगों के लक्षण को जानने-पहचानने और समय से चिकित्सक से संपर्क करने के बारे में बताया। शिविर में छात्रों व शिक्षकों ने चिकित्सक से सवाल भी पूछे। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार व सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

### उधारी के रुपए मांगने पर परिवार किया हमला, चार घायल

**दनकौर।** दनकौर कस्बे में एक परिवार पर पड़ोस में रहने वाले आरोपियों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस घटना में महिला समेत परिवार के 4 लोग घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपियों पर पीड़ित परिवार के उधारी के रुपये थे। आरोपी उधारी वापस नही कर रहे थे। पुलिस 4 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कस्बे में धनोरी रोड़ पर एक घर में समीर का परिवार का परिवार रहता है। उसके परिवार से कुछ माह पहले पड़ोस के युवक भूरा ने रुपए उधार लिए थे। पिछले कई दिनों से पीड़ित उधारी के रुपये वापस मांग रहा था। सोमवार शाम पीड़ित अपनी उधारी मांगने उसके घर गया। तभी शोएब व महाराज और पिता असलम भी वहीं आ गए। जब पीड़ित ने अपने रुपए मांगे तो लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पीड़ित जान बचाने के लिए घर की तरफभागा तो आरोपियों ने पीड़ित के परिवार से भी मारपीट कर दी और फरार हो गए। इस घटना में नजमा व अलीम आदि घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## मार्च तक ग्रेनो से जेवर एयरपोर्ट तक सर्विस लेन से सफर होगा आसान

■ **यमुना एक्सप्रेस वे के बराबर 60 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण को जमीन की अड़चन साफ**

■ **यमुना प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर का भी आवागमन होगा आसान**

**ग्रेटर नोएडा,**10 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक 60 मीटर चौड़ी रोड के पूरा होने की उम्मीद बढ़ी है। कुछ जगहों पर किसानों ने जमीन को लेकर केस कर रखा है। केस वापस होने से अब रुका हुआ तीन किमी का हिस्सा बन जाएगा। अभी दनकौर के पास काम अटका है। इसके लिए प्राधिकरण किसानों से वार्ता कर रहा है। यमुना एक्सप्रेस वे के किनारे ग्रेटर नोएडा से जेवर तक 60 मीटर चौड़ी रोड का प्रावधान है। यह सड़क अभी अधूरी है। जमीन को लेकर किसान कोर्ट चले गए। यमुना प्राधिकरण के अधिकारी किसानों से वार्ता करके उनको मनाने का प्रयास कर रहे हैं। आठ किसानों के केस वापस लेने के बाद ही जमीन पर कब्जा मिल सकेगा। इसके बाद ही अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण हो सकेगा। ग्रेटर नोएडा से जेवर के बीच में करीब 33 किमी सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है। यमुना प्राधिकरण में प्रस्तावित अपैरल पार्क के आगे सड़क बाधित है। जिन किसानों के साथ यहां केस चल रहे हैं, वह अब मान गए हैं। इस सड़क का निर्माण अगले साल 31 जनवरी तक पूरा करने लक्ष्य रखा गया है। जेवर तक जाने वाली इस सर्विस रोड में दनकौर के पास भी कुछ हिस्सा अधूरा पड़ा है। यहां भी किसानों के केस होने के चलते 500 मीटर सड़क अटकी है। रौनीजा गांव के पास करीब 100 मीटर रुकी है। यमुना प्राधिकरण ने इसको लेकर किसानों से वार्ता शुरू कर दी है। वहीं, यमुना प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर-18 और 20 की रुकी हुई सड़कें 31 मार्च तक पूरा हो जाएंगी। प्राधिकरण के परियोजना विभाग को इन सड़कों के निर्माण को पूरा करने के लिए कहा गया है।



## जेवर एयरपोर्ट की भूमि को कराया कब्जा मुक्त



**जेवर,**10 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्माणाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की भूमि पर गांव पारोही में कुछ किसानों द्वारा कब्जा करके खेती किये जाने की सूचना पर मंगलवार को एसडीएम, प्राधिकरण के अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर भूमि को कब्जा मुक्त कराया है। एयरपोर्ट के निर्माण के किये प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहण की गई भूमि पर बोर्ड लगाकर किसानों को सूचित किया गया तथा उसके बाद बाउंड्री की गई थी। लेकिन अभी भी कई गांव की अधिग्रहित की गईं भूमि पर बाउंडी वाल नहीं बनी है। जिसका फायदा कुछ किसानों ने उठाते हुए वहां खेती बाड़ी शुरू कर अवैध कब्जा कर लिया। जिसकी सूचना प्राधिकरण व एसडीएम जेवर को मिली। पुलिस बल के साथ मंगलवार को प्राधिकरण के अधिकारी व एसडीएम जेवर अभय कुमार सिंह गांव पारोही पहुंचे जहां दर्जनो किसानों द्वारा खेती कर किये जा रहे अवैध कब्जे को हटाया और वहां को बाउंड्री वाल का कार्य शुरू कराया।

## कारखाना पंजीकरण गोष्ठी में उद्यमियों की समस्या पर मंथन

**ग्रेटर नोएडा,**10 अक्टूबर (देशबन्धु)। आईआईए ग्रेटर नोएडा चैप्टर के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उद्योग से संबंधित अधिकारी एस. के. सिंह, सहायक निर्देशक कारखाना शामिल हुए। गोष्ठी का संचालन सरबजीत सिंह ने किया। एजेंडे के क्रमानुसार परिचय, बीटूबी पर चर्चा हुई, तदुत्प्रांत सरबजीत सिंह ने एस. के. सिंह का परिचय कराया, इसके बाद एस के सिंह ने फैक्ट्री एक्ट, पंजीकरण, आवश्यकता एवं जरूरत, नियम एवं उद्यमी को इससे अन्य क्या फायदे हो सकते हैं और अगर पंजीकरण नहीं है तो क्या जुर्माने देने होंगे इस सब पर बिन्दुवार समझाया। इसी बीच प्रश्नोत्तर में जिज्ञासु उद्यमियों की जिज्ञासाओं पर अपना पक्ष रखा। आईआईए के सदस्य जिनका फैक्ट्री एक्ट में पंजीकरण नहीं हुआ है और वो कराना चाहते हैं तो इक्कट्ठा होकर अपनी समुचित जानकारियां विभाग को दे तो किसी भी दिन विभागीय अधिकारी उपस्थित होकर पंजीकरण कराने में सहयोग करेंगे, आसानी से पंजीयन हो जायेगा। इस गोष्ठी में नितिन एडीएफ, आईआईए ग्रेटर नोएडा चौप्टर से बी. आर. भाटी, सर्वजीत सिंह, विशारद गौतम, सर्वेश गुप्ता, अश्वनी महेंद्र, जगदीश सिंह, मनोज सिराधना, प्रमोद गुप्ता, विजय गोयल, नवीन गुप्ता, महेश त्यागी, दीपक कंबोज, आशु कौशिक, अनुज शर्मा, अजय डीबीपी इंजीनियरिंग आदि लोग मौजूद रहे।




## मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत लोगों को किया गया जागरुक

■ **बैक्सन होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में कार्यक्रम का शुभारम्भ**

**ग्रेटर नोएडा,**10 अक्टूबर (देशबन्धु)। बैक्सन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह 10 से 14 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को बैक्सन कॉलेज के ऑडिटोरियम में उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बैक्सन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. एस.पी.एस. बक्शी ने किया। कार्यक्रम के दौरान, डॉ. सीपी शर्मा, डॉ. कथिका, डॉ. अस्वनी, डॉ. मिनाक्षी, डॉ. विशाल, और डॉ. मानसी उपस्थित रहे। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के प्रमुख, डॉ. ए.पी. सिंह और उनके सहयोगी शिक्षक, डॉ. रोशनी, डॉ. पूजा, डॉ. श्रेया, और छात्र भी शामिल हुए। बैक्सन कॉलेज और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। डॉ. बक्शी ने अपने संबोधन में सभी को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूक रहने का संदेश दिया। मानसिक रोगों के इलाज में होम्योपैथी के प्रभाव पर प्रकाश डाला। डॉ.ए.पी. सिंह ने उद्घाटन में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत, बैक्सन कॉलेज और गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, नुक्कड़ नाटक, स्क्रीनिंग, और मानसिक विश्लेषण कई स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें बैक्सन हॉस्पिटल, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्राम घोड़ी-बछेड़ा, लोटस हर्बल कॉर्पोरेट, और प्रज्ञान स्कूल ग्रेटर नोएडा शामिल है।






## स्वच्छता जागरुकता सप्ताह के तहत आयोजित प्रतियोगिता के प्रतिभागी पुरस्कृत

■ **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिले के विद्यालय व महाविद्यालयों में आयोजित हुई प्रतियोगिताएं**

**ग्रेटर नोएडा,**10 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ 2 से 8 अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह के तहत प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट चयनित विद्यार्थियों को मंगलवार जिला न्यायाधीश अवनीश सक्सेना ने न्यायालय परिसर में मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। अपर जिला जज-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय ने बताया कि स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह के तहत आयोजित चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिन विद्यार्थियों को जनपद न्यायाधीश ने पुरस्कृत किया है, उसमें प्राथमिक विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा के अगस्त्य शर्मा, मायरा गुप्ता, उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में कुमारी मायावती राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बादलपुर से मनी राजपूत, कनिष्का, महाविद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से इप्सिता शर्मा, नव्या जलोटा व एसआरएमआईसी थोरा से कृतिका चौहान एवं प्राथमिक विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से कशिका गोयल, नील विजय, उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से शारव दत्त, प्रियांशी एवं महाविद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में कुमारी मायावती राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बादलपुर से तृप्ति, दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से सुकृति शेट्टी तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय रा.मा.इं. कॉलेज चीती से गुनगुन सम्मिलित हैं। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश अवनीश सक्सेना, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी उपस्थित रहे।




### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1 सैक्टर के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अल्फा आवासीय भूखण्ड योजना के अन्तर्गत भवन संख्या G-185 क्षेत्रफल-40 वर्गमीटर, सैक्टर-अल्फा-2, अलॉटमेन्ट नं A012719 ग्रेटर नोएडा श्री अतर सिंह के पक्ष में पंजीकृत है। आवंटी श्री अतर सिंह की मृत्यु दिनांक 21.01.2015 को हो गयी है। मृतक आवंटी श्री अतर सिंह के पुत्रों PRADEEP KUMAR, ASHOK KUMAR, SANJAY ने उपरोक्त भूखण्ड अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन किया गया है। इस म्यूटेशन/नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में स्वर्गीय श्री अतर सिंह के स्थान पर उनके पुत्रों PRADEEP KUMAR, ASHOK KUMAR, SANJAY के नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति )
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विाकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम धनौरी में उप जिलाधिकारी, दादरी द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 295/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 25.03.2023 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1723 1748 | श्री कश्मीरी देवी पत्नी विसम्बर सिंह व श्री विसम्बर सिंह पुत्र झम्मन सिंह नि0 ग्राम सक्का माजरा भट्टा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | ज्वाला सिंह | 58 | पुत्र |
| | | | श्रीमती गीता | 53 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती सुनीता | 48 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्री मनवीर सिंह | 43 | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट नं0-01, सैक्टर-के0पी0-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AWHO, Gurjinder Vihar, के माध्यम से आवंटित भवन संख्या-1-O-701, 7th Floor, Sector-Chi-I, Builder's Area, Pocket-P5, क्षेत्रफल-195.17 वर्ग मीटर, Brig. Retd. Bhubaneswar Singh S/o Late Shri Triveni Singh & Brig. Sagar Singh S/o Brig. Retd. Bhubaneswar Singh के पक्ष में हस्तातंरित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Brig Retd. Bhubaneswar Singh की मृत्यु दिनांक-18.11.2019 को हो जाने के उपरान्त पूर्ण रूप से सह आवंटित Brig. Sagar Singh S/o Late Brig. Retd. Bhubaneswar Singh ने उक्त भवन को पूर्ण रूप से अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मूल आवंटी Brig. Retd. Bhubaneswar Singh के स्थान पर पूर्ण रूप से सह Brig. Sagar Singh S/o Late Brig. Retd. Bhubaneswar Singh के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 11 अक्टूबर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## महिला श्रम की सराहना है गोल्डिन को नोबेल

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र का प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार मिलना एक तरह से दुनिया की आधी आबादी के नज़रंदाज़ कर दिये गये श्रम को सराहना व पुरस्कृत करना है। अमेरिका की गोल्डिन की विश्व भर में आर्थिक इतिहासकार व श्रम अर्थशास्त्री के रूप में बहुत प्रतिष्ठा है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर गोल्डिन ने पिछली लगभग दो सदियों के आंकड़ों के अध्ययन के आधार पर उन कारणों का पता किया है जिनके चलते श्रम के मामले में महिलाएं पक्षपात का शिकार बनी हैं। उन्होंने बतलाया है कि विभिन्न कारणों से महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कम पारिश्रमिक मिलता है। वैश्विक श्रम बाजार में महिलाओं का प्रतिनिधित्व चिंताजनक रूप से अल्प है। उनका अध्ययन यह भी बतलाता है कि कमाई और रोजगार दरों में लिंग अंतर कैसे और क्यों बदलता चला गया है। अल्फ्रेड नोबेल की स्मृति में दिया जाने वाला यह पुरस्कार अब तक 92 अर्थशास्त्रियों को मिला है। गोल्डिन के पहले तक केवल दो महिलाएं ही यह पुरस्कार पा सकी हैं।

प्रिंसटन यूनिवर्सिटी प्रेस ने उनके बारे में कहा है कि- 'आर्थिक इतिहासकार और श्रम अर्थशास्त्री के रूप में गोल्डिन के शोध में महिला श्रम शक्ति, कमाई में जेंडर गैप, तकनीकी परिवर्तन, शिक्षा और आव्रजन सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। उनके अधिकांश शोध अतीत के दृष्टिकोण से वर्तमान की व्याख्या करते हैं और चिंता के वर्तमान मुद्दों की उत्पत्ति की पड़ताल करते हैं। उनकी सबसे हालिया पुस्तक 'कैरियर एंड फैमिली- महिलाओं की शताब्दी' समानता की ओर लंबी यात्रा है।' नोबेल समिति ने पुरस्कार की घोषणा के दौरान कहा कि- 'गोल्डिन ने अपने शोध से सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार के परिणामों का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया है। उनके शोध से नए पैटर्न का पता चलता है, परिवर्तन के कारणों की पहचान होती है और जेंडर गैप के बारे में भी जानकारी मिलती है।'

बेशक, गोल्डिन महिला श्रम के बारे में 200 वर्षों के डेटा के आधार पर जो सच्चाइयां अपने निष्कर्षों के रूप में सामने लाई हैं, वे और भी कई सदियां पुरानी हैं और आज भी नंगी आंखों से देखकर ही यकीन करने के काबिल हैं। आधुनिकता और समानता पर आधारित लोकतांत्रिक प्रणाली ज्यादातर देशों में चलन में आ जाने के बावजूद आज भी यह एक ठोस वास्तविकता है कि महिलाएं श्रम और मेहनताने दोनों ही मामलों में भारी भेदभाव की शिकार हैं। प्रकारांतर से चाहे अविकसित देश हों या विकासशील या विकसित, तीनों ही तरह की परिस्थितियां किसी न किसी तरीके से उन्हें उनके हक का पारिश्रमिक लेने से वंचित करती हैं। जब वे काम करती हैं तो इस भेदभाव का शिकार तो होती ही हैं, काम न मिलने या छूट जाने जैसी स्थितियों में भी उनके हिस्से में पुरुषों के मुकाबले अधिक दुश्वारियां आती हैं। काम देते वक्त वे नियोक्ता की आखिरी पसंद होती हैं तो काम के दौरान वेतन, भत्ते, छुट्टी के मामलों में उनके साथ गैरबराबरी पूर्ण व्यवहार होता है। इतना ही नहीं, काम से हटाने या छंटनी के समय वे पहली पसंद बन जाती हैं।

भारत सहित तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों- एशिया, अफ्रीका एवं लातिनी अमेरिका में गोल्डिन के निष्कर्ष बहुत मुखर और स्पष्ट होकर सामने आते हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की बेरोजगारी दर कहीं अधिक है। उन्हें पहले से ही अर्द्ध कुशल या अकुशल मानकर उन्हें समान काम के लिये भी कम वेतन दिया जाता है। भारत सहित जहां भी पितृसत्तात्मक व सामंती सामाजिक व्यवस्था है, वहां कामकाजी महिलाएं उपहास व आलोचना की पात्र बनकर रह जाती हैं। बड़ी संख्या में पढ़ी-लिखी महिलाओं का जीवन घरू काम करते हुए गुजर जाता है। पहले से ही माना जाता है कि उनके जीवन की सार्थकता ब्याह के बाद पति व ससुराल वालों की सेवा-टहल और बच्चों की परवरिश करने में हैं। यह किसी एक धर्म की बात नहीं है। अधिकतर सम्प्रदायों व समुदायों की महिलाओं के बाबत यही यथार्थ है। बड़ी संख्या में लोगों की यह भी मान्यता है कि महिलाएं मौज-मस्ती या अपने फैशन के खर्चे पूरे करने के लिये काम करने घरों से निकलती हैं।

हाल ही में भारत के सन्दर्भ में ये आंकड़े सामने आये थे कि 2018-19 से 2022-23 के बीच जितने लोगों ने नियमित नौकरियां खोईं, उनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकानॉमी की इस अवधि की रिपोर्ट के अनुसार 31 लाख लोगों ने पक्की नौकरियां खोई हैं। इनमें पुरुष 5 लाख तो महिलाएं 26 लाख हैं। ऐसे ही, छोटे कारोबार एवं दैनिक वेतन पर काम करने वालों में 1.35 करोड़ रोजगार घटे हैं। इनमें 52 लाख महिलाएं तथा 83 लाख पुरुष थे। कामकाजी महिलाओं का औसत बेहद चिंतनीय है और उनके सशक्तिकरण के ठोस उपाय करने में ज्यादातर अविकसित व विकासशील देशों की कोई भी अर्थप्रणाली नाकाम साबित हुई है। पश्चिमी देशों में स्थिति फिर भी काफी ठीक है लेकिन वैश्विक जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तीसरी दुनिया में बसता है, महिलाओं के सन्दर्भ में गोल्डिन के शोध बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जब तक आधी आबादी के लिये आर्थिक दृष्टिकोण से समानतापूर्ण वातावरण नहीं बनाया जाता, विकास का लक्ष्य पहुंच से बाहर ही रहेगा। आर्थिक विज्ञान पुरस्कार समिति के प्रेसिडेंट जैकब स्वेन्सन ने सच ही कहा है कि- 'श्रम बाजार में महिलाओं की भूमिका को समझना समाज के लिए महत्वपूर्ण है। गोल्डिन के शोध से वे बाधाओं को दूर हो सकेंगी जिनका आज महिलाएं सामना कर रही हैं।' गोल्डिन को नोबेल देना विकास में भागीदारी निभाती महिलाओं को पुरस्कृत करने जैसा है।

# 5 सूबों की सरकारें बनने-बिगड़ने से बढ़कर हैं ये चुनाव

जिन पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों का ऐलान सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयोग ने देश की राजधानी में किया, उसका महत्व केवल राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में सरकारों के बनने-बिगड़ने तक सीमित न रहकर उससे कहीं बहुत आगे का है। इन चुनावों में केवल यह देखने को नहीं रह गया है कि क्या राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपनी सरकारें बचाए रखने में कामयाब होती है या उन पर भारतीय जनता पार्टी काबिज होती है? यह भी देखने की बात नहीं है कि क्या मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार का विसर्जन होता है या वहां कांग्रेस का कब्जा होता है? तेलंगाना का चुनाव भी दिलचस्प होगा परन्तु उसे लेकर केवल इतनी सी उत्सुकता नहीं है कि क्या वहां क्षेत्रीय दल भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) दो-दो राष्ट्रीय पार्टियों से अपनी सरकार को बचा पाती है या नहीं? अगर ऐसा नहीं होता तो देखना यह भी होगा कि इस दक्षिण भारतीय राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है या भाजपा जीत सकेगी? उत्तर पूर्व के एक छोटे से राज्य मिजोरम में भी इसी समय चुनाव हो रहा है। वहां भी देखना होगा कि सत्तारुढ़ मिजोरम नेशनल फ्रंट की सरकार में वापसी होती है या नहीं? या फिर कोई नये समीकरण बनते हैं।

ये चुनाव ऐसे समय पर हो रहे हैं जब देश का सबसे बड़ा राजनैतिक दल कही जाने वाली भारतीय जनता पार्टी अनेक तरह की परेशानियों से गुजर रही है और उसे चुनौती देने वाली देश की सबसे पुरानी पार्टी यानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जिसका देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सबसे अहम योगदान था और उसे ही भारत को आजाद कराने का श्रेय दिया जाता है, लगातार मजबूत हो रही है। वह न सिर्फ खुद में ताकतवर हो रही है वरन अपने साथ समग्र प्रतिपक्ष को भी सशक्त कर रही है। उसके साथ और उसी के नेतृत्व में पिछले दिनों बने 28 दलों के विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भाजपा के समक्ष चुनौती के साथ-साथ ऐसा विकल्प भी पेश कर दिया है जो भरोसेमंद हो सकता है।

तीन-चार मानकों पर देखें तो भाजपा और कांग्रेस के बीच का अंतर साफ दिखता है जो इन चुनावों में सारा फर्क पैदा करने जा रहा है। पहला तो है दोनों दलों के प्रमुख नेताओं की छवि का मामला। भाजपा कुल जमा एक ही चेहरे पर पिछले 10 वर्षों से सब कुछ कर रही है-पार्टी चलाने से लेकर सरकार चलाने तक। 2013-14 में प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के तत्काल बाद से ही सम्पूर्ण भाजपा मोदी में विलीन हो चुकी है। भाजपा के पहले कार्यकाल में तो फिर भी भाजपा के कुछ अन्य वरिष्ठ नेता चलते-फिरते दिखाई पड़ते थे, लेकिन अपनी छवि को वास्तविकता से बढ़कर मजबूत व लोकप्रिय बनाने के चक्कर में भाजपा के प्रचार तंत्र ने बाकी सभी नेताओं, पदाधिकारियों, मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों का अस्तित्व ही मिटाकर रख दिया। अब भाजपा इस कदर मोदी पर आश्रित हो गई है कि उनकी स्वीकार्यता या अस्वीकार्यता पर ही पूरे चुनावी नतीजे टिके रहते हैं। भाजपा द्वारा खुद को मोदी केन्द्रित कर देने का अंजाम उसके सामने है। जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं, वहां मोदी के अलावा कोई दूसरा चेहरा नहीं है और जाहिर है कि स्थानीय चेहरा न होने से राज्य इकाइयों को चुनाव लड़ने में दिक्कत आ रही है। राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में उसके पूर्व मुख्यमंत्री क्रमशः वसुंधरा राजे सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान तथा डॉ. रमन सिंह तीनों ही हाशिये पर हैं और इन राज्यों के चुनाव उनके चेहरों पर तो नहीं ही लड़े जा रहे हैं- किसी और चेहरे को शीर्ष कमान की न तो मान्यता है और न ही जन स्वीकार्यता।



डॉ. दीपक पाचपोर

> इन राज्यों के नतीजे जो भी हों, अगर वे यहीं तक सीमित होकर रह जाते तो सम्भवतः भाजपा की परेशानी इतनी बड़ी न होती। मुश्किल यह है कि लोकसभा के चुनाव बामुश्किल 6 माह के भीतर ही हो जायेंगे। यानी इन परिणामों की प्रतिध्वनि वहां तक गूंजती रहेगी। इन नतीजों का ही असर और विमर्श बेशक आगे बढ़ेगा। लोकसभा का अगले साल होने वाला चुनाव सम्भवतः इन्हीं मुद्दों के ईर्द-गिर्द लड़ा जायेगा।

दूसरे, हाल के वर्षों में मोदी की छवि में बड़ी गिरावट दर्ज हुई है, खासकर उनकी विभिन्न योजनाओं की असफलताएं, कोरोना कुप्रबंधन, अदानी के साथ उनके रिश्तों का उजागर होना, भ्रष्टाचारियों को संरक्षण, अनैतिक तरीकों से विपक्षी सरकारें गिराना, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना, आर्थिक बदहाली व बढ़ती गैरबराबरी, विफल विदेश नीति, बढ़ती साम्प्रदायिकता, मणिपुर, नूंह जैसी घटनाएं, सरकार विरोधियों को जेलों में डालने जैसे कदमों ने उन्हें एक निरंकुश व क्रूर शासक के रूप में स्थापित किया है। इसके विपरीत उन्हें टक्कर देने वाले राहुल गांधी की छवि में बड़ा सुधार आया है। करोड़ों रुपये खर्च कर भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं, आईटी सेल व सोशल मीडिया पर सक्रिय ट्रोल आर्मी ने राहुल, गांधी परिवार, कांग्रेस तथा सम्पूर्ण विपक्ष के खिलाफ जो कलुषित अभियान छेड़ा था, वह अब ध्वस्त हो गया है। राहुल द्वारा पिछले सितम्बर में कन्याकुमारी से कश्मीर की जो भारत जोड़ो यात्रा निकाली, उसने उन्हें एक संजीदा, समझदार एवं परिश्रमी नेता के रूप में स्थापित किया है जो चीजों को समझते हैं और समाधान जानते हैं। उनकी बातों को लोगों ने सच होता हुआ पाया है।

तीसरा बड़ा अंतर जो लोग देख रहे हैं वह है भाजपा के पास मुद्दों की टंचाई। उसका सामाजिक ध्रुवीकरण का फार्मूला कर्नाटक चुनाव में असफल हो गया और अब उसका कोई लेवाल नहीं है। साम्प्रदायिकता से होने वाले नुकसान का आभास जनता को हो चुका है इसलिये उसके विपरीत कांग्रेस एवं विपक्षी गठबन्धन द्वारा उठाये जा रहे जमीनी मुद्दे लोगों को अधिक आकर्षित करने लग गये हैं। उसके द्वारा उठाया गया जातिगत जनगणना और पिछड़े व अति पिछड़े लोगों के लिये आरक्षण का मुद्दा भाजपा को बेचैन कर रहा है। सोमवार को सम्पन्न कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में हुई इस घोषणा का भाजपा के पास कोई जवाब नहीं है, जिसमें उसने कहा है कि अगर इन राज्यों के चुनाव वह जीतती है तो जातिगत जनगणना कराई जायेगी तथा जिसकी जितनी आबादी है उसकी उतनी हिस्सेदारी होगी। भाजपा इसके खिलाफ बोल पाने में भी असमर्थ है क्योंकि इसका अगर वह विरोध करेगी तो एक बड़ा वोट बैंक उससे छिटक सकता है।

इन राज्यों के नतीजे जो भी हों, अगर वे यहीं तक सीमित होकर रह जाते तो सम्भवतः भाजपा की परेशानी इतनी बड़ी न होती। मुश्किल यह है कि लोकसभा के चुनाव बामुश्किल 6 माह के भीतर ही हो जायेंगे। यानी इन परिणामों की प्रतिध्वनि वहां तक गूंजती रहेगी। इन नतीजों का ही असर और विमर्श बेशक आगे बढ़ेगा।

लोकसभा का अगले साल होने वाला चुनाव सम्भवतः इन्हीं मुद्दों के ईर्द-गिर्द लड़ा जायेगा। भाजपा के पास ध्रुवीकरण के अलावा कोई मुद्दा ही नहीं है और लोग इस बात का पहले से ही अनुमान लगाए बैठे हैं कि मोदी एवं भाजपा कोई ऐसा मसला ज़रूर खड़ा करेंगे जिससे उनकी नैया पार लग सके। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक तो कह ही चुके हैं कि- 'मोदी चुनाव जीतने के लिये किसी भी हद तक जा सकते हैं। वे 2024 के चुनाव के पहले पुलवामा जैसा कांड या राममंदिर पर हमला भी करा सकते हैं।' दूसरी ओर कांग्रेस व इंडिया अब बेहद सतर्क हैं और धार्मिक या भावनात्मक मुद्दों की भाजपायी पिच पर उतरने के लिये तैयार ही नहीं है। अब तो परिस्थिति इस कदर विपरीत है कि कांग्रेस-इंडिया के उठाये मुद्दों पर भाजपा बोलने पर भी फंस रही है और मौन रहे तो और भी फंसती जाती है। ये चुनाव केवल पांच सरकारें बनाएंगे या गिराएंगे नहीं, वरन लोकसभा-2024 का रास्ता और विमर्श दोनों का ही निर्धारण करेंगे।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# जाति जनगणना इंडिया का भाजपा के खिलाफ मुख्य हथियार

■ कल्याणी शंकर

क्या भारत को जाति जनगणना की आवश्यकता है? यदि इसे राष्ट्रीय स्तर पर कराया जाता है, तो यह क्या परिणाम लायेगा- सकारात्मक या नकारात्मक? इस मुद्दे पर बहस छिड़ी हुई है। संभावित लाभ या कमियों पर अलग-अलग राय के कारण यह मुद्दा विवादास्पद है।

राय अलग-अलग हैं, कुछ इसकी दीर्घकालिक उपस्थिति को स्वीकार करते हैं और अन्य प्रतिकूल परिणामों के लिए चिंता व्यक्त करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी में, राजनीतिक दल हाशिए पर रहने वाले समुदायों के साथ संबंध स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप जाति जनगणना की मांग बढ़ गई है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जातीय जनगणना कराकर मौजूदा बहस को और भड़का दिया है। उन्होंने 2 अक्टूबर को नतीजे जारी किये और खुद को हाशिए पर मौजूद समुदायों के चैंपियन के तौर पर पेश किया।

जनगणना रिपोर्ट से सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लगाई गई 50फीसदी आरक्षण सीमा को हटाने की राजनीतिक मांग उठ सकती है। अपनी हालिया मुंबई बैठक में, नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया ने भी जाति जनगणना का अनुरोध किया। महाराष्ट्र, ओडिशा और झारखंड जाति जनगणना कराने पर सहमत हो गये हैं, जबकि बंगाल ने अभी तक फैसला नहीं किया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस ने भी वायदा किया है।

> जाति जनगणना के विषय पर अलग-अलग राय सामने आती है। इसमें चुनावों और समुदायों पर इसके प्रभाव जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। 1931 से अधिक विश्वसनीय डेटा की आवश्यकता को देखते हुए, इसे अभी भी पूरा करने की आवश्यकता है। कुछ लोग जाति जनगणना के पक्ष में तर्क देते हैं, लेकिन यह अंधेरे में आंख मारने की कोशिश करने जैसा है।

जाति जनगणना के विषय पर अलग-अलग राय सामने आती है। इसमें चुनावों और समुदायों पर इसके प्रभाव जैसे पहलुओं को शामिल किया गया है। 1931 से अधिक विश्वसनीय डेटा की आवश्यकता को देखते हुए, इसे अभी भी पूरा करने की आवश्यकता है। कुछ लोग जाति जनगणना के पक्ष में तर्क देते हैं, लेकिन यह अंधेरे में आंख मारने की कोशिश करने जैसा है।

1931 से पहले, दशकीय जनगणना में जाति पर डेटा शामिल था। हालांकि, 1941 को द्वितीय विश्व युद्ध के कारण छोड़ दिया गया था। 1951 से 2011 तक, भारत की सभी स्वतंत्र जनगणनाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बारे में जानकारी थी, लेकिन अन्य जातियों के बारे में नहीं।

भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल के दौरान जाति पर आंकड़ा एकत्र किये गये थे जिनका उद्देश्य प्रशासनिक और जनसांख्यिकीयथा। आजादी के बाद नेहरू सरकार जाति जनगणना के पक्ष में नहीं थी। कांग्रेस की लगातार सरकारों ने दशकों तक जाति जनगणना का विरोध किया। जनता सरकार के दौरान 1979 में मंडल आयोग की स्थापना की गई। एक दशक बाद जनता दल के प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह ने मंडल आयोग की रिपोर्ट के आधार पर सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए 27ओबीसी आरक्षण लागू किया। 2001 की जनगणना में जाति को एक श्रेणी के रूप में जोड़ने पर विचार किया गया, लेकिन व्यावहारिक मुद्दों और चिंताओं ने इसे लागू होने से रोक दिया।

हालांकि, 2010 में मनमोहन सिंह सरकार ने आर्थिक कारकों के आधार पर एक सर्वे कराया था। महामारी के कारण 2021 की जनगणना स्थगित कर दी गई और अभी तक नहीं की गई है। आज कांग्रेस के रुख में बदलाव दिख रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए 'जितनी आबादी, उतना हक़' वाक्यांश का इस्तेमाल किया। 2011 में, सोशियोइकानॉमिक एंड कास्टसेंसस (एस.ई.सी.सी.) में जाति के बारे में जानकारी शामिल थी, लेकिन मुख्य ध्यान जीवन स्तर और वित्तीय स्थिति पर था।

मोदी सरकार ने 2015 में एसईसीसी का वित्तीय आंकड़ा जारी किया, लेकिन जाति उसमें जाति जनगणना को शामिल नहीं किया गया था।

जाति को परिभाषित करना एक जटिल मुद्दा है। जाति जनगणना को भेदभावपूर्ण माना जाता है और उन लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है जो सभी के लिए समान अधिकार और अवसर चाहते हैं। भाजपा ने जाति जनगणना पर अब तक कोई आधिकारिक रुख नहीं अपनाया गया है। यह मांग सबसे पहले राजद जैसे क्षेत्रीय दलों ने उठाई थी और अब जे.डी. (यू) और फिर अधिकांश अन्य विपक्षी दलों द्वारा समर्थित है। भाजपा के अधिसंख्य नेता मानते हैं कि जाति जनगणना कराने से राजनीतिक और तार्किक चुनौतियों के कारण अधिक एकजुट समाज के निर्माण में बाधा आ सकती है।

ऐतिहासिक रूप से, भारत की स्वतंत्रता के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए संविधान सभा की बैठक दिसंबर 1946 और नवंबर 1949 के बीच हुई थी। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल जैसे दिग्गज महत्वपूर्ण व्यक्ति थे जिन्होंने सरकारी संरचना, नागरिकों के अधिकार और मौलिक सिद्धांतों जैसे विषयों पर चर्चा का नेतृत्व किया। नये गणतंत्र के संविधान को आकार देने में उनका योगदान महत्वपूर्ण था।

पिछले सामाजिक अन्यायों को दूर करने के लिए संविधान द्वारा सकारात्मक कार्रवाई की अनुमति दी गई है। हालांकि, जाति जनगणना जैसे विशिष्ट आंकड़ा एकत्र करने के बारे में पर्याप्त चर्चा नहीं हुई होगी।

जाति जनगणना कराने के पक्ष और विपक्ष दोनों में वैध तर्क हैं। अंततः, जनगणना कराने का निर्णय काफी हद तक राजनीतिक कारकों, जनता की भावना और सत्तारूढ़ पार्टी की प्राथमिकताओं पर निर्भर करता है। सरकार के कार्य जनता की मांगों और जागरूकता के स्तर से भी प्रभावित हो सकते हैं।

फिलहाल, हमें जाति जनगणना के महत्व को स्वीकार करने के लिए अधिक अनुकूल वातावरण की आवश्यकता है। भाजपा नेताओं का तर्क है कि महात्मा गांधी और राम मनोहर लोहिया समेत कई नेताओं ने माना है कि जातिगत भेदभाव समाज को कमजोर करता है।

भाजपा नेता जाति जनगणना का समर्थन करने में संकोच करते हैं, हालांकि उनके पास लोकसभा में बहुमत है। लेकिन जाति-आधारित पार्टियां अपने समर्थकों को खुश करने के लिए इसकी वकालत करती हैं, जिससे भाजपा के लिए दुविधा पैदा हो जाती है। कुछ राजनीतिक दलों ने जाति के मुद्दों को संबोधित करके प्रभाव प्राप्त किया है। कई विशिष्ट समुदाय अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता चाहते हैं। कांग्रेस, डी.एम.के., और जे.डी. (यू) जाति जनगणना का समर्थन करते हैं, जो बिहार पहले ही आयोजित कर चुका है। अन्य राज्य भी जाति जनगणना करवा सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना की मांग ने एक कांटेदार राजनीतिक चुनौती खड़ी कर दी है। दुविधा यह है कि इस कदम से इंडिया गठबंधन की पार्टियों को फायदा हो सकता है, चाहे केंद्र कुछ भी करे। लोकसभा चुनाव से छह महीने पहले भाजपा वाकई दुविधा में है। देखने वाली बात यह होगी कि आखिर मोदी सरकार इस पर क्या प्रतिक्रिया देती है।

## आज जयंती

### जयप्रकाश देश व जनता की नब्ज पहचानते थे

स्व. जयप्रकाश का व्यक्तित्व एक ऐसा व्यक्तित्व रहा जिसमे विभूति के अनेक परिमाण विद्यमान थे। अद्भुत रम्यता के कारण उनके व्यक्तित्व में इन्द्रधनुष की सी मोहक विविधता थी। उनका व्यक्तित्व जितना विवादास्पद था उतना ही मनोरम था। सच तो यह है कि जे.पी. ने सत्ता की राजनीति के संकुचित दायरे से निकल कर लोकनीति के क्षितिज व्यापी क्षेत्र में पदार्पण किया था। इसमें संदेह नहीं कि प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति पद की गरिमा व परिधि और वर्तुल बहुत बड़े होते हैं, परन्तु निरूपाधिक नागरिकता का क्षेत्र तो असीम होता है। इस क्षेत्र से जे.पी. क्या जुड़े, मानों सम्पूर्ण क्रांति का स्वप्न साकार करने के लिए ही उन्होंने देश की युवा पीढ़ी से एक ऐसे अहिंसक संघर्ष का आह्वान किया जिसके मूल में सम्पूर्ण क्रांति की धुन थी। स्व. जयप्रकाश बाबू की नजर प्रायः सुदूर क्षितिज पर वर्तमान की निराशा के पार भविष्य पर टिकी रहती थी। यही कारण था कि वे विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े रहे। उन्होंने जीवन भर समग्र क्रांति की साधना से ही जनजीवन का दोहन किया। वे प्रायः इस बात पर जोर देते रहे कि सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में आमूल परिवर्तन लोगों के अपने अभिक्रम और परिवर्तन से ही संभव है। जब जे पी. किसी आंदोलन की बात करते थे तो यह लगता था कि वे परिवर्तन के ठोस इरादों से भरे हुए हैं। वे नैतिकता व मूल्यों की ऊंचाई तक यूं ही खाली नहीं पहुंचे थे, चूंकि उनके लक्ष्य अपने आप में एक प्रतिमान थे। एक बार निश्चय कर लेने के बाद वे दृढ़ता से टिके रहते थे। ऐसे उदाहरण कम ही मिलते है, लेकिन वे जड़ दुराग्रही नहीं थे, इसलिए उनके बारे में लोगों को कई बार गलतफहमियां भी हो जाती थीं।

एक समग्र दृष्टि से देखने पर जेपी के चिंतन की ध्वनि में और उनके बुनियादी रूख में गांधीवाद का ही रंग चढ़ा हुआ था। वैसे विचारधारा की दृष्टि से जेपी ने सर्वोदय से लेकर सम्पूर्ण क्रांति की मंजिल तय की। लेकिन तीसरे दशक के जयप्रकाश ने आगे चलकर गांधी द्वारा शुरू की गई सार्वजनिक जीवन की परम्पराओं को जारी रखा। हालांकि गांधीजी की तुलना में जयप्रकाश ने गांधी के कार्यक्रमों को अमली रूप देते वक्त देश व भारतीय समाज की चिंता को सामने रख कर प्रयोग किये थे। वे प्रायः ऐसी विचारधाराओं की खोज में रहते थे जो उनकी आवश्यकताओं को पूरी कर सके। ताकि गांधी विचारधारा का विकास हो सके और देश का मानव तंत्र सत्य, अहिंसा के आधार पर दूषित संस्कृति को बदलकर सामाजिक व्यूह रचना में लग सके। किसी भी विषय में तथ्यों की खोज की एक अदम्य आकांक्षा उनमें सदैव बनी रहती थी। यही कारण था कि कोई मत, वाद संस्था अथवा संगठन व सम्प्रदाय उनके जीवन व व्यक्तित्व को अपनी सीमा में कैद नहीं कर सके। शायद इसीलिए उनका व्यक्तित्व किसी भी विचारधारा में न तो सीमित हुआ और न ही परिमित।

जयप्रकाश नारायण स्वतंत्रता को लोकतंत्र में सबसे ऊंचा स्थान देते थे। वे आजादी को ही मनुष्य के लिए उसका आदर्श मानते थे। एक स्वतंत्रचेता भारतीय होने के नाते जे.पी. का संपूर्ण क्रांति का दर्शन एक तत्कालीन आवश्यकता न होकर राजनीतिक विचारधारा में परिवर्तन का दिशा संकेत था। यही वजह थी कि जे.पी. देश व जनता की नब्ज को बखूबी पहचानते थे। जे.पी. के विचारों की गंभीरता को समझने हेतु स्वतंत्रता व लोकतंत्र के बाद समग्र क्रांति का दर्शन समझना जरूरी है। यह उनके अंतर मन का परिणाम था जो वे साल के दशक में ही वे महसूस करने लग थे। समग्र क्रांति के जरिये थे भारत के राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक ढांचे में बुनियादी परिवर्तन लाने के हामी थे। राजनीतिक क्षेत्र में लोकतंत्र, आर्थिक क्षेत्र में समाजवाद व सामाजिक क्षेत्र में समानता के ये प्रबल पक्षधर थे। जे.पी. हालांकि पश्चिमी विचारधारा मार्क्सवाद से अवश्य ही प्रभावित थे, किंतु उनका मार्क्स एवं अन्य साम्यवादी विचारधाराओं से विरोध भी था, जिसमें शोषणहीन समाज की स्थापना हथियार बंद क्रांति से जुड़ी थी। जे.पी. हिंसा के हर स्तर के विरोधी थे। स्व. जयप्रकाश नारायण के क्रांति शब्द की व्याख्या आने वाली पीढ़ी शब्द कोषों और पुस्तकों की मदद से कर भी पायेगी या नहीं लेकिन जिन लोगों ने जे.पी. को बहुत करीब से देखा है, उन्होंने यही कहा है कि महात्मा गांधी की सबसे बड़ी उपलब्धि थी भारतीय आत्मा से समझौता और सत्ता से अलग लोकनायक का जीवन गांधी ने जहां इतिहास को ठहराव दिया था, वहीं से जयप्रकाश नारायण ने शुरूआत की थी। दोनों के जीवन में सबसे बड़ी समानता भी यही थी कि झूठ से संधि न की जाये अपनी बात निर्भयता से कह दी जाए तथा सत्ता से व्यवस्था को श्रेष्ठ और अलग माना जाये। राष्ट्रपिता को देश ने जो सम्मान व गौरव दिया, वहीं गौरव तथा सम्मान वर्षों बाद सत्ता से अलग व बाहर रहकर यदि किसी को मिला तो वह लोकनायक जय प्रकाश नारायण को ही मिला।

आज जे.पी. हमारे बीच नहीं हैं, उनके जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण परम्पराएं.. आदर्श व मूल्य उनके साथ ही समाप्त हो गये हैं। जो बात जयप्रकाश जी में थी, वह आज नेताओं में देखने को नहीं मिलती।

**चेतन चौहान-सुमन सागर**

## आपके पत्र

### असहमति और विरोध की परिणति हिंसा या युद्ध नहीं

किसी विचार या मुद्दों से असहमत होने का मतलब हिंसा प्रतिफल के रूप में नहीं हो सकती है। विचारों से असहमति और विरोध का सबसे क्रूर और हिंसात्मक ताजा-ताजा परिणाम फिलिस्तीन इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है जिसमें 2000 लोगों की जान चली गई और 5000 लोगों से ज्यादा घायल मानव शरीर कराह रहे हैं, दूसरी तरफ रूस-यूक्रेन युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है।

आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं, जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू-मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमा चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है वहीं दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्वहीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्गविहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है।

**संजीव ठाकुर**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश


## फिलीपींस में सड़क दुर्घटना में चार की मौत, तीन घायल

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपीन शहर ज़ाम्बोआंगा में सूअरों को ले जा रहा एक ट्रक मंगलवार की सुबह राजमार्ग पर एक अन्य ट्रक से टकरा गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। ज़ाम्बोआंगा सिटी पुलिस के पुलिस कप्तान जॉन अगस्टिन ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हुई दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक सूअर भी मारे गए। श्री अगस्टिन के अनुसार, चारों मृतक ट्रक के यात्री थे। उन्होंने कहा, टक्कर के प्रभाव के कारण सूअर भी मारे गए ।

# इजराइल ने 1700 से अधिक जगहों को निशाना बनाया

- इजराइल ने कहा, पहली बार हुई इतनी मौतें
- गाजा में मस्जिदों पर भी इजराइल के हमले





**यरूशलम,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइल और हमास के बीच चौथे दिन भी जंग जारी रही। हमास ने गाजा से 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था। इसके साथ ही उसके लड़ाकों ने इजराइल से 150 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया। इजराइल ने गाजा पर जवाबी हमले में अब तक करीब 1,700 से अधिक जगहों को निशाना बनाया है। इस दौरान उसने कई मस्जिदों पर भी हमला किया।

इजराइल ने अपनी सेना को सोमवार को पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे करने का आदेश दे दिया है। इजराइल ने गाजा में कई मस्जिदों पर भी हमले किए हैं। इनमें से चार मस्जिद शती रिफ्यूजी कैंप में थीं, जो पहले से ही गाजा पट्टी के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। इजराइली सेना ने कहा है कि हमास के गाजा में रिहायशी इलाकों में ठिकाने हैं। वो यहीं से ऑपरेट करता है। इजराइल के मुताबिक, इसमें एक मस्जिद भी शामिल है जिस पर उसने हमला किया है। गाजा की तरफ से हो रहे हमलों के बीच इजराइल ने बॉर्डर के पास रह रहे लोगों को वहां से हटाया है। इजराइल के फॉरेन प्रेस रिलीज के मुताबिक, देश की स्थापना से लेकर अब तक पहली बार इजराइल में एक दिन में इतनी मौतें हुई हैं। इजराइल पर हमास का सरप्राइज अटैक पिछले 50 सालों का सबसे बड़ा हमला है। शनिवार की सुबह इजराइल पर हमले शुरू हुए। हमास के लड़ाकों ने इजराइली नागरिकों पर गोलीबारी की।

## तुर्की, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष में मध्यस्थता करने के लिए तैयार



**अंकारा।** तुर्की ने कहा कि वह इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष में मध्यस्थता करने के लिए तैयार है। तुर्की ने राजनयिक चैनलों के माध्यम से इस संबंध में सूचित किया, जिसमें दोनों देशों के नेताओं की एक बैठक आयोजित करना भी शामिल है। राजनयिक सूत्रों ने कहा कि सोमवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने दोनों नेताओं (इस्राइल और फिलिस्तीन) के साथ फोन पर बातचीत की थी। बातचीत बहुत रचनात्मक थी। राष्ट्रपति ने दोनों पक्षों से संघर्ष विराम और बातचीत बहाल करने की अपील की। इस बीच, राजनयिक चैनलों के माध्यम से, अंकारा ने दोनों पक्षों को नेताओं की एक बैठक आयोजित करने सहित किसी भी संभावित रूप से मध्यस्थता करने के लिए अपनी तत्परता के बारे में सूचित किया।

## गाजा में विस्थापितों की संख्या बढ़कर 187,518 हुई

**गाजा।** संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, इजरायल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण गाजा पट्टी में विस्थापित लोगों की संख्या मंगलवार तक बढ़कर 187,518 हो गई है। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने अपने लेटेस्ट अपडेट में कहा, पिछले 24 घंटों में गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर विस्थापन बढ़कर 187,518 तक पहुंच गया है। इस संख्या के और बढ़ने की संभावना है। ओसीएचए ने कहा कि कुल विस्थापित व्यक्तियों में से 137,427 वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) द्वारा संचालित स्कूलों में शरण ले रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 11 अक्टूबर, 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 12

### राशिफल

मेष -आज आप का दिन मध्यम फलदायी हैं। आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। आप शारीरिक थकान का अनुभव करेंगे। संभव हो तो प्रवास टालें। किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें।

वृषभ -आज आप का दिन मध्यम फलदायी है। आप किसी भी काम को दृढ़ मनोबल एवं पूर्ण विश्वास के साथ करें। पिता एवं पैतृक संपत्ति से लाभ होने के योग हैं। आप के प्रति पिता का व्यवहार भी अच्छा रहेगा।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए अच्छा और लाभदायी होगा। मित्र, बंधु-बांधवों एवं पड़ोसियों के साथ आप के संबंध अच्छे रहेंगे। आर्थिक रूप से आप सजग रहेंगे।

कर्क -आज का दिन मध्यम फलदायी है। आपके मन में ग्लानि रहेगी। जो भी काम करेंगे, उसमें आपको संतोष नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा नहीं रहेगा। दांयी आंख में परेशानी होने की आशंका बनी रहेगी।

सिंह -आज आपका दिन शुभ फलदायी है। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। हर काम को दृढ़ निश्चय के साथ पूरा कर पाएंगे। सरकारी कामों में या सरकार से लाभ होगा। पिता तथा बड़ों का सहयोग मिलेगा।

कन्या -आपका दिन शारीरिक एवं मानसिक चिंता के बोझ में रहेगा। आज किसी के भी साथ आपके इगो का टकराव न हो इसका विशेष ध्यान रखें। कोर्ट-कचहरी में सावधानी रखें। आकस्मिक धन खर्च होगा।

तुला -आज का दिन शुभ फलदायी है। आज आपको कई तरह के लाभ होने के योग हैं। मित्रों के साथ मिलना-जुलना और कुछ मनोहर स्थलों पर घूमने जाने की संभावना बनी रहेगी। गृहस्थ जीवन में पुत्र एवं पत्नी से सुख की प्राप्ति होगी।

वृश्चिक -आज का दिन शुभ फलदायी है। आपके गृहस्थ जीवन में आनंद और उल्लास बना रहेगा। आपके सभी काम बिना अवरोध के पूरे होंगे। मान-सम्मान मिल सकता है। नौकरी, व्यवसाय में पदोन्नति होगी।

धनु -आज किसी भी तरह की यात्रा को टालना आपके हित में रहेगा। आज आपके शरीर में थकान रहेगी। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहेगा। मन में व्याकुलता रहेगी। संतान के विषय में चिंता हो सकती है। व्यवसाय में बाधा उत्पन्न होगी।

मकर -आपके कार्यालय एवं व्यापार में परिस्थिति आपके अनुकूल होगी। आज समय पर ऑफिस के काम पूरे कर पाएंगे। व्यापार तथा सामाजिक काम के लिए बाहर जाने के अवसर मिल सकता हैं।

कुंभ -आज आप में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास बहुत ज्यादा रहेगा। मैरीड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। छोटा प्रवास या आनंददायी पर्यटन का योग बना रहेगा।

मीन -आज आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप आत्मविश्वासी बने रहेंगे। आरोग्य खूब अच्छा रहेगा। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। दैनिक काम अच्छी तरह से कर पाएंगे।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1521- पोप लियो दशम ने इंग्लैंड के राजा हेनरी अष्टम को 'आस्था के रक्षक' की उपाधि दी।

1737- कलकत्ता (अब कोलकाता) में आए चक्रवाती तूफान में लगभग तीन लाख लोगों की मौत हो गयी।

1862- वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिशन ने अपनी पहली खोज इलेक्ट्रिक वॉइस मशीन का पेटेंट हासिल किया।

1881- अमेरिकी आविष्कारक डेविड हेंडरसन हॉस्टन ने कैमरों के पहले रोल फिल्म का पेटेंट कराया।

1902- लोकनायक के नाम से प्रसिद्ध राजनेता और स्वतंत्रता सेनानी जयप्रकाश नारायण का जन्म।

1911- स्वामी विवेकानन्द की सहयोगी एवं समाज सेविका सिस्टर निवेदिता का निधन।

1930- जवाहरलाल नेहरू को नैनी सेंट्रल जेल से रिहा किया गया।

1932- पहली बार राजनीतिक कार्यक्रम का प्रसारण सीबीएस ने न्यूयॉर्क में किया।

1942- बॉलीवुड महानायक अमिताभ बच्चन का जन्म।

1968- अमेरिका का पहला मानवयुक्त ओपोलो मिशन 'अपोलो 7' के प्रक्षेपण का कक्षा से पहली बार टेलीविजन प्रसारण किया गया।

1984- अमेरिकी अंतरिक्ष वैज्ञानिक कैथरीन डी सुलिवन अंतरिक्ष में सैर करने वाली पहली महिला अंतरिक्ष यात्री बनी।

1994- अमेरिका में कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में समलैंगिक विरोधी अधिकारों को असंवैधानिक घोषित कर दिया।

2000- दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड द्वारा हैन्सी क्रोनिए पर आजीवन प्रतिबंध।

## फिजी की आजादी के 53 साल पूरे होने पर जश्न

**सुवा,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिजी में सार्वजनिक अवकाश के दिन आजादी के 53 साल पूरे होने पर देशवासी सड़कों पर जश्न मना रहे हैं। फ़िजी के राष्ट्रपति रातू विलियामे काटोनिवेरे ने पिछले 53 वर्षों में फ़िजी की प्रगति और आधुनिकीकरण को आकार देने वाले योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में श्री काटोनिवेरे ने फिजी के पुनर्निर्माण, समावेशिता का जश्न मनाने और कमजोर लोगों को सशक्त बनाने में देश की एकता पर जोर दिया। श्री काटोनिवेरे ने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु लचीलेपन के लिए एक सुस्पष्ट ढांचे की आवश्यकता पर भी जोर दिया। फिजी के प्रधानमंत्री सित्विनी राबुका ने कहा कि प्रशांत क्षेत्र को अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और जलवायु परिवर्तन के खतरे बड़े पैमाने पर मंडरा रहे हैं, जिसका प्रभाव द्वीपों और समुदायों पर पड़ रहा है।

## युद्ध जारी रहने के कारण 1.9 करोड़ सूडानी बच्चे नहीं जा पा रहे स्कूल



■ संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में 10,400 स्कूल बंद कर दिए गए

**संयुक्त राष्ट्र,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच युद्ध अगले सप्ताह छह महीने के करीब पहुंच जाएगा। इसको लेकर यूनिसेफ और सेव द चिल्ड्रेन ने एक संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि सूडान में अनुमानित 19 मिलियन बच्चे इसके चलते स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बयान के हवाले से बताया कि कुल मिलाकर, लगभग 6.5 मिलियन बच्चों ने अपने क्षेत्र में बढ़ती हिंसा और असुरक्षा के कारण स्कूल तक पहुंच खो दी है, संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में कम से कम 10,400 स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इस बीच युद्ध से कम प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले 5.5 मिलियन से अधिक बच्चे स्थानीय अधिकारियों की पुष्टि करने की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि क्या कक्षाओं को फिर से खोला जा सकता है। सूडान में 23 मिलियन बच्चे हैं, जो देश की कुल आबादी का लगभग आधा हिस्सा है। 15 अप्रैल को संघर्ष शुरू होने से पहले ही लगभग 70 लाख बच्चे स्कूल से बाहर थे। दोनों एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि यदि युद्ध जारी रहता है, तो आने वाले महीनों में सूडान में कोई भी बच्चा स्कूल नहीं जा पाएगा, जिससे उन्हें विस्थापन, सशस्त्र समूहों द्वारा भर्ती और यौन हिंसा सहित तत्काल और दीर्घकालिक खतरों का सामना करना पड़ेगा। वहीं सामाजिक सेवाओं पर खर्च में भारी गिरावट आई है, सशस्त्र संघर्ष शुरू होने के बाद से लगभग सभी राज्यों में शिक्षकों को अपना वेतन नहीं मिल रहा है।

## म्यांमार में विस्थापित लोगों के शिविर पर तोपखाने के हमले में 29 की मौत



**नाएप्यीडॉ,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीनी सीमा के पास उत्तर-पूर्व म्यांमार में एक विस्थापित लोगों के शिविर पर तोपखाना हमले में कई बच्चों सहित कम से कम 29 लोग मारे गए हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि यह शिविर काचिन इंडिपेंडेंस आ ॅ र्ग ना इ ज े श न (केआईओ) द्वारा नियंत्रित क्षेत्र में है। केआईओ कई उन जातीय विद्रोही समूहों में से एक है जो कई दशकों से स्व-शासन के लिए लड़ रहे हैं। केआईओ के प्रवक्ता ने बीबीसी को बताया कि सभी मारे गये सभी लोग आम नागरिक है। यह काचिन राज्य में 63 साल लंबे संघर्ष में सबसे घातक हमलों में से एक है। काचिन अधिकारियों का कहना है कि सैन्य सरकार से लड़ने वाले अन्य विद्रोही समूहों के बीच काचिन के बढ़ते समर्थन के कारण सशस्त्र हमलावरों ने पिछले कुछ सालों में आईओ द्वारा संचालित क्षेत्रों पर हमले बढ़ा दिए हैं। म्यांमार में 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद देश की निर्वाचित सरकार के विस्थापित होने के बाद से देश का अधिकांश हिस्सा व्यापक गृहयुद्ध में उलझ गया है। सत्ता पर कब्ज़ा करने के बाद से सेना ने विपक्ष-नियंत्रित कस्बों और गांवों के खिलाफ हवाई हमलों का तेजी से इस्तेमाल किया है।निर्वासित राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) ने शिविर पर हमले के लिए जुंटा को दोषी ठहराया है और इसे 'युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध' बताया है। जुंटा के प्रवक्ता मेजर जनरल ज़ॉ मिन तुन ने इस बात से इनकार किया कि हमले के पीछे सेना का हाथ है। उन्होंने दावा किया कि सेना ने क्षेत्र में कोई कार्रवाई नहीं की है और कहा कि हादसा 'संभवत:' भंडारित विस्फोटकों के कारण हुआ है। स्थानीय मीडिया द्वारा साझा की गई तस्वीरों में मलबे से शव निकाले जाते दिख रहे हैं।

## ऋण निपटारे पर चीन-श्रीलंका सहमत



**बीजिंग,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वनपिन ने मंगलवार को हुई प्रेस वार्ता में संबंधित सवाल के जवाब में बताया कि मैत्रीपूर्ण पड़ोसी और ईमानदार दोस्त के नाते चीन श्रीलंका की मौजूदा कठिनाइयों और चुनौतियों पर कड़ी नजर रखे हुए है और श्रीलंका के आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए मदद देता आया है।

इस सितंबर के अंत में आधिकारिक लेनदार के नाते चीनी आयात-निर्यात बैंक ने श्रीलंका के साथ चीन संबंधी कर्ज के निपटारे के बारे में प्रारंभिक तौर पर सहमति संपन्न की है।

उन्होंने बताया कि यह खुशी की बात है कि अन्य लेनदार अब श्रीलंका के कर्ज से निपटने की योजना पर विचार कर रहे हैं। न अपने देश की वित्तीय संस्थाओं द्वारा श्रीलंका के साथ सलाह-मशविरा जारी रखने का समर्थन करता है और संबंधित देशों व अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं के साथ श्रीलंका के कर्ज सवाल के समाधान के लिए सकारात्मक भूमिका निभाएगा। हम बहुपक्षीय संस्थाओं और वाणिज्यिक लेनदारों से एक साथ श्रीलंका के कर्ज सवाल के हल में भाग लेकर न्यायपूर्ण रूप से से जिम्मेदारी उठाने की अपील करते हैं।

**बयान** लावरोव ने नाटो के विस्तारवाद पर जमकर हमला बोला

## नाटो आसियान के आसपास मौजूदा क्षेत्रीय तानेबाने को कमजोर कर रहा

**मॉस्को, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के विस्तारवाद और पूरे पूर्वी गोलार्ध में अपने पदचिह्नों का विस्तार करने के प्रयास की आलोचना की है। रूसी विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर मंगलवार को प्रकाशित एक लेख में श्री लावरोव ने चेतावनी दी कि नाटो दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के आसपास मौजूदा क्षेत्रीय तानेबाने को कमजोर कर रहा है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भू-राजनीतिक तनाव का एक नया केंद्र बना रहा है।**



वाशिंगटन अपने नियंत्रण में सैन्य-राजनीतिक लघु गठबंधन बना रहा है, जैसे एयूकेयूएस (ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका), की तिकड़ी, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया टोक्यो की चौकड़ी। श्री लावरोव ने कहा कि इसके अलावा सोल, कैनबरा और वेलिंगटन और उन्हें नाटो के साथ व्यावहारिक सहयोग में शामिल कर प्रशांत क्षेत्र में अपने बुनियादी ढांचे को तैनात कर रहा है। श्री लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का उनकी संपूर्णता में पालन और अंतरसंबंध अंतर्राष्ट्रीय शांति और स्थिरता की गारंटी शीर्षक वाले लेख में कहा कि ये प्रयास आसियान के आसपास समावेशी, सर्वसम्मति-आधारित क्षेत्रीय वास्तुकला के लिए खतरा पैदा करते हैं।

## रक्षा पर 21.6 प्रतिशत खर्च करेगा यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने 2024 में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का कम से कम 21.6 प्रतिशत राष्ट्रीय रक्षा पर खर्च करने के एक आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि राष्ट्रपति के आदेश ने राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के फैसले को प्रभावी बनाया। यह फैसला यह निर्धारित करता है कि अगले साल यूक्रेन का रक्षा खर्च 46 अरब डॉलर से कम नहीं होगा। दस्तावेज ने सरकार को वर्तमान सैन्य-राजनीतिक स्थिति के आधार पर 2024 के राज्य मसौदा बजट में रक्षा क्षेत्र के वित्तपोषण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। यूक्रेन के 2023 के बजट में परिकल्पना की गई है कि वह रक्षा पर लगभग 31 बिलियन डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद का 18.2 प्रतिशत खर्च करेगा।

## सुडोकू 6343

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 5 | |
| 6 | 7 | | | 2 | | | 1 | 3 |
| 1 | | 3 | 6 | | | 2 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | | | | 2 | | | |
| 8 | 2 | | 5 | 9 | 6 | | 3 | 4 |
| | | | 1 | | | | 2 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | | | 3 | 1 | | 2 |
| 5 | 1 | | | 8 | | | 9 | 6 |
| | 8 | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6343

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. पूरी तरह शुद्ध और साफ
३. पूरी तरह पका हुआ
५. आंखों के सामने
६. दूरी, अंतर
७. युधिष्ठिर
८. समुद्र रूपी संसार
१३. नाजुक
१५. राजा, सम्राट
१६. हृष्ट-पुष्ट
१७. वीरता, तेज
१९. वास्तविक
२०. शासन द्वारा लगाया जाने वाला एक कर
२२. प्रधान, मुखिया (उर्दू)
२३. सभी लोगों के लिए

**ऊपर से नीचे:-**

१. उजागर, प्रत्यक्ष (उर्दू)
२. शुद्ध, मुनाफा
३. पक्षी, तरफदारी करने वाला
४. गरूड़ (उपमा)
५. तारीफ
९. इत्यादि (उर्दू)
१०. बेचैनी
११. चुप, खामोश
१२. प्रसन्नता
१४. एकाएक होने वाला
१७. कोशिश
१९. स्वाभाविक, सरल
२०. फौज
२१. पृथ्वी

### वर्ग पहेली-6342

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दु | रा | २ चा | री | ■ | ■ | ३ को | षा | ४ ल | य |
| र्व | ■ | टु | ■ | ५ नि | रा | ला | ■ | ग | ■ |
| ६ च | स | का | ■ | र्भी | ■ | ७ ह | रा | भ | रा |
| न | ■ | ८ र | ९ क्ष | क | द | ल | ■ | ग | |
| ■ | १० मु | ■ | ति | ■ | ■ | ■ | ११ सं | ■ | १२ म |
| १३ वा | ह | वा | ही | ■ | १४ म | ■ | १५ ज्ञा | प | न |
| ■ | ब्ब | ■ | १६ न | सी | ह | त | ■ | ■ | मा |
| १७ पू | त | ना | ■ | ■ | क | ■ | १८ आ | १९ सा | नी |
| ज | ■ | ■ | २० अं | शु | मा | २१ ली | ■ | कि | ■ |
| २२ न | वो | दि | त | ■ | ■ | २३ न | वी | न | ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### मानसिक परेशानियों से जूझ रहे हैं चीन और भारत के लोग

**बीजिंग,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया भर में करोड़ों लोग किसी न किसी परेशानी से जूझ रहे हैं। शारीरिक बीमारियों के साथ-साथ मानसिक समस्याओं ने भी लोगों को घेर कर रखा है। कोरोना महामारी के कारण बड़ी संख्या में लोग मानसिक रोगों की चपेट में आ गए हैं। इन चुनौतियों से न केवल उम्रदराज़ लोग त्रस्त हैं, बल्कि जवान भी। ताज़ा आंकड़ों की मानें तो अभी विश्व के 20 फीसदी बच्चे और किशोर मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। इतना ही नहीं 15 से 29 साल की उम्र के युवाओं के बीच मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण आत्महत्या है। भारत और चीन जैसे देश भी इन चुनौतियों से जूझ रहे हैं। जाहिर है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी आबादी वाले राष्ट्रों को अपने नागरिकों को मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने की दिशा में ध्यान देने की जरूरत है। चीन में लगभग दस प्रतिशत वयस्क डिप्रेशन की कगार पहुंच चुके हैं। जबकि किशोरों में मानसिक समस्या बड़ी चुनौती है। चीन के मुकाबले भारत की स्थिति ज्यादा खराब है। भारत में हर पांच में से एक व्यक्ति भावनात्मक और व्यवहार संबंधी समस्याओं से परेशान है।

# प्रादेशिकी

## 'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना के 227 लोगों ने जीते 13 लाख रुपए से अधिक के इनाम: चीमा

चंडीगढ़, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार की 'बिल लाओ इनाम पाओ' योजना के अंतर्गत सितम्बर महीने में 'मेरा बिल ऐप' पर बिल अपलोड करने वाले 227 विजेताओं ने 13,39,425 रुपए के इनाम जीते हैं। श्री चीमा ने कहा कि राज्य के अलग-अलग हिस्सों से इस स्कीम के प्रति मिले उत्साह के बारे में इस बात से पता लगता है कि विजेताओं में से अमृतसर से 14, बरनाला, गुरदासपुर और फरीदकोट से 10-10, श्री मुक्तसर साहिब, बठिंडा और मोगा से नौ-नौ, टैक्सेशन जिलों फतेहगढ़ साहिब, साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर, पटियाला, कपूरथला, पठानकोट, फ़िरोज़पुर, फाजिल्का, होशियारपुर और तरनतारन से आठ-आठ, शहीद भगत सिंह नगर और रूपनगर से सात-सात, मानसा जिला से छह और टैक्सेशन ज़िला संगरूर से पांच विजेता शामिल हैं।

# अब कुमाऊं में भी बढ़ेगा पर्यटन : धामी

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उत्तराखंड से विशेष लगाव है। पीएम मोदी इसीलिए अक्सर उत्तराखंड आते रहते हैं। पीएम मोदी अभी तक आधा दर्जन से ज्यादा बार तो केदारनाथ धाम ही आ चुके हैं। अब वो 12 अक्टूबर को उत्तराखंड आ रहे हैं। पीएम मोदी का पिथौरागढ़ में दौरा है। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन के साथ ही उत्तराखंड बीजेपी भी पीएम मोदी के दौरे को यादगार बनाने के लिए बहुत पसीना बहा रही है। सीएम धामी तो पीएम के दौरे से दो दिन पहले ही पिथौरागढ़ पहुंच चुके हैं।

■ पीएम के पिथौरागढ़ दौरे को लेकर सीएम उत्साहित

■ पीएम मोदी अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे

सीएम धामी ने कहा कि पीएम मोदी जॉलीकांग, पार्वती कुंड, आदि कैलाश, गुंजी और जागेश्वर धाम आएंगे। इसी के साथ पीएम मोदी पिथौरागढ़ में एक विशाल रैली को भी संबोधित करेंगे। सीएम धामी ने कहा कि पीएम मोदी अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मोदी पीएम बने तो उसके बाद से गढ़वाल इलाके में ऑल वेदर रोड शानदार बन गई हैं। सीएम धामी ने कहा कि विकास योजनाओं और अच्छी सड़कों के कारण चारधाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। इन विकास परियोजनाओं से पर्यटक भी उत्तराखंड के कोने-कोने तक पहुंचेंगे। सीएम धामी ने कहा कि पीएम मोदी के दौरे से उत्तराखंड के कुमाऊं इलाके का भी धार्मिक और रोमांचक पर्यटन बढ़ेगा।



### सीएम धामी पहुंचे पिथौरागढ़

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पीएम मोदी के दौरे के मद्देनजर पिथौरागढ़ पहुंच चुके हैं। सीएम ने पिथौरागढ के बीजेपी कार्यालय में पीएम के कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। पीएम मोदी का विमान पिथौरागढ़ के नैनी सैनी हवाई अड्डे पर उतरेगा। सीएम धामी ने पीएम मोदी के दौरे के मद्देनजर पिथौरागढ़ के नैनी सैनी हवाई अड्डे पर भी बैठक की। पीएम के एक दिवसीय दौरे से पहले प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तैयारी से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई।

### 12 अक्टूबर को मोदी पिथौरागढ़ में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिथौरागढ़ दौरे को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 12-13 अक्टूबर को पीएम मोदी उत्तराखंड के दौरे पर आ रहे हैं। उत्तराखंड के लोगों के लिए यह बहुत खुशी का पल होगा कि पीएम मोदी राज्य का दौरा करेंगे। वह एक विशाल कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। पिथौरागढ़ में रैली व कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी करेंगे।

## पीएम मोदी के दौरे पर विपक्ष ने उठाए सवाल

**हल्द्वानी,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 को कुमाऊं दौरे पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। ऐसे में विपक्ष ने पीएम मोदी के दौरे पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि प्रधानमंत्री को उत्तराखंड के दौरे के बजाय मणिपुर की दौरे की जरूरत है। उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रचार मंत्री कहते हुए कहा कि जिस समय मणिपुर में महिलाओं का अपमान हो रहा था, उस समय प्रधानमंत्री वहां क्यों नहीं गए। इस समय मणिपुर हिंसा से जल रहा है, प्रधानमंत्री को वहां जाने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड आ रहे हैं लेकिन उत्तराखंड को फिर से कोई घाव न दें जाए। उन्होंने कहा कि जिस समय वह केदारनाथ आए थे, उस समय केदारनाथ बाबा के गर्भगृह में जाकर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कर नियम को तोड़ा गया। वहां से 230 किलो सोना चोरी हो गया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में कुछ भी नहीं बोले। उत्तराखंड के चर्चित अंकित मर्डर केस का प्रधानमंत्री ने आज तक जिक्र तक नहीं किया। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी इस बार आकर उत्तराखंड के लोगों की भावनाओं के साथ खेलने का प्रयास ना करें।

# हिमाचल पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार : सुन्दर सिंह ठाकुर

**शिमला,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव-2023 तथा भारत अंतरराष्ट्रीय नृत्य एवं संगीत उत्सव के 9वें संस्करण के उपलक्ष्य में आज नई दिल्ली में एक पूर्वावलोकन (कर्टन रेज़र) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार और भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (आईसीसीआर) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य संसदीय सचिव एवं अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आयोजन समिति के अध्यक्ष सुन्दर सिंह ठाकुर ने दशहरा उत्सव पर एक टीज़र जारी कर एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। इस अवसर पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में सुन्दर सिंह ठाकुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव 17वीं शताब्दी से आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष 24 से 30 अक्तूबर तक यह उत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रघुनाथ जी की रथयात्रा के साथ इस उत्सव का आगाज होता है और इसमें 300 से अधिक स्थानीय देवी-देवता भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष दशहरा उत्सव में 25 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय कार्निवल तथा 30 अक्तूबर को कुल्लू कार्निवल भी आकर्षण के मुख्य केन्द्र होंगे।



■ नई दिल्ली में कुल्लू दशहरा उत्सव के उपलक्ष्य में पूर्वावलोकन कार्यक्रम का आयोजन

उन्होंने कहा कि कुल्लू दशहरा में इस बार अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक उत्सव का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 20 देशों के प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें रूस, रोमानिया, कजाकिस्तान, क्रोएशिया, वियतनाम, थाईलैंड, ताइवान, पनामा, ईरान, मालदीव, मलेशिया, केन्या, दक्षिणी सुडान, जाम्बिया, घाना और इथोपिया इत्यादि देशों से कलाकार शामिल हैं। सुन्दर सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार दशहरा उत्सव को एक वैश्विक आयोजन बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने आपदा के उपरान्त युद्ध स्तर पर राहत एवं पुनर्वास कार्यों का संचालन किया है। उन्होंने कहा कि चण्डीगढ़ से कुल्लू तक सड़क मार्ग से यात्रा के समय में लगभग दो घण्टे की अवधि कम हुई है और चार घण्टे में यह सफर तय किया जा सकता है। इस मार्ग में 15 में से 13 यातायात सुरंगें वाहनों के लिए खुल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए दिल्ली, चण्डीगढ़ और अमृतसर से कुल्लू तक हवाई सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद की उप-महानिदेशक अनु रंजन ने कुल्लू दशहरा उत्सव में सांस्कृतिक दलों की उपलब्धता सहित परिषद की ओर से अन्य सहयोग के बारे में जानकारी प्रदान की। सहायक उपायुक्त कुल्लू शशिपाल नेगी ने मेहमानों का स्वागत किया और कुल्लू दशहरा उत्सव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## सार संक्षेप

### 20 मीटर गहरी खाई में गिरने से अधेड की मौत

**रुद्रप्रयाग।** अगस्तयमुनि क्षेत्र सिल्ली के पास एक व्यक्ति खाई में गिर गया। जिसकी सूचना पर एडीआरएफ मौके पर पहुंची और खाई में गिरे व्यक्ति का शव खाई से निकाला। मृतक की पहचानर नवीन वशिष्ठ पुत्र शिव प्रसाद वशिष्ठ निवास मेकोटी रुद्रप्रयाग के रूप में हुई। मंगलवार को थाना अगस्तयमुनि ने एसडीआरएफ को सूचना दी कि अगस्तयमुनि क्षेत्र में सिल्ली के पास एक व्यक्ति खाई में गिर गया है, जिसके रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ की टीम की आवश्यकता है। सूचना पर एएसआई हरीश बंगारी एसडीआरएफ टीम के साथ रेस्क्यू उपकरण लेकर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुँचकर एसडीआरएफ टीम को ज्ञात हुआ कि खाई में गिरने वाला व्यक्ति तिलवाड़ा से अगस्तयमुनि मार्ग पर जा रहा था व अचानक मोटर वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया जिसमें उक्त व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। घटनास्थल पर पहुँचकर एसडीआरएफ की टीम ने 20 मीटर खाई में उतरकर उक्त व्यक्ति के शव को बॉडी बैग में डालकर स्ट्रेचर से पैदल मार्ग से होते हुऐ मुख्य मार्ग तक पहुँचाया व अग्रिम कार्रवाई के लिए जिला पुलिस के सुपर्द किया गया।

### हरिद्वार मेट्रो हॉस्पिटल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र स्थित मेट्रो अस्पताल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा रहा है कि मरीज के साथ आए परिजन इलाज कर रहे एक डॉक्टर पर लापरवाही और मरीज की जान लेने का आरोप लगा रहे हैं। इसी बीच परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को शांत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामलाल निवासी ज्वालापुर पीठ बाजार को लीवर में खराबी होने के चलते सिडकुल स्थित मेट्रो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि श्यामलाल का इलाज कर रहे डॉक्टर ने सप्ताह भर बीत जाने के बाद भी उन्हें सही जानकारी नहीं दी। साथ ही उनके इलाज में लापरवाही भी करता रहा। जिसके बाद परिजनों द्वारा मामले की शिकायत प्रबंधक से की गई। जिसके बाद अस्पताल के प्रबंधन द्वारा उनको आश्वासन देते हुए बात को टाल दिया। इसी बीच सोमवार को श्यामलाल की उपचार के दौरान मौत हो गई। श्यामलाल के बेटे ने बताया कि 15 दिन से अधिक हो जाने के बाद भी कोई डॉक्टर मरीज को देखने तक नहीं आया और हालात सुधरने की बजाए बिगड़ने लगी थी। वहीं, सिडकुल के थाना प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### सुडोकू 6343 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 6 | 7 | 5 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 9 | 4 | 3 | 2 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 6 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 5 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 6 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 | 4 | 7 |

# कोविड काल में प्रदेश वासियों पर नियमों की अवहेलना को लेकर दर्ज मामलों को वापस लेगी सरकार

**शिमला,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। हिमाचल सरकार कोविड काल में प्रदेश वासियों पर नियमों की अवहेलना को लेकर दर्ज मामलों को वापस लेगी। सरकार ने इस बारे तमाम जिलाधीशों को निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ बैठक में भाग लेने शिमला पहुंचे उपायुक्तों को मुख्यमंत्री ने कहा कि है कि गल्तियां सभी से हो जाती हैं। कोरोना काल में कई लोगों से गल्तियां हुई। नियमों के खिलाफ जाकर वह लोग घरों से निकल गए जिनके खिलाफ मामले दर्ज हुए हैं। बड़ी संख्या में ऐसे मामले दर्ज हैं जिनको सरकार वापस लेगी। शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कोविड एक बड़ी महामारी थी और उस वक्त कई लोगों को नियमों का भी पता नहीं था। ऐसे में उनसे गल्तियां हो गई परंतु उनपर दर्ज मामले वापस नहीं हुए। इसलिए सरकार ने इस संबंध में सभी जिलाधीशों को आदेश दिए हैं कि तुरंत इन मामलों को वापस लिया जाए।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार किया जाना है। मगर अभी यह विस्तार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हाइकमान के सामने यह पूरा मामला है और उनकी मंजूरी मिलने के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एक अन्य सवाल पर कहा कि सभी जिलाधीशों को ई.ऑफिस से जोड़ा जाएगा ताकि उनके काम में तेजी आए। शिमला में सभी मु यालयोंए सभी विभागाध्यक्षों, सभी सचिवों को सचिवालय के स्तर पर ई.ऑफिस से जोड़ दिया गया है लिहाजा अब उपायुक्तों को भी इस व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। इससे तेजी के साथ काम होंगे और गुड गवर्नेंस की तरफ सरकार आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि अच्छे शासन के लिए अच्छा प्रशासन होना जरूरी है। ऐसे में ई.ऑफिस फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने बताया कि जिलाधीशों के साथ बैठक में शिक्षा क्षेत्र और माइनिंग से जुड़े कई मुद्दे सामने आए हैं जिनको लेकर सरकार कैबिनेट की बैठक में चर्चा करेगी। इनपर सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे।

आपदा राहत को लेकर एक सवाल पर सीएम ने कहा कि केन्द्र सरकार से तीसरी टीम भी यहां पर आ गई है जिसके साथ कई मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। राज्य ने 10 से 12 हजार करोड़ रूपए की राशि का मुआवजा केन्द्र सरकार से मांगा है जो दावेदारी जता दी गई है। मगर अभी तक विशेष रूप से केन्द्र सरकार ने कोई मदद हिमाचल की नहीं है। अब तीसरी टीम भी पहुंची है और देखते हैं कि वो क्या रिपोर्ट देगी। उन्होंने कहा कि आपदा के समय में वह कुल्लू व मंडी गए थे और वहां के जिलाधीशों व पुलिस अधीक्षकों ने आपदा में राहत पहुंचाने का बेहतर काम किया है।

## हरियाणा में आशा वर्कर्स ने 20 अक्टूबर तक बढ़ाई हड़ताल

**सिरसा,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सिरसा में विभिन्न मांगों को लेकर आशा वर्कर्स का धरना 63वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान दर्शना रानी ने की। उन्होंने बताया कि सरकार के अडियल एवं मांगों के प्रति घोर उपेक्षापूर्ण रवैए से नाराज हड़ताली आशा वर्कर्स ने हड़ताल को 20 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है और 18 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी व जेजेपी के मंत्रियों के आवास पर 24 घंटे के पड़ाव डालने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद भी सरकार की हठधर्मिता जारी रही तो 30 अक्टूबर को संसद पर आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दो माह से अधिक समय हड़ताल को हो चुका है, लेकिन आज तक मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के पास आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के साथ बातचीत करने का समय तक नहीं है। उन्होंने बताया कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम कर रहे हैं और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जा रहा है। राज्य की बीस हजार आशा वर्कर भी बेटी है।

# नगर पालिकाओं का कार्यक्रम घोषित नहीं करने पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

**नैनीताल,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अभी तक सरकार और राज्य चुनाव आयोग द्वारा नगर पालिकाओं के चुनाव का कार्यक्रम घोषित नहीं किए जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि अभी तक चुनाव प्रक्रिया क्यों प्रारम्भ नहीं की। उत्तराखंड में पालिकाओं का कार्यकाल 2 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। नैनीताल हाईकोर्ट ने राज्य चुनाव आयोग से भी यह बताने को कहा है कि चुनाव कराने के लिए उनकी क्या तैयारी है? राज्य चुनाव आयोग से इस संबंध में दो सप्ताह के भीतर शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को बताने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 1 नवंबर की तिथि नियत की है।

**सरकार व राज्य चुनाव आयोग ने मांगा जवाब**

मामले के अनुसार जसपुर निवासी अनीस ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि जसपुर नगर पालिका सहित प्रदेश की नगर पालिकाओं का कार्यकाल 2 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। परन्तु



सरकार ने अभी तक इनके चुनाव की घोषणा तक नहीं की है। याचिकाकर्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश किशन सिंह तोमर बनाम केंद्र सरकार में निर्णय देते हुए कहा है कि पालिकाओं के पांच वर्षीय कार्यकाल समाप्त होने से छह माह पहले चुनावी कार्यक्रम घोषित किया जाये। जिससे नए बोर्ड का गठन तय समय के भीतर हो सके। लेकिन अभी दो माह से कम का समय बचा है, परन्तु सरकार ने चुनाव कराने हेतु कार्यक्रम घोषित तक नहीं किया है।



# उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण की 17वीं बोर्ड बैठक आयोजित

**देहरादून,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। आवास मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण की 17वीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता की। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले कोई भी विषय लम्बित ना रहे इसके लिए लगभग प्रत्येक 3 माह में एक बोर्ड बैठक सुनिश्चित की जाए।

**मंत्री अग्रवाल ने की बैठक की अध्यक्षता**

मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत पार्किंग के संबंध में दिसम्बर 2023 तक डीपीआर तैयार करते हुए पार्किंग स्थलों का चयन, निर्माण तथा लोकार्पण निश्चित समयावधि के अंतर्गत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में बढ़ रहे पर्यटन को देखते हुए पार्किंग की सुविधाओं को बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है जिसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) के अंतर्गत उत्तराखण्ड आवास एवं विकास परिषद की कुल 20 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) के लाभार्थियों को आ रही बैंक संबंधी समस्याओं के जल्द निराकरण हेतु भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# छात्र संघ चुनाव को लेकर बैठक आयोजित

**श्रीनगर,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर में बिड़ला परिसर के स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर में मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रोफेसर ओ के बेलवाल के अध्यक्षता में नगर प्रशासन के साथ आगामी 14 अक्टूबर को होने वाले बिड़ला परिसर में छात्र संघ चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के संदर्भ में आज आयोजित की गई। इस बैठक में एस डी एम श्रीनगर श्रीमती नूपुर वर्मा ने कहा कि छात्र संघ चुनाव में नगर प्रशासन का पूर्ण सहयोग मिलेगा और थाना प्रभारी कोतवाल श्री विनोद गुसाई ने कहा कि विश्व विद्यालय में छात्र संघ चुनाव में लॉ एंड ऑर्डर का पूर्ण रूप से पालन किया जायेगा । मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने शांति पूर्ण चुनाव संपन्न कराने हेतु मुख्य नियंता प्रोफेसर बी पी नैथानी जी ने नियंता मंडल के सदस्यों की अनुशासन समिति गठित की है । जो कि चुनाव के समय परिसर का भ्रमण करेगें। मतदान दिवस के दिन सभी मतदान कर्मी एवं मतदान अधिकारी एवं समस्त छात्र छात्राएं, कर्मी अपना परिचय पत्र के साथ परिसर में मतदान के दिन प्रवेश करेगें तथा मतदान केन्द्र में तथा मतगणना केंद्र में भी मोबाइल सभी कर्मियों का प्रतिबंध रहेगा । तथा मतगणना एवं मतदान दिवस के दिन मतदान शुरू होने से मतदान समाप्ति तक वीडियोग्राफी होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी नामांकित प्रतियाशियों को कल 12 बजे तक अपने आई कार्ड की छायाप्रति एवं फोटो तथा अपने अपने अभिकर्ताओं के नाम, आई कार्ड की छाया प्रति एवं फोटो, सहित बिड़ला परिसर के निर्वाचन कार्यालय में जमा। करा दें। डॉ राकेश नेगी मीडिया टीम छात्र संघ चुनाव।



■ कैमरे की नजर में होगा मतदान व मतगणना

## हरिद्वार में हत्यारी मां को आजीवन कारावास

**हरिद्वार,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। कनखल थाना क्षेत्र में छह माह के अबोध पुत्र की हत्या कर नहर में फेंकने वाली महिला को पंचम अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश चंद आर्य ने आजीवन कारावास व 21 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में गुमशुदा बच्चे की मां की भूमिका संदिग्ध पाई थी। पुलिस की सख्ती पर बच्चे की मां ने उसकी हत्या की बात कबूल कर ली थी। पूछताछ करने पर आरोपित ने बताया था कि घटना वाले दिन बच्चा अत्यधिक रो रहा था। चुप न होने पर बच्चे को बैग में रखकर आनंदमयी पुलिया पर ले गई थी, जहां बच्चे को नहर में डुबोकर हत्या कर फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपित संगीता बलूनी पत्नी दीपक बलूनी निवासी सर्वप्रिय विहार कनखल को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपित महिला जेल में ही बंद रही।

■ कनखल थाना क्षेत्र में की थी छह माह की बेटी की हत्या

# मुख्यमंत्री ने जिला सुशासन सूचकांक की वार्षिक रिपोर्ट-2022 जारी की

**शिमला,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां आर्थिकी और सांख्यिकी विभाग द्वारा तैयार हिमाचल प्रदेश जिला सुशासन सूचकांक पर वार्षिक रिपोर्ट-2022 जारी की। इस रिपोर्ट में आठ मूल विषय, 19 केन्द्र बिन्दु तथा 90 विशिष्ट कारक शामिल किए गए हैं।

इस अवसर पर ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लोगों के कल्याण के लिए सुशासन के साथ पारदर्शी व जवाबदेह सरकार अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और शासन की मूल इकाई जिला है। जिलों के प्रदर्शन को नागरिक कल्याण की योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन तथा समावेशी विकास के लिए विभिन्न महत्त्वपूर्ण सुशासन संकेतकों पर मापा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति और आगामी चुनौतियों के दृष्टिगत राज्य में विकास के प्रतिमानों में बदलाव की आवश्यकता है। हिमाचल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली व जल आपूर्ति सहित विविध क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विकास संकेतकों पर कई अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है और समावेशी तथा समग्र विकास के आदर्श राज्य के रूप में उभरा है।



जिला सुशासन सूचकांक की चौथी रिपोर्ट 12 जिलों के माध्यमिक आंकड़ों के आधार पर तैयार की गई है जिसके अन्तर्गत सभी जिलों के तुलनात्मक आंकलन के लिए सभी आंकड़े एकत्रित किए गए। उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का पहला राज्य है जिसने महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रशासन की गुणवत्ता मापने का कार्य शुरू किया है।

■ जिला कांगड़ा ने जीता 50 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार, हमीरपुर को द्वितीय और लाहौल-स्पीति को तृतीय पुरस्कार

■ भविष्य की चुनौतियों के दृष्टिगत राज्य में विकास के प्रतिमानों में बदलाव की आवश्यकता: मुख्यमंत्री

जिला सुशासन सूचकांक-2022 में आठ मूल विषय आवश्यक बुनियादी ढांचा, मानव विकास, सामाजिक संरक्षण, महिलाएं एवं बच्चे, अपराध, कानून एवं व्यवस्था, पर्यावरण, पारदर्शिता और जवाबदेही और आर्थिक प्रदर्शन शामिल हैं। दूसरे स्तर पर 19 केंद्र बिन्दु रखे गए हैं, जिनमें से प्रत्येक विषय के अन्तर्गत बिजली, पानी, सड़कें, शिक्षा, स्वास्थ्य, सार्वजनिक वितरण योजना, सामाजिक न्याय, रोजगार, बच्चों और महिलाओं से संबंधित विषय, हिंसक अपराध, कानून एवं व्यवस्था, अत्याचार, पर्यावरण उल्लंघन, वन क्षेत्र, पारदर्शिता और दायित्व, अर्थव्यवस्था में कृषि और संबद्ध क्षेत्र तथा वाणिज्य और उद्योग के रूप में योगदान से संबंधित मामले शामिल हैं। तीसरे स्तर पर 90 विशिष्ट कारकों के आधार पर जिलों में उपलब्ध आंकड़ों का एकीकरण तथा विश्लेषण किया गया है। जिला स्तर सूचकांकों के त्री-स्तरीय मूल्यांकन के आधार पर सभी 12 जिलों की रैंकिंग की गई है।

वर्ष-2022 की रैंकिंग के अनुसार, जिला कांगड़ा ने 50 लाख रुपये का प्रथम पुरस्कार, जिला हमीरपुर 35 लाख रुपए का द्वितीय पुरस्कार और जिला लाहौल-स्पीति ने 25 लाख रुपए का तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

# मीटिंग में हुड्डा व शैलजा गुट समर्थकों ने की हुटिंग

**सिरसा,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा जिला मुख्यालय पर कांग्रेस भवन में मंगलवार को जिलेभर के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक हुई। पर बैठक से पूर्व ही हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट व पार्टी की महासचिव कुमारी शैलजा गुट समर्थकों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर माहौल को गर्म कर दिया। बैठक में सिरसा लोकसभा के एआईएसीसी कॉर्डिनेटर कुलजीत सिंह बाछल व जिला सिरसा के एआईसीसी कॉर्डिनेटर सुखविंद्र सिंह कोटली (विधायक आदमपुर), पंजाब ने शिरकत की। इस बैठक में सेक्टर, मण्डल, ब्लॉक, संगठन बनाने के बारे में कांग्रेसजनों से सुझाव एवं विचार-विमर्श लिए जाने थे। इसके साथ-साथ बैठक में सभी मंडलों और ब्लॉकों में भी बैठक करने की रूपरेखा तैयार करने का एजेंडा था, लेकिन बैठक के शुरू होने से पहले ही हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट व पार्टी की महासचिव कुमारी शैलजा गुट समर्थकों ने एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर माहौल को गर्म कर दिया। देखते ही देखते मीटिंग कक्ष दोनों पक्षों के नारों से गुंजायमान हो गया। इस दौरान कुछ वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं व पदाधिकारियों ने मौके की नजाकत को देखते हुए माहौल को ठंडा करने के भरसक प्रयास किए, लेकिन दोनों ही गुट के समर्थक इस बात पर राजी नहीं हुए।

# प्रादेशिकी

## सर्राफ व्यापारी से नगदी व जेवरात से भरा झोला ले उड़े बाइक लुटेरे

**फर्रुखाबाद,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरे शाम भीड़ भाड़ वाले मुख्य बाजार में बाइक सवार लुटेरों द्वारा सर्राफ की नगदी व जेवरात का झोला लेकर भाग जाने की घटना से व्यापारियों में दहशत फैल गई। यह सनसनी खेज घटना शाम करीब 5 बजे थाना मऊदरवाजा एवं बीबीगंज पुलिस चौकी के रास्ते में शीशमहल मस्जिद के सामने सर्राफ श्याम वर्मा की दुकान की है। मोहल्ला बजरिया सालिगराम निवासी श्याम वर्मा ने श्याम 5.40 बजे दुकान बंद की। वह नकदी व जेवरात का झोला दुकान की पटिया पर रखकर सटर के ताले लगा रहे थे। उसी समय घात लगाए तीन युवक बाइक से श्याम वर्मा की दुकान के सामने पहुंचे। एक युवक बाइक से उतरकर श्याम वर्मा के निकट पहुंचा और उनके पास पटिया पर रखा झोल लेकर भागा।

# हरियाली व पर्यावरण के अनुकूल होंगी उप्र की सड़कें

- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 19 प्रस्तावों को दी मंजूर
- प्रथम चरण में 17 नगर निगमों में सड़क निर्माण संबंधी कार्यों की होगी शुरुआत
- 10-45 मीटर के बीच की सभी सड़कों को दिया जाएगा अत्याधुनिक रूप

**लखनऊ,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में बढ़ते नगरीकरण के कारण सड़कों पर आए अतिरिक्त वाहनों के बोझ को कम करने तथा आवागमन में सुगमता बनाए रखने के लिए योगी सरकार ने एक अभिनव पहल की है। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को प्रदेश के सभी शहरों की सड़कों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए 500 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) यानी 'सीएम ग्रिड्स योजना' को मंजूरी दे दी है। इससे शहरों की सभी सड़कों को सुरक्षित, टिकाऊ और समावेशी बनाया जाएगा तथा ये सड़कें हरियाली और पर्यावरण के अनुकूल होंगी।

यह महत्वाकांक्षी योजना प्रथम चरण में 17 नगर निगमों में सड़क निर्माण संबंधी कार्य होगा तथा 10-45 मीटर के बीच की सभी सड़कों को अत्याधुनिक सड़क के रूप में विकसित किया जाएगा। दूसरे चरण में 200 नगरपालिका और 545 नगर पंचायतों की सड़कों को शामिल किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मंगलवार को 21 प्रस्तावों में से 19 प्रस्तावों को मंजूर किया गया। इसमें से नगर विकास विभाग के 3 प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली है। इसमें सबसे प्रमुख प्रस्ताव मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) यानी



सीएम ग्रिड योजना भी है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के.शर्मा ने मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद लोक भवन के मीडिया सेंटर में इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की सभी शहरों की सड़कों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाने के लिए 500 करोड़ रुपए की मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन), 'सीएम ग्रिड्स योजना' मंजूर की गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार निकायों की सड़कों के विकास, वित्त पोषण और कार्यों की निगरानी के लिए अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी (यूरिडा) की स्थापना करेगी। यूरिडा के कार्यों की मॉनीटरिंग के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाएगी और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इसके कार्यों की भी निगरानी की जाएगी। इस योजना के तहत किसी भी निकाय को प्रतिवर्ष अधिकतम 100 करोड़ रुपए का अनुदान मिलेगा। 10 प्रतिशत अंश का व्यय निकाय स्वयं अपनी निधि से उठाएगा। इस योजना के आने से नगरीय सड़कें सुरक्षित रहेंगी, वायु गुणवत्ता और लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नगर विकास मंत्री ने बताया कि प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में स्थित सांस्कृतिक, पौराणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर अवस्थापना सुविधाओं के विकास एवं सुशोभन के लिए 'वंदन योजना' को कैबिनेट की मंजूरी मिली है और इस योजना के तहत 50 करोड़ रुपए का प्राविधान भी किया गया है। मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री ने इसमें और अधिक धनराशि बढ़ाने का आश्वासन दिया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनी कमेटी ऐसे स्थलों का चयन करेगी। इस योजना के तहत ऐसे स्थलों पर संपर्क मार्ग, विश्राम स्थल, शेड, पेयजल की व्यवस्था, लाइटिंग, पेन्टिंग, इन्टरलाकिंग, परिक्रमा पथ, घाटों का निर्माण आदि कार्यों को पर्यटन विभाग से समन्वय कर कराया जाएगा। योगी सरकार बड़ी रोड दुर्घटनाओं की जांच अब कमेटी द्वारा कराएगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि इसको लेकर भी कैबिनेट का अनुमोदन प्राप्त हो गया है। ऐसी दुर्घटनाएं जिनमे 3 या इससे अधिक लोगों की मृत्यु होगी उसकी जांच सरकार एक विशेष कमेटी द्वारा कराएगी। इस कमेटी में परिवहन विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग के सदस्य होंगे।

साथ ही रोड सेफ्टी के समाजसेवी भी शामिल होंगे। इससे क्लेम मिलने मे सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे यह कमेटी गठित की जाएगी। परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता मे राज्य स्तर पर भी कमेटी गठित होगी।

### 62 की जगह 65 वर्ष की उम्र में रिटायर होंगे चिकित्साधिकारी

मंत्रिपरिषद ने प्रांतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अंतर्गत कार्यरत लेवल 1, लेवल 2, लेवल 3, लेवल 4 तक के चिकित्साधिकारियों की सेवानिवृत आयु 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। लेकिन यह निर्णय प्रशासनिक स्तर पर आसीन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर आसीन वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी 62 वर्ष में ही सेवनिवृत होंगे। उदाहरण के तौर पर जिला कुष्ठ रोग अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, प्रधानाचार्य ट्रेनिंग सेंटर, महानिदेशक आदि 62 वर्ष के ही आयु मे सेवनिवृत होंगे।

# नवरात्र से आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को मिलेगा गर्म व पौष्टिक आहार

**लखनऊ,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को तीन से छह वर्ष के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार एवं आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के नामांकन के साथ उपस्थिति में सुधार लाने को हॉट कुक्ड मील योजना शारदीय नवरात्र में शुरू करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्री प्राइमरी की तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्रों को संचालित किया जाए।

**मुख्यमंत्री ने की बाल विकास, सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा**

बैठक में मुख्यमंत्री ने किराये पर चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को खुद के भवन में संचालित करने एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री और आंगनबाड़ी सहायिका के खाली पदों को जल्द भरने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी के बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराने के उद् ?देश्य से शारदीय नवरात्र में हॉट कुक्ड मील योजना को शुरू करने के निर्देश दिये। मालूम हो कि योजना के तहत आंगनबाड़ी के तीन से छह वर्ष के बच्चों को गर्म पका भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही उन्हे मौसमी फल भी दिये जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाने के बर्तनों को नगर निकाय और ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि हॉट कुक्ड मीड में श्रीअन्न को शामिल किया जाए। बच्चों को मोटे अनाज के बिस्किट संग अन्य चीजें उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में मुख्यमंत्री ने वर्तमान में शहरी क्षेत्रों में किराये पर चल रहे 12,800 आंगनबाड़ी केंद्रों को खुद के भवन में शिफ्ट करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मोहल्लावार पार्क के एक कोने में आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जाएं। इन भवनों को निजी कंपनियों के सीएसआर फंड, नगर विकास के फंड के साथ अन्य संभ्रांत लोगों की सहायता से बनाया जाए।

वहीं जरूरत पड़ने पर शासन से भी धनराशि को स्वीकृत किए जाए। उन्होंने कहा कि प्री प्राइमरी की तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्रों को संचालित किया जाए। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त 24,473 पदों और आंगनबाड़ी सहायिका के 26007 पदों पर जल्द भर्ती की जाए।

## सार संक्षेप

### मुलायम की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**मवाना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि के आवास पर मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनको याद किया गया। पूर्व मंत्री प्रभुदयाल वाल्मीकि ने उनके राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेता जी ने छात्र जीवन से ही समाज और देश हित के लिये काम किया। डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की प्रेरणा से हमेशा समाज के दबे कुचले वर्ग शोषितो, मजदूरों, छात्रों और पिछड़ो के हक के लिए संघर्ष किया। वर्ष 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना कर समाजवाद आंदोलन को आगे बढ़ाने का काम किया। वरिष्ठ नेता सुधीर कामिल, नगर अध्यक्ष हाजी नईम मलिक, हाजी इरफान कुरैशी, सचिन गुज्जर, रईस आजम मलिक, कम्बर जैदी, हाफिज इकराम, इस्तियाक अब्बासी, जैकी जाटव, वाजिद अन्सारी, महमूद गजनवी, नितिन चौहान, डॉक्टर सरताज, चौधरी रबनवाज, जहीर राजपूत, असलम पहलवान, इकराम सैफी मौजूद रहे।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बच्ची घायल

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में लक्खीपुरा की रहने महिला अंजुम अपनी 22 माह की बेटी चाहत के साथ घर के बाहर खड़ी थी। तभी तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। इस दौरान बच्ची की आंख में टक्कर लगने से खून में लथपथ हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक ई-रिक्शा लेकर फ्रार हो गया। पीड़ित परिवार ने आरोपी के ख्रिलाफतहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने आरोपी ई-रिक्शा चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### सपा विधायक का वीडियो वायरल

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी से सरधना सीट के विधायक अतुल प्रधान का वीडियो सामने आया है। वीडियो में विधायक अतुल प्रधान देश की राजधानी दिल्ली में खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते दिख रहे हैं। यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि गुर्जर पंचायत से लौटते वक्त अतुल प्रधान ने अपने समर्थकों के साथ यह वीडियो शूट कराया। जो बाद में वायरल किया गया है।

### मारपीट के बाद किशोरी से अपहरण का प्रयास

**मवाना।** नगर निवासी एक युवक ने मवाना के मोहल्ला तिहाई की ही एक किशोरी के साथ मारपीट कर गंगानगर से उसके अपहरण का प्रयास किया। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी किशोरी को मोदीपुरम छोड़ फरार हो गया। परिजनों ने पुलिस को मामले की तहरीर दी गई है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। मोहन के मोहल्ला तिहाई निवासी एक किशोरी मेरठ के एक स्कूल से घर से बाहर आई थी। किसी बात को लेकर नगर के ही युवक से विवाद हो गया। युवक ने किशोरी के साथ मारपीट कर अपहरण कर लिया। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी युवक किशोरी को मोदीपुरम के पास छोड़कर भाग निकला। किशोरी का आरोप है कि युवक ने मोदीपुरम छोड़ने के बाद उसका मवाना तक पीछा किया। मवाना बस स्टैंड पर उतरने के बाद भी युवक ने किशोरी के साथ मारपीट की।

# रोजगार मेले में बीस अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**मेरठ,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के प्रांगण में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में ग्रासरूट प्रा लि., डा. रेड्डी फाउन्डेशन, आईसीआईसीआई बैंक, भारत फाईनेन्स प्रा.लि., एचडीबी, एडलवेस टोक्यो लाईफ इंश्योरेंस, कम्पनी द्वारा एडवाईजर, आफिस स्टाफ सेल्स एग्जी., इन्श्योरेंस एडवाईजर, मशीन ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, रिलेशनशिप मैनेजर, बिजनेस एग्जी पद हेतु साक्षात्कार लिया गया। रोजगार मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों की शशि भूषण उपाध्याय, सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ, राजू यादव द्वारा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया गया कि, वह सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सभी सेवाओं का लाभ उठायें। साथ ही साथ कम्पनी के एचआर ने अपनी कम्पनी की रिक्तियों से सम्बन्धित विस्तार से जानकारी दी। उद्घाटन के उपरान्त 6 कम्पनियों द्वारा 42 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार कर कुल 20 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया।



- क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के प्रांगण में किया गया था आयोजन
- छह कम्पनियों द्वारा लिए गए 42 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार

# भाषण में सार्वजनिक संपर्क मूलभूत : भूपेन्द्र

**मेरठ,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन संस्थान के कोर्ट हॉल में भाषण टैलेंट हंट मेगाईवेंट पर्यावरण संरक्षण: समस्याए एवं उपाए विषय पर फाइनल राउण्ड का आयोजन साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद्, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का स्क्रीनिंग राउण्ड 27 सितम्बर को आयोजित किया गया था। जिसमें 117 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया। स्क्रीनिंग राउण्ड के पश्चात टॉप 15 छात्र-छात्राओं को फाइनल राउण्ड के लिए चुना गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो.भूपेन्द्र सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौ.चरण सिंह विश्वविद्यालय, जय माला, संकायाध्यक्ष, विज्ञान, योगेन्द्र गौतम, भौतिक विभाग, नाजिया तरन्नुम, रसायन विभाग, दिव्या, सर छोटूराम इंजिनियरिंग इंस्टीट्यूट, विवेक कुमार, कार्यक्रम समन्वयक, भावना सिंह, कार्यक्रम सह समन्वयक ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। भूपेन्द्र सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्यबोधन में छात्र-छात्राओं को भाषण के नियमों एवं उनकी महत्वताओं से परिचित कराया तथा भाषण में सार्वजनिक सम्पर्क को मूलभूत बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण से सम्बन्धित चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण प्रांसगिकता पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात जय माला ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु केवल भाषण तक ही सीमित न रहकर स्वय संकल्प लेकर पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रेरित किया। डा.भावना सिंह, कार्यक्रम सह समन्वयक ने स्वागतीय भाषण के पश्चात कार्यक्रम में प्रतिभाग ले रहे प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने-अपने विचार रखे जिसमें सत्त विकास, अंध उपभोक्तावाद, नमामी गंगे प्रोग्राम, चिपको आन्दोलन, प्लास्टिक वेस्ट तथा जी-20 में हुये हरित विकास समझोता विषयों पर पर्यावरण किस तरह से संरक्षित किया जा सकता है।



- चौधरी चरण सिंह विवि में भाषण टैलेंट हंट मेगाईवेंट पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित

# सुभारती विवि को नेशनल एमर्जिंग यूनिवर्सिटी अवॉर्ड

**मेरठ,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स सेंट्रल दिल्ली के सभागार में भागीदारी जन सहयोग समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नेशनल एमर्जिंग यूनिर्वसिटी का खिताब मिला। इसके साथ ही सुभारती लॉ कॉलेज के डीन प्रो. डॉ. वैभव गोयल भारतीय एवं होम साइंस विभाग की असिस्टेंट प्रो.डॉ. शालू नेहरा को नेशनल टीचर अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश ज्ञान सुधा मिश्रा एवं भागीदारी जन सहयोग समिति के सेक्रेट्री जनरल विजय गौड़ ने सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल को प्रदान कर सम्मानित किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भागीदारी जन सहयोग समिति को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान सुभारती विश्वविद्यालय के आदर्शों का सम्मान है।

# स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र अमेठी को करोड़ों रुपए की सौगात देंगे योगी

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अमेठी के कौहार में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पहले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। साथ में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, चौधरी भूपेंद्र सिंह,मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव निरहुआ, गिरीश यादव आदि मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अमेठी कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अयोध्या मंडल के आयुक्त गौरव दयाल, आइजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, पुलिस अधीक्षक डॉ.इलामारन जनसभा स्थल पर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री के अमेठी आगमन पर लाखों की भीड़ जुटाने के लिए भाजपा में मंडल स्तर पर बैठकें हो रही है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सभी विधानसभा क्षेत्रों को बराबर बराबर जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमरेंद्र सिंह पिंटू ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में अमेठी विधानसभा क्षेत्र से 25 हजार की भीड़ का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए मोटर साइकिल, चार पहिया वाहन और बड़ी बसों के इंतजाम किए गए हैं। छोटी बड़ी सभी गाड़ियों की निगरानी के लिए वाहन नंबर और चालाक का नंबर रजिस्टर में अंकित हो गया है। हर वाहन पर एक जिम्मेदार कार्यकर्ता मौजूद रहेगा। जिससे किसी को भी किसी प्रकार की दिक्कत न हो सकें। अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला ने बताया कि अमेठी विधानसभा क्षेत्र को 25 हजार का लक्ष्य मिला है। वाहन के इंतजाम किए गए हैं। अमेठी की जिम्मेदारी राजेश मसाला और अमरेंद्र सिंह पिंटू को सौंपी गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। इसके बाद करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। इस मंच पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, सांसद मनोज तिवारी, सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, प्रभारी मंत्री गिरीश यादव सभी विधायक आदि मौजूद रहेंगे।

**मुख्यमंत्री के अमेठी आगमन को लेकर तैयारियां तेज**



■ मेरठ में भाजपा के महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन ऋतुराज का जन्मदिन मनाया गया। भाजपा मुख्यालय पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान शंखपुरुष संजय गोस्वामी, बालकिशन, मन्नू भाई, सुनील शर्मा, विवेक वाजपेयी, संदीप रेवड़ी, संजय शर्मा वरुण गोयल, भाजपा महानगर टीम ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत भी किया।

# शोभायात्रा के साथ 94 कलश ब्लाक पर पहुंचे, स्वागत

**मवाना,**10 अक्टूबर (देशबन्धु)। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को मवाना विकास खंड परिसर पर कलश संग्रहित करने के लिए महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें 47 गांवों से 94 कलश ब्लाक तक लाने के लिए शोभायात्रा निकाली गयी। वहीं विकास खंड पर कलश लेकर आने वाले ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक व ग्रामीणों का ढोल, नगाड़ों व फूल मालाओं से स्वागत किया गया। ब्लाक प्रमुख गीता पायल ने बताया कि प्रत्येक ब्लाक से दो कलश विकास भवन मेरठ जायेंगे। वहां से प्रत्येक ब्लाक का एक कलश लखनऊ और दूसरा दिल्ली भेजा जायेगा। पूरे भारत में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम जैसे पोस्टर प्रतियोगिता, अमृत वाटिका, कलश यात्रा, शोभायात्रा आदि का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत पर गांव की पवित्र मिट्टी को एक कलश में एकत्र भी किया गया। कलश को ग्राम पंचायत द्वारा विकास खंड पर लाने से पूर्व शोभायात्रा निकाली गयी। इस महोत्सव में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती गीता पायल व खंड विकास अधिकारी अमरीश कुमार ने कहा कि देश के प्रति नागरिकों में देश भावना जागृत करने के लिए उक्त कार्यक्रम प्रदेश में चलाया जा रहा है।

- 20 पंचायत सहायकों को प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

# अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को लोगों तक पहुंचाना होगा : मनोज दीक्षित

■ ओम प्रकाश सिंह

**अयोध्या,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। अयोध्या बहुत ही प्राचीन नगरी है यहां की सभ्यता विश्व प्रसिद्ध है। छात्रों को अपने संस्कृति के बारे में पढ़ना चाहिए और समझना चाहिए। भारत की अर्थव्यवस्था बहुत ही मजबूत है। आने वाले वर्षों में विश्व के सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग एवं डिटोर संस्था के संयुक्त संयोजन में राष्ट्रीय स्तर के टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो.दीक्षित ने कहा कि प्रत्येक पर्यटन स्थल को अपना एक इवेन्ट विकसित करना चाहिए जैसे अयोध्या ने दीपोत्सव को अपना इवेंट बना लिया है जो प्रत्येक वर्ष अपनी प्रसिद्धि बढ़ा रहा है। उन्होंने छात्रों से कहा कि पर्यटन के बारे में पढ़ना चाहिए फिर आईडिया बनाना चाहिए। इससे कुछ नया कर सकते हैं। इनोवेशन ही आपकी पूंजी है। अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को लोगों तक पहुंचाना होगा। अयोध्या महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सांस्कृतिक एवं वैचारिक पुंज के रूप में अयोध्या में पर्यटन की अपार संभावनाएं है। विद्यार्थियों को नजदीक से अयोध्या को देखना चाहिए और पूरी दुनिया के सामने लाएं। उन्होंने कहा कि अयोध्या पूरी दुनिया का अध्यात्म केंद्र बनेगा। इसकी पौराणिक महत्व एवं विशेषताएं, मान्यताएं, विद्यार्थियों के माध्यम से पूरी दुनिया के सामने लाया जायेगा। इंटेक अयोध्या की संयोजक मंजुला झुनझुनवाला ने कहा कि अयोध्या अपनी विरासत के लिये प्रसिद्ध है यहां हेरिटेज के कई स्थल हैं जिसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं 1974 में अयोध्या आयी तबकी अयोध्या और आज की अयोध्या में बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि अयोध्या स्पिरिचुअल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो रहा है, जिसके लिये देश विदेश से अनेकों पर्यटकों के अयोध्या आने की सम्भावना है। आईएटीओ के चेयरमैन प्रतीक हीरा ने कहा कि अयोध्या एक नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन रहा है। इसलिए पर्यटन की सम्भावना भी अटूट हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन संस्थान से अनुरोध है कि अपने छात्रों को उद्योग की मांग के अनुरूप तैयार करें। इंडस्ट्री को अच्छे छात्रों की लगातार आवश्यकता है बस अपनी प्रतिभा का विकास करिये कोर्स पूरा होने के पहले रोजगार मिल जाएगा। कार्यक्रम में ब्रिटेन के पर्यटन उद्यमी पीटर जोंस ने कहा कि पर्यटन करते समय हमें जानकारी लेने में हिचकिचाहट नही करनी चाहिए तभी आप पर्यटक स्थल को समझ सकेंगे। अन्य ब्रिटिश पर्यटन उद्यमी एरिक हॉलिडे ने कहा कि भारत बहुत ही सुंदर देश है। यहां की संस्कृति विश्व की सबसे अच्छी संस्कृति है। अतिथियों का स्वागत करते हुए व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो.हिमांशु शेखर सिंह ने दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कॉन्क्लेव पर्यटन के छात्रों के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस कॉन्क्लेव में छात्र विभिन्न सत्रों में पर्यटन उद्योग की मांग को समझेंगे और अपने आप को तैयार कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विभाग 1995 में कुल 30 छात्रों से प्रारंभ कर आज हम 1500 छात्रों तक पहुंच चुके हैं, इस प्रकार विभाग प्रतिदिन प्रगति के पथ पर अग्रसर है। एमबीए टूरिज्म के छात्र कई शहरों के रोजगार के द्वारा अवध विश्वविद्यालय एवं विभाग का नाम रोशन कर रहे हैं।

इसमें देश भर के 10 पर्यटन संस्थान हिस्सा ले रहे है। जिनमें बीएचयू, लखनऊ विवि, अमरकंटक विवि, नागपुर विश्वविद्यालय, गोवा विश्वविद्यालय, मार्टिन लूथर विश्वविद्यालय, शिलांग, एमिटी विश्वविद्यालय, राजस्थान सहित अन्य विश्वविद्यालय के छात्र एवं पर्यटन विशेषज्ञ शामिल है। कार्यक्रम के संयोजक विकास द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई।

- अयोध्या पूरी दुनिया का अध्यात्म केंद्र बनेगा : गिरीश पति त्रिपाठी, महापौर
- अवध विवि में दो दिवसीय टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव का शुभारंभ




# डिस्कॉम मुख्यालय पर की गई जन-सुनवाई

**मेरठ,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.की प्रबन्ध निदेशक चैत्रा वी. के निर्देशन में जन-शिकायतों के प्रभावी निस्तारण एवं असरदार क्रियान्वयन के लिए संभव नामक कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला स्तर पर प्रत्येक सोमवार को समस्त 33/11 केवी उपकेन्द्र, खण्ड एवं मण्डल कार्यालयों तथा प्रत्येक मंगलवार को डिस्कॉम मुख्यालय पर जन-सुनवाई आयोजित की जाती है। जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर, उनका यथा-संभव त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाता है। मंगलवार को डिस्कॉम स्तर पर ऊर्जा भवन मेरठ में संभव कार्यक्रम के तहत जन-सुनवाई की गई। जिसमें राजस्व निर्धारण से सम्बन्धित एक शिकायत जनपद मेरठ से प्राप्त हुई।

## विशाल मिश्रा का नया गाना 'आखिर' हुआ रिलीज, एक तरफा प्यार की है कहानी

**मुंबई।** कंपोजर व सिंगर विशाल मिश्रा ने अपना लेटेस्ट ट्रैक 'आखिर' जारी किया है। विशाल 'जिहाल-ए-मिस्किन' और 'जानिए' के रीक्रिएटेड वर्जन के लिए जाने जाते हैं। इमोशन्स से भरपूर, नई कॉम्पोजिशन एक रिश्ते में प्यार, हानि और बलिदान के विषयों की पड़ताल करती है, और दिल के दर्द की भावना का प्रतीक है। ट्रैक के इमोशनल पावर को देखते हुए, विशाल ने इसे करुणा की भावना से भर दिया और इसे अपने सबसे खास ट्रैक में से एक बताया, क्योंकि यह उनके अपने अनुभवों पर आधारित है। खूबसूरती से तैयार किया गया ट्रैक, 'आखिर' में शुरू से ही उदासी का भाव है, जो दिल टूटने की आवाज को दर्शाता है कि कैसे एक तरफा प्यार दिल दहला देने वाला दर्द ला सकता है।

# गंभीर बीमारियों से पीड़ित 40 प्रतिशत लोगों में होती है आत्महत्या करने की प्रवृति

### मधुमेह जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित लोगों पर अध्ययन

**लखनऊ,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि मधुमेह जैसी पुरानी बीमारियों से पीड़ित, या हाल ही में बड़ी सर्जरी कराने वाले मरीजों में उन लोगों की तुलना में आत्महत्या करने की 40 प्रतिशत संभावना होती है जो बीमार नहीं हैं। इस शोध को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि पुरानी बीमारियों से पीड़ित या बड़ी सर्जरी के बाद स्वस्थ हो रहे मरीजों की अचानक मौत का संभावित मानसिक बीमारी से संबंध होता है और ऐसे मरीज मरने से पहले संकेत देते हैं।

केजीएमयू में मनोचिकित्सा विभाग के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. आदर्श त्रिपाठी ने कहा कि यदि आप संकेतों को पहचानते हैं, तो मौतों को टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारे ओपीडी में आने वाले ऐसे मरीजों को उनके उपचार करने वाले डॉक्टरों द्वारा रेफर किया जाता है और यहां तक कि उनके परिवार द्वारा भी समान अनुपात में लाया जाता है, जब वे किसी मानसिक समस्या को महसूस करने में सक्षम होते हैं। ये मरीज हमारे आसपास और यहां तक कि हमारे घरों में भी हो सकते हैं।

कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड हॉस्पिटल (केएसएसएससीआईएच) के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने कहा कि पुरानी बीमारियों से पीड़ित अधिकांश लोग शुरू में पूछते हैं कि उपचार का नतीजा क्या होगा और वे इलाज से बच पाएंगे या नहीं।




केजीएमयू के एक योग्य मनोचिकित्सक और बलरामपुर अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग में वरिष्ठ सलाहकार रह चुके डॉ. शुक्ला ने कहा कि एक सप्ताह में कम से कम एक या दो ऐसे मरीज अस्पताल की ओपीडी में आते थे, और मैं यह कह सकता हूं कि शुरुआती दिनों में हस्तक्षेप, 90 प्रतिशत से अधिक अच्छी प्रतिक्रिया देते हैं। केएसएसएससीआईएच में भी, मरीज उपचार के परिणाम के बारे में पूछते हैं। हम उनके डर के पीछे के कारण की पहचान करते हैं और उन्हें उपचार के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि पुरानी बीमारियां व्यक्ति को आगे के जीवन के बारे में आशंकित कर देती हैं। डिप्रेशन के जैविक कारण भी होते हैं। चिकित्सकीय रूप से, उच्च शर्करा के साथ, शरीर एक सेलुलर टोक्सिन छोड़ता है और जो लंबे समय में, अन्य महत्वपूर्ण अंगों के साथ-साथ मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

### विश्व मानसिक दिवस के अवसर पर विशेषज्ञों का अध्ययन

# सोशल मीडिया के अधिक इस्तेमाल से युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर

**जालंधर,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोसाइंस के कार्यकारी सदस्य एवं मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. नरेश पुरोहित ने विश्व मानसिक दिवस के अवसर पर मंगलवार को कहा कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल रहा है। डॉ. पुरोहित ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी पिछली पीढ़ियों की तुलना में अकेलेपन, पहचान की कमी और आत्म-संदेह का अधिक सामना कर रही है। डिजिटल युग में, सोशल मीडिया युवाओं के जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है, हालांकि यह कनेक्टिविटी और जानकारी प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कि युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट में इसकी भूमिका के बारे में चिंताएं पैदा हुई हैं। युवा भारतीय पहली पीढ़ी हैं जो सेल फोन और सोशल मीडिया से पहले की दुनिया को नहीं जानते हैं। उनके लिए, ऑनलाइन और ऑफलाइन जीवन के बीच कोई अंतर नहीं है - यह सब एक ही जीवन है, जहां ऑनलाइन ऑफ़लाइन के साथ जुड़ा हुआ है। किसी भी आवश्यक माध्यम से ध्यान खींचने का निरंतर चक्र किशोर समूह के मानसिक स्वास्थ्य पर भारी प्रभाव डालता है, जिनके बीच



■ अकेलेपन, पहचान की कमी और आत्म-संदेह का कारण

अवसाद, चिंता और अकेलापन अब आम मुद्दे हैं। डॉ. पुरोहित ने कहा कि जैसा कि हम डिजिटलीकरण के इस नए युग में आगे बढ़ रहे हैं, यह सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हमारे युवा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से आगे बढ़ने के लिए लचीलापन और कौशल से लैस हैं। इसके प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए, शिक्षा महत्वपूर्ण है। स्कूलों और अभिभावकों को डिजिटल साक्षरता सिखानी चाहिए और स्वस्थ ऑनलाइन आदतों को बढ़ावा देना चाहिए। अंततः, सोशल मीडिया के युग में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को संरक्षित करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन गतिविधियों के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है।

#### किशोरावस्था का जीवन चुनौतीपूर्ण

उन्होंने कहा कि किशोरावस्था हमेशा सभी के लिए जीवन का एक चुनौतीपूर्ण चरण रहा है, चाहे वह सोशल मीडिया के साथ हो या उसके बिना। यह वह समय है जब युवाओं में अवसाद, अकेलापन और चिंता सामने आती है। इसीलिए, वे अपना ज्यादातर समय सोशल मीडिया पर बिताना शुरू कर देते हैं ताकि उन्हें अकेलापन और चिंता महसूस न हो। उन्होंने आग्रह किया कि समय सीमा निर्धारित करने से अधिक मानवीय संपर्क की सुविधा मिलेगी, और लोगों को क्यूरेटेड ऑनलाइन व्यक्तित्व और वास्तविक जीवन के बीच अंतर का एहसास करने में मदद करने के लिए शिक्षित करने और जागरूकता लाने से युवाओं के सामने आने वाले कई प्रतिकूल प्रभावों को रोकने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हम ऐसी दुनिया में रहते हैं जो भौतिकवाद को बढ़ावा देती है, जहां केवल सफलता की सराहना की जाती है।

## डॉ. संजय चौधरी को सम्मान

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चिकित्सा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान देने के लिए देश भर से प्रतिभावान डॉक्टर्स को खोजकर उनके ऊपर डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाकर आम लोगों को उनके




बेहतर प्रयासों से अवगत कराया जा रहा है। दवा कंपनी मैनकाइंड की डॉकफ्लिक्स द्वारा इसी दिशा में व्हाइट कोट लीजेंड्स के तहत नार्थ इंडिया से आंखों के जाने माने डॉक्टर एवं आई -7 के डायरेक्टर डॉ संजय चौधरी को चुना गया। जिसके चलते उन्हें एक भव्य कार्यक्रम के दौरान सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर डॉ. संजय पर बनाई गयी डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी सबको दिखाई गई। जिसमें उनके संघर्षपूर्ण जीवन एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को विस्तार से दिखाया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाज में क्रिकटर्स एवं फिल्मस्टार्स को हीरो के रूप प्रस्तुत किया जाता है लेकिन व्हाइट कोट में समाज को अपना सबकुछ समर्पित करने वाले डॉक्टर्स को नजरअंदाज कर दिया जाता है। जबकि समाज के असली हीरो यही डॉक्टर्स है। इस मौके डॉ संजय चौधरी ने कहा कि आई -7 ग्रुप हमेशा से नवीनतम तकनीक द्वारा समाज के सभी तबकों के मरीजों का बेहतर इलाज करने में प्रयासरत रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर्स को प्रोत्साहित करने के लिए मैनकाइंड द्वारा यह अच्छी और कारगर पहल है।

## नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी के चेयरमैन के नेतृत्व में मनोज तिवारी से मिला शिष्टमंडल

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज तिवारी और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा से नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी के चेयरमैन अखिल सिंघल और कमेटी के प्रधान विकेश सेठी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल मिला। इस मौके पर उन्हें अखिल सिंघल ने 15 से 24 अक्टूबर के मध्य कमेटी की स्वामी अमरदेव पब्लिक स्कु ल ग्राउंड, ए ब्लाक, डेरावाल नगर में होने वाली रामलीला के अवलोकनार्थ निमंतण्रदिया। इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि रामलीलाओं का मंचन समय की अपेक्षाओं के अनुरूप अत्याधुनिकता से ओत प्रोत है जो दर्शकों के आकषर्ण का केंद्र रहती है। उन्होंने कहा कि लीला मंचन मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदशरे से ओत प्रोत होती है जिसकी प्रासांगिकता आज के युग में और ज्यादा महत्वपूर्ण है। वहीं, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि समय की




अपेक्षाओं के अनुरूप श्रीराम के जीवन चरित्र को पेश करना होगा। भारतीय समाज को सबसे उदांत आदर्श और सबसे गहरे संस्कार रामायण ने ही दिया है। विकेश सेठी ने कहा कि आज के हाईटेक युग में टेलीविजन चैनल, सेटेलाइट के माध्यम से चाहे जितने भी मनोरंजन के साधन हों, फिर भी लोग अधिक संख्या में वर्तमान परिवेश में भी रामलीला देखने आते हैं। वहीं, लीला कमेटी के चेयरमैन अखिल सिंघल ने कहा कि सैकड़ों की संख्या में सभी आयु वर्ग के लोग रामायण से आकर्षित होकर रामलीला देखने आते हैं और आत्मिक आनंद की प्राप्ति करते हैं।

# एप्पल डिवाइस नए फीचर्स के साथ बनाए रखेगा मानसिक स्वास्थ्य

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। एप्पल डिवाइस में आपके मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए कुछ नए फीचर्स दिए गए हैं, जो लाखों आईफोन, आईपैड और एप्पल वॉच का समर्थन कर रहे हैं। रिसर्च से पता चलता है कि अपनी मानसिक स्थिति पर विचार करने से भावनात्मक जागरूकता और प्रतिरोध बनाने में मदद मिल सकती है। आईफोन, आईपैड और एप्पल वॉच पर नया 'स्टेट ऑफ माइंड' फीचर आपको अपनी मोमन्टेरी इमोशन्स और डेली मूड को लॉग करने की अनुमति देता है, जिससे आपकी स्थिति में क्या योगदान हो सकता है, इस पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि मिलती है, चाहे वह जुड़ाव हो या नींद या व्यायाम जैसे जीवनशैली कारक हों।

आईफोन और आईपैड पर, आप अपने रिस्क लेवल को समझ सकते हैं। एप्पल के अनुसार, आप इन परिणामों को अपनी टीम



■ लाखों आईफोन, आईपैड और एप्पल वॉच का कर रहे हैं समर्थन

■ सैर या लंबी पैदल यात्रा के लिए कर सकते हैं ऐप्पल वॉच का उपयोग

के साथ साझा कर सकते हैं। आपके एप्पल वॉच पर माइंडफुलनेस ऐप आपको सांस लेते समय फोकस करने, केंद्र में रहने और जुड़ने के लिए कुछ मिनट निकालने के लिए प्रोत्साहित करता है। आप एक ब्रीद वॉच फेस भी बना सकते हैं, जो आपको रिलैक्स करने और शांत रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। फिटनेस प्लस ऑफर्स को रेगुलर मेडिटेशन रूटीन डेवलप करने और उनमें सुधार करने में मदद करता है। यूजर्स जागरूकता, शांति और नींद सहित 10 विषयों में से चुन सकते हैं। नींद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ट्रैकिंग एक अच्छी शुरुआत है, लेकिन एप्पल वॉच और आईफोन पर नींद का अनुभव और भी आगे बढ़ जाता है। यह आपको एक शेड्यूल और सोने के समय की दिनचर्या बनाने में मदद करता है ताकि आप व्यस्ततम समय में भी अपनी नींद के लक्ष्यों को पूरा कर सकें। शोध से पता चलता है कि बाहर समय बिताने के साथ-साथ शारीरिक गतिविधि और मानसिक व्यवहार के बीच संबंध है। आप अपनी ऐप्पल वॉच का उपयोग सैर या लंबी पैदल यात्रा के लिए कर सकते हैं और हेल्थ ऐप में अपना डेटा देख सकते हैं।

## यंग ब्वॉयज क्लब ने नए थीम के साथ बनाया दुर्गापूजा पंडाल



**कोलकाता,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की संस्कृति और दैवीय आस्था के प्रतीक दूर्गापूजा के मौके पर राजधानी कोलकाता में यंग ब्वॉयज क्लब ने हमेशा की तरह इस वर्ष भी प्रासंगिक सामाजिक मुद्दों को थीम के रूप में चुना है। विभिन्न विषयागत थीम-आधारित पंडालों के लिए लोकप्रिय यंग ब्वॉयज क्लब ने इस बार 'देवी दुर्गा-ब्रह्मांड की शक्ति' विषय चुना है। यह क्लब मध्य कोलकाता में तारा चंद दत्ता स्ट्रीट के पास स्थित है, जो सेंट्रल एवेन्यू को रवीन्द्र सारणी से जोड़ती है और निवासियों के लिए एक बड़ा आकर्षण का केंद्र है। यहां के पूजा समारोह के मुख्य आयोजक राकेश सिंह ने बताया कि इस साल द यंग बॉयज क्लब देवी दुर्गा में दिव्य शक्ति के अवतार की प्रतिकृति बना रहा है, जहां 32 फीट की मां दुर्गा को वैश्विक स्रोत के रूप में प्रतीक के रूप में बाहर रखा जाएगा। विश्व शक्ति के साथ देवी के जुड़ाव को दर्शाने के लिए, मूर्ति के 10 हाथों में 10 ग्लोब होंगे, जो पृथ्वी के विभिन्न पहलुओं का प्रतीक होंगे।

# कराची टू नोएडा फिल्म की शूटिंग शुरू

**नोएडा,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान से नोएडा आने वाली सीमा हैदर जमकर सुर्खियों में रहीं। सीमा पर बन रही फिल्म कराची टू नोएडा की शूटिंग मंगलवार को शुरू हो गई। सीमा सचिन की लव स्टोरी पर बन रही ये फिल्म प्रोड्यूसर अमित जानी बना रहे है। आज से फिल्म की शूटिंग का काम भी चालू हो गया है। दिल्ली एनसीआर के ई इलाकों में फिल्म की शूटिंग की जाएगी। मंगलवार को प्रोड्यूसर अमित जानी ने नारियल फोड़कर फिल्म की शूटिंग शुरू की। फिल्म में अभिनय करने वाले कलाकार दीप राज राणा, रोहित चौधरी, अहसान खान, फरहीन फलक, आदित्य राघव, महंत बिजेन्दर नाथ, मनोज बख्शी समेत क्रू सोनीपत पहुंचा है। आज और कल सोनीपत, नोएडा और दिल्ली में फिल्म के 30 सीन की शूटिंग की जाएगी। फिल्म बनाने के ऐलान के बाद प्रोड्यूसर अमित जानी को पाकिस्तान से कई बार धमकी मिली। उनको कई बार विवादों में घिरना पड़ा लेकिन इस सब के बीच बीते दिनों फिल्म का थीम सांग रिलीज किया गया था। आज से फिल्म



■ सीमा और सचिन की लव स्टोरी पर है आधारित, नारियल फोड़कर शुरुआत

■ दिल्ली-एनसीआर में 30 लोकेशन पर शूटिंग

की शूटिंग की शुरुआत हो गई है।

#### जानी फायरफॉक्स के बैनर तले बन रही है कराची टू नोएडा

फिल्म 'कराची टू नोएडा' जानी फायरफॉक्स के बैनर तले बन रही है। फिल्म का टाइटल भी रजिस्टर्ड कर दिया गया है। फिल्म प्रोड्यूसर अमित जनि ने बताया कि फिल्म पूरी तरीके से सीमा की जिंदगी पर आधारित होगी। अमित एक अन्य फिल्म 'ए टेलर्ड मर्डर स्टोरी' में सीमा को रॉ एजेंट के रोल देंगे। कराची टू नोएडा फिल्म का डायरेक्शन जयंत सिन्हा और भारत सिंह कर रहे हैं।

#### क्या है सीमा-सचिन की स्टोरी?

साल 2019 में ऑनलाइन गेमिंग ऐप पबजी खेलते-खेलते सीमा की दोस्ती रबुपूरा निवासी सचिन मीणा से हुई। सीमा और सचिन की 10 मार्च 2023 को नेपाल में मुलाकात हुई। सीमा 13 मई को पाकिस्तान से दुबई होते हुए एक बार फिर नेपाल आई और वहां से बस पकड़कर रबुपूरा पहुंची। उसके साथ उसके चार बच्चे भी थे। पुलिस ने चार जुलाई को सीमा, सचिन और सचिन के पिता को गिरफ्तार किया। तीनों को न्यायालय से आठ जुलाई को जमानत मिल गई। इसके बाद सचिन के रबूपुरा स्थित घर में सीमा और रहने लगी।

# 69 साल की हुईं रेखा

**मुंबई,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रेखा आज 69 वर्ष की हो गई। 10 अक्टूबर 1954 को मद्रास में जन्मीं रेखा (मूल नाम भानुरेखा गणेशन) को अभिनय की कला विरासत में मिली। रेखा के पिता जैमिनी गणेशन अभिनेता और मां पुष्पावली जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थीं। घर में फिल्मी माहौल से रेखा का रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगीं। रेखा ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रुप में वर्ष 1966 में प्रदर्शित तेलुगु फिल्म 'रंगुला रतनम' से की। रेखा ने अभिनेत्री के रूप में अपने करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म 'गोदाली सी.आई.डी 999' से की। फिल्म में उनके नायक की भूमिका सुपरस्टार डॉ. राजकुमार ने निभाई थी। हिंदी फिल्मों में रेखा ने अनजाना फिल्म से अपने अभिनय की शुरूआत की। अरसे बाद यह फिल्म दो शिकारी के नाम से प्रदर्शित हुयी। फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई। बतौर अभिनेत्री के रुप में उनके सिने करियर की शुरूआत 1970 में प्रदर्शित फिल्म 'सावन भादो' से हुई। फिल्म में उनके नायक की भूमिका नवीन निश्चल ने निभायी। वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म 'दो अनजाने' उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। सही मायनों में अभिनेत्री के रूप में उनकी यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म में पहली बार उन्हें अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का मौका मिला।वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म 'घर' रेखा के सिने करियर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिए वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गई।

वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म 'खूबसूरत' रेखा की एक और सुपरहिट फिल्म रही। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिए वह फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई। वर्ष 1981 में रेखा की एक और महत्वपूर्ण फिल्म 'उमराव जान' प्रदर्शित हुई। मिर्जा हादी रूसवा के मशहूर उर्दू उपन्यास 'उमराव जान' पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने उमराव जान का किरदार निभाया। इस किरदार को रेखा ने इतनी संजीदगी से निभाया कि सिने दर्शक आज भी उसे भूल नहीं पाये हैं। इस फिल्म के सदाबहार गीत आज भी दर्शकों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

वर्ष 1981 में प्रदर्शित फिल्म 'सिलसिला' रेखा की उल्लेखनीय फिल्मों में शामिल की जाती है। माना जाता है कि यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और रेखा के बीच रिश्ते को रूपहले पर्दे पर पेश किया गया। हालांकि फिल्म टिकट खिड़की पर अधिक कामयाब नहीं रही लेकिन दर्शकों का मानना है कि यह उनकी उत्कृष्ट फिल्मों में एक है।

वर्ष 1988 में प्रदर्शित फिल्म 'खून भरी मांग' रेखा की सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है। राकेश रोशन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिए रेखा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गईं। 90 के दशक में रेखा ने फिल्मों में काम करना काफी हद तक कम कर दिया। वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी' में उन्होंने गैंगस्टर माया का किरदार निभाकर दर्शकों की वाहवाही लूटी। फिल्म में दमदार अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई।



रेखा ने कई फिल्मों में अपने बिंदास अभिनय से दर्शकों को रोमांचित किया है। इन फिल्मों में उत्सव, कामसूत्र और आस्था जैसी कई फिल्में शामिल हैं। 1970 के दशक की सर्वाधिक चर्चित और सफल फिल्मी जोड़ियों में अमिताभ बच्चन और रेखा का नाम आता है।

# भ्रूण हत्या मुक्ति के लिए किया गया 82 हजार अजन्मी बच्चियों का श्राद्ध

**वाराणसी,**10 अक्टूबर (एजेंसियां)। पुत्र चाहत में भ्रूण हत्या की मुक्ति के लिए एक गैर सरकारी संस्था द्वारा आध्यात्मिक नगरी वाराणसी में मोक्षदायिनी गंगा के तट पर मोक्ष की कामना से 10 वर्ष से लगातार विधि-विधान से पिंडदान और तर्पण करने का कार्य किया जा रहा है। संस्था अभी तक 82 हजार भ्रूण में मारी गई बच्चियों के लिए पिंडदान एवं तर्पण का कार्य कर चुकी है।

'आगमन संस्था' के संस्थापक डॉ. संतोष ओझा ने बताया कि संस्था की स्थापना 1989 में किया गया था। संस्था अनेक प्रकार की सामाजिक कार्य करती थी। 2001 से संस्था की टीम एड्स महामारी पर जनजागरण अभियान चलाया करती थी। इसी दौरान कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए संस्था की ओर से अभियान चलाया गया। डॉ. संतोष ने बताया कि एड्स जनजागरण अभियान के दौरान ही एक ऐसे व्यक्ति से मुलाकात हुई जिसने बेटे की चाह में पत्नी के गर्भ में ही पल रही पुत्री के भ्रूण को नष्ट कर दिया।

उन्होंने बताया कि इस घटना ने उन्हें अंदर तक




झकझोर दिया। तब विचार आया कि हम किसी मां के पेट में पल रहे बेटी वाले भ्रूण की हत्या को नहीं रोक सकते लेकिन उन्हीं बेटियों की मोक्ष के लिए पिंडदान और तर्पण तो कर सकते हैं। इसी क्रम में भ्रूण हत्या में मारी गई बच्चियों की मोक्ष की कामना के लिए वर्ष 2013 से संस्था कार्य करने लगी।

डॉ. ओझा ने बताया कि संस्था चालू वर्ष के पितृपक्ष में 15 हजार अनाम, ज्ञात और अज्ञात बेटियों के मोक्ष की कामना के लिए पिंडदान और तर्पण का कार्य किया है। इससे पहले पिछले नौ वर्षों में संस्था ने 67 हजार अजन्मी बच्चियों की मुक्ति के लिए विधि-विधान से श्राद्ध कर्म किया।

डॉ. संतोष ओझा ने बताया कि इस प्रकार दसवें वर्ष तक संस्था ने अब तक कुल 82 हजार अजन्मी बच्चियों की मुक्ति के लिए श्राद्ध कर्म करा चुकी है। इस पुण्य कर्म में समाज के अलग अलग वर्ग के लोग न सिर्फ साक्षी बनते हैं बल्कि बच्चियों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। संस्था इस कार्य में आने वाले खर्च का स्वत: वहन करती है।

**समृद्ध परिवारों में लड़कों के मुकाबले लड़कियों के अनुपात में अधिक गिरावट**

डॉ. ओझा ने बताया कि उनके पास आधिकारिक रूप से भ्रूण हत्या का कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। सरकार ने भी किसी प्रकार लिंग परीक्षण पर रोक लगा रखी है। लेकिन जिस प्रकार परिवार में पुत्र की आकांक्षा में भ्रूण हत्या में बढ़ोत्तरी हो रही है उसके आंकलन में यह आंकड़ा शायद बहुत कम है। अजन्मे शिशु को चाहे वह कन्या हो अथवा पुत्र गर्भ में ही समाप्त कर देना जघन्य अपराध है। धर्म ग्रंथ में भ्रूण हत्या महापाप है, इसका कोई प्रायश्चित नहीं है। उन्होंने बताया कि संस्था की स्थापना के पहले वर्ष में तीन हजार, दूसरे वर्ष सात हजार इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष एक अंदाज से भ्रूण हत्या में मारी गयी बच्चियों के मोक्ष की कामना से यह कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि समय के साथ बेटे की चाहत कम नहीं हुई है, लेकिन छोटे परिवारों का चलन बढ़ा है। पहले बेटी होने पर परिवार दूसरे बच्चे की लिंग जांच करवाकर बेटे के लिए संतुष्ट होना चाहता है। बच्ची होने पर वह भ्रूण हत्या करने से नहीं हिचकता है। शोध में मांओं की शिक्षा दर और परिवार के आर्थिक स्तर की जानकारी का अध्ययन भी किया गया जिसके मुताबिक शिक्षित और समृद्ध परिवारों में लड़कों के मुकाबले लड़कियों के अनुपात में अधिक गिरावट देखी गई।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

## रुपया तीन पैसे मजबूत

मुंबई, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। आयातकों एवं बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे मजबूत होकर 83.25 रुपए प्रति डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.28 रुपए प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया पांच पैसे की बढ़त लेकर 83.23 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली होने से 83.22 रुपए प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली होने से यह 83.29 रुपए प्रति डॉलर के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 83.28 रुपए प्रति डॉलर के मुकाबले तीन पैसे मजबूत होकर



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.90 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 2.15 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.14 प्रतिशत |
| जेएसडब्ल्यूएस स्टील | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.50 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 0.51 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.22 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.09 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## आईएमएफ ने भारत के जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया, चीन का घटाया

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मजबूत मांग के कारण भारत के लिए अपना 2023-24 का जीडीपी अनुमान बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है, जबकि चीन की विकास दर घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। आईएमएफ ने अपने वार्षिक प्रकाशन वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में कहा, 'भारत में विकास दर 2023 और 2024 दोनों में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह अप्रैल-जून के दौरान उम्मीद से अधिक खपत को दर्शाता है।' आईएमएफ ने जुलाई में इस वर्ष के लिए भारत के लिए अपना विकास पूर्वानुमान 20 आधार अंक बढ़ाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया था और अब इसे दूसरी बार बढ़ाया है। इसके साथ ही दोनों बहुपक्षीय वित्तीय एजेंसियों का विकास पूर्वानुमान भारतीय रिजर्व बैंक के 6.5 प्रतिशत के अनुमान के करीब पहुंच गया हैkआईएमएफ का नवीनतम विकास पूर्वानुमान 31 अगस्त को सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के लगभग एक महीने बाद आया है, जिसमें दिखाया गया है कि अप्रैल-जून में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आईएमएफ ने रियल एस्टेट क्षेत्र में गिरावट का हवाला देते हुए चीन के लिए विकास पूर्वानुमान को 2023 के लिए 20 आधार अंक घटाकर 5 प्रतिशत और 2024 के लिए 30 आधार अंक घटाकर 4.2 प्रतिशत कर दिया।

आईएमएफ ने कहा, 'चीन में, 2022 में महामारी से संबंधित मंदी और रियल स्टेट के संकट ने उत्पादन घाटे में लगभग 4.2 प्रतिशत का योगदान दिया है। अन्य उभरते बाजार और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में और भी कमजोर सुधार देखा गया है, विशेष रूप से कम आय वाले देश में।' 'प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे मजबूत सुधार अमेरिका में हुआ है, जहां 2023 में जीडीपी कोविड से पहले के जीडीपी से ऊपर जाने का अनुमान है। यूरो क्षेत्र में सुधार हुआ है, हालांकि कम मजबूती से - उत्पादन अभी भी महामारी-पूर्व अनुमानों से 2.2 प्रतिशत कम है। यह यूक्रेन में युद्ध का जोखिम और संबंधित प्रतिकूल व्यापार शर्तों का झटका, साथ ही आयातित ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी को दिखाता है।'



आईएमएफ ने मजबूत मांग के कारण भारत के लिए अपना 2023-24 का जीडीपी अनुमान बढ़ाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया

## नंबरलेस क्रेडिट कार्ड के लिए एक्सिस बैंक और फाइब ने की साझेदारी

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक एक्सिस बैंक और फिनटेक फाइब ने आज तकनीक-प्रेमी जनरेशन जेड के लिए भारत का पहला बिना नंबर वाला क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के उद्देश्य से साझेदारी करने का ऐलान किया। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि बिना नंबर वाले क्रेडिट कार्ड से ग्राहकों को आला दर्जे की सुरक्षा हासिल होती है, क्योंकि प्लास्टिक कार्ड पर कार्ड नंबर, समाप्ति तिथि या सीवीवी मुद्रित नहीं होता है। इससे पूर्ण सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करते हुए पहचान की चोरी या ग्राहक के कार्ड विवरण तक अनधिकृत पहुंच का जोखिम कम हो जाता है। ग्राहक फाइब ऐप पर अपने फाइब एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड का विवरण आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी निजी जानकारी लीक होने का डर नहीं रहता। को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड सभी रेस्तरां एग्रीगेटर्स पर ऑनलाइन फूड डिलीवरी, राइड-हेलिंग ऐप्स पर लोकल आवाजाही और ऑनलाइन टिकटिंग प्लेटफॉर्म पर एंटरटेनमेंट जैसी सुविधाओं पर पर कैशबैक जैसी सुविधाएं देता है। इसके अलावा, ग्राहकों को सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन लेनदेन पर भी कैशबैक मिलता है।रुपे द्वारा संचालित होने से ग्राहक इस क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक करने की सुविधा पाते हैं।




यह कार्ड सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म के अलावा सभी ऑफलाइन स्टोर्स पर भी चलेगा। अतिरिक्त सुविधा के लिए इसमें टैप-एंड-पे सुविधा भी है। इसके अलावा, इस कार्ड में जीवन भर के लिए शून्य ज्वाइनिंग शुल्क और शून्य वार्षिक शुल्क है। यह कार्ड फाइब के मौजूदा 21 लाख से अधिक ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा। एक्सिस बैंक के साथ इस साझेदारी पर फाइब के सह संस्थापक और सीईओ अक्षय मेहरोत्रा ने कहा, 'एक्सिस बैंक के साथ मिलकर भारत का पहला नंबरलेस क्रेडिट कार्ड पेश करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। भारत के महत्वाकांक्षी युवाओं को सुरक्षित और समावेशी वित्तीय समाधान उपलब्ध करवाने की हमारी कोशिश में अब यह कार्ड भी जुड़ गया है। हमारा लक्ष्य अपने यूजर्स को यूपीआई पेमेंट की सुविधा के साथ एक सुरक्षित पेमेंट इकोसिस्टम के साथ सशक्त बनाना है, यह अपनेआप में क्रेडिट कार्ड की दुनिया में एक नया बेंचमार्क बनाने वाला कार्ड है।' एक्सिस बैंक में कार्ड एंड पेमेंट के अध्यक्ष और प्रमुख संजीव मोघे ने कहा, एक्सिस बैंक एक फुल सुइट कार्ड और पेमेंट कंपनी है और हम इनोवेशन वाले साझेदारी मॉडल बनाने में आगे रहते हैं। हम अपने ग्राहकों को लाभ पहुंचाने वाली विभिन्न पेशकशों के साथ भारत में औपचारिक ऋण तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## वेतन में बदलाव को लेकर मुंबई में स्विगी डिलीवरी कर्मचारी तीसरे दिन भी हड़ताल पर

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। मुंबई में स्विगी डिलीवरी कर्मचारियों ने भुगतान में बदलाव के कारण तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रखी है, जिससे शहर के कई हिस्सों में देरी और सेवाओं की अनुपलब्धता हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्विगी राइडर्स अपने रेट कार्ड में हालिया बदलाव और डिलीवरी रेडियस में बढ़ोतरी के कारण विरोध कर रहे हैं। स्विगी पर ऑर्डर डिलीवर करने वाले गिग (छोटे काम करने वाले) कर्मचारी हैं, जिन्हें प्रति ऑर्डर भुगतान किया जाता है और कंपनी द्वारा नियोजित नहीं किया जाता है। शुरुआती विरोध प्रदर्शन बांद्रा में राष्ट्रीय कर्मचारी सेना से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा शुरू किया गया था, लेकिन अन्य समूह भी इसमें शामिल हो गए, जिसके चलते पूरे मुंबई में छिटपुट विरोध प्रदर्शन हुए, जो स्विगी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। रिपोर्ट के अनुसार, डिलीवरी अधिकारियों का दावा है कि उनका आधार वेतन 20 रुपए पर बना हुआ है, जबकि उनकी डिलीवरी का दायरा 4 किमी से बढ़कर 6 किमी हो गया है। डिलीवरी अधिकारियों के कुल मुआवजे में मूल वेतन के साथ-साथ यात्रा व्यय और अन्य कारकों के लिए अतिरिक्त राशि भी शामिल है। विरोध प्रदर्शन के कारण शहर के कई लोगों को स्विगी ऐप पर ऑर्डर देने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## सीमेंस एक्सिलरेटर के लिए चार इकोसिस्टम साझेदारों की घोषणा

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीमेंस लिमिटेड ने खाद्य और पेय, डेटा सेंटर, वाणिज्यिक भवन, पावर यूटिलिटीज और अन्य जैसे कई उद्योगों में भारत के लिए प्रासंगिक 100 डिजिटल उपयोग और संदर्भ मामलों को शामिल करके अपने सीमेंस एक्ससेलेरेटर प्लेटफॉर्म के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि सीमेंस एक्ससेलेरेटर एक खुला और विकसित हो रहा डिजिटल बिजनेस प्लेटफॉर्म है जिसके व्यापक पोर्टफोलियो को सावधानी से चुनकर तैयार किया गया है जिसमें सीमेंस और प्रमाणित तृतीय पक्षों से डिजिटल और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) -सक्षम ऑफ़र (सॉफ़्टवेयर, हार्डवेयर और डिजिटल सेवाएं) शामिल हैं। सीमेंस एक्ससेलेरेटर पोर्टफोलियो का एक हिस्सा इंडस्ट्रियल ऑपरेशंस एक्स है, जो औद्योगिक उत्पादन को स्वचालित करने और



बिल्डिंग एक्स, जो बिल्डिंग ऑपरेशंस को डिजिटल बनाने, प्रबंधित करने और अनुकूलित करने के लिए एक स्केलेबल डिजिटल बिल्डिंग प्लेटफॉर्म है, को संचालित करने के लिए एक खुला और इंटरऑपरेबल पोर्टफोलियो है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), कॉन्सेप्ट इंजीनियर्स, सेफेक्स टेक्नोलॉजीज और सोनिकबोल्ट टेक्नोलॉजीज को सीमेंस एक्ससेलेरेटर इकोसिस्टम साझेदारों के रूप में घोषित किया गया है। टीसीएस, सीमेंस एक्ससेलेरेटर के साझेदार के रूप में कनेक्टेड डिजिटल एंटरप्राइज के लिए समग्र समाधान प्रदान करने हेतु परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से ग्राहकों के साथ जुड़ेगी। ये समाधान सिमुलेशन, औद्योगिक स्वचालन, आईओटी, औद्योगिक बढ़त, 5जी, साइबर सुरक्षा, उत्पाद और एप्लीकेशन लाइफ साइकिल प्रबंधन, विनिर्माण निष्पादन प्रणालियों, उद्यम संसाधन योजना निर्माण, उद्यम परिसंपत्ति प्रबंधन और लो-कोड एप्लिकेशन डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों में टीसीएस की विशेषज्ञता पर आधारित होंगे। कॉन्सेप्ट इंजीनियर्स, सेफक्स टेक्नोलॉजीज और सोनिकबोल्ट टेक्नोलॉजीज एचवीएसी, अग्नि सुरक्षा और सुरक्षा प्रणालियों के एकीकृत भवन प्रबंधन समाधान और एकीकरण सेवाएं प्रदान करेंगी। इनमें एनर्जी ऑप्टिमाइज़ेशन, बिल्डिंग इंफॉर्मेशन मॉडलिंग इंटीग्रेशन, डिजिटलाइजेशन, क्लाउड-बेस्ड ऑफरिंग और बिल्डिंग ऑटोमेशन के साथ-साथ बिल्डिंग एक्स के लिए भी एकीकरण सेवाएं शामिल हैं।

## सार संक्षेप

### ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन बुधवार से राजधानी में

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आमंत्रण पर आठवां ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा सम्मेलन (ब्रिक्स आईसीसी) बुधवार को राजधानी में शुरू हो रहा है। कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि दो दिन के इस सम्मेलन का विषय है- 'प्रतिस्पर्धा कानून और नीति में नए मुद्दे - आयाम, परिप्रेक्ष्य, चुनौतियां।' इस सम्मेलन में भारत और ब्रिक्स समूह के अन्य देशों के अलावा कुछ गैर-ब्रिक्स देशों के प्रतिस्पर्धा प्राधिकरणों, प्रतिस्पर्धा कानून विशेषज्ञों, गैर-सरकारी सलाहकारों सहित कुल 600 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी। राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक भूषण बुधवार को ब्रिक्स आईसीसी के उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण देंगे। सीसीआई की अध्यक्ष रवनीत कौर ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ब्रिक्स आईसीसी एक दशक के बाद भारत में आयोजित होने वाला एक महत्वपूर्ण आयोजन है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर आज अमेरिकी क्रूड 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 86.29 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत गिरकर 88.06 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### ईडी ने वीवो मोबाइल से जुड़े पीएमएलए मामले में चीनी नागरिक, लावा इंटरनेशनल के एमडी को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। चीनी मोबाइल निर्माता वीवो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में, ईडी ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में एक चीनी नागरिक और लावा इंटरनेशनल के एमडी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी के एक शीर्ष सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि एजेंसी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान चीनी नागरिक गुआंगवेन क्यांग उर्फ एंड्रयू कुआंग, लावा इंटरनेशनल के एमडी हरिओम राय, चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) राजन मलिक और नितिन गर्ग के रूप में हुई है। ईडी की कार्रवाई लगभग एक साल से अधिक समय बाद हुई है, जब उसने वीवो मोबाइल्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और उसकी 23 सहयोगी कंपनियों जैसे ग्रैंड प्रॉस्पेक्ट इंटरनेशनल कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड (जीपीआईसीपीएल) से संबंधित देश भर में 48 स्थानों पर तलाशी ली थी।ҕ

## रियल्टी और धातु समूह में जबरदस्त लिवाली से बाजार को लगे पंख

**मुंबई,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी फेड रिजर्व के बॉन्ड यील्ड में जबरदस्त तेजी को देखते हुए ब्याज की ऊंची दर को उचित ठहराने के संकेत से विश्व बाजार के सकारात्मक संकेत से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 566.97 अंक अर्थात 0.87 प्रतिशत की छलांग लगाकर 66079.36 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 177.50 अंक यानी 0.91 प्रतिशत की तेजी लेकर 19689.85 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 1.14 प्रतिशत की उड़ान भरकर 32,047.51 अंक और स्मॉलकैप 1.26 प्रतिशत उछलकर 37,678.75 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3789 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2553 में लिवाली जबकि 1103 में बिकवाली हुई वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियां हरे जबकि पांच लाल निशान पर रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान रियल्टी 4.08, धातु



2.59, दूरसंचार 2.24, कमोडिटीज 1.52, सीडी 1.03, ऊर्जा 1.29, एफएमसीजी 0.72, वित्तीय सेवाएं 1.24, हेल्थकेयर 0.09, इंडस्ट्रियल्स 0.95, आईटी 0.97, यूटिलिटीज 0.84, ऑटो 1.23, बैंकिंग 1.24, कैपिटल गुड्स 0.53, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.30, तेल एवं गैस 0.70, पावर 0.96, टेक 1.15 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.96 प्रतिशत उछल गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.48, जर्मनी का डैक्स 1.61, जापान का निक्केई 2.43 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.84 प्रतिशत उछल गया जबकि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के चीन के आर्थिक विकास अनुमान घटाने से शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रतिशत लुढ़क गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 150 अंक की तेजी लेकर 65,662.27 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का निचला स्तर रहा। इसके बाद हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 66,180.17 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 65,512.39 अंक के मुकाबले 0.87 प्रतिशत की छलांग लगाकर 66,079.36 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी 53 अंक बढ़कर 19,565.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,565.45 अंक के निचले जबकि 19,717.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,512.35 अंक की तुलना में 0.91 प्रतिशत की उड़ान भरकर 19,689.85 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 2.90, कोटक बैंक 2.15, टाटा मोटर्स 2.14, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 2.09, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.50, आईसीआईसीआई बैंक 1.40, टाटा स्टील 1.17, एसबीआई 1.13, मारुति 1.04, पावरग्रिड 0.87, एनटीपीसी 0.60, एचडीएफसी बैंक 0.56, रिलायंस 0.47, सन फार्मा 0.27 और एलटी ने 0.04 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, इंडसइंड बैंक 0.51, टीसीएस 0.22, टाइटन 0.09 और एशियन पेंट ने 0.05 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## सर्च इंजन बाजार में गूगल की हिस्सेदारी 92 प्रतिशत पर बरकरार

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। डकडकगो की एक रिपोर्ट के अनुसार सर्च इंजन बाजार के मामले में गूगल ने एक बार फिर अपना दबदबा बरकरार रखा है। इस साल अगस्त तक टेक दिग्गज ने बाजार में 91.7 फीसदी हिस्सेदारी हासिल कर ली है। इसने माइक्रोसॉफ्ट के बिंग, याहू जैसे प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ दिया है। टेकोपीडिया डॉट कॉम के अनुसार, माइक्रोसॉफ्ट, जिसने खोज इंजन बाजार में गूगल के साथ प्रतिस्पर्धा करने के प्रयास में सबसे पहले अपने बिंग सर्च इंजन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पेश की थी, उसके पास बाजार हिस्सेदारी का केवल तीन प्रतिशत हिस्सा था। इस महीने की शुरुआत में, माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और सीईओ सत्य नडेला ने स्वीकार किया कि बिंग सर्च इंजन गूगल जितना अच्छा नहीं है, और एप्पल का डिफ़ॉल्ट सर्च इंजन बनने से वास्तव में बिंग को वैश्विक खोज बाजार में बढ़ने में मदद मिल सकती है।

■ डकडकगो की एक रिपोर्ट के अनुसार सर्च इंजन बाजार के मामले में गूगल ने एक बार फिर अपना दबदबा बरकरार रखा

अन्य खोज इंजन, जैसे यांडेक्स (1.5 प्रतिशत), याहू (1.2 प्रतिशत),




बैदू (1.1 प्रतिशत), और डकडकगो (0.5 प्रतिशत) की बाजार हिस्सेदारी कम थी। रिपोर्ट के अनुसार अगस्त तक गूगल ने वैश्विक मोबाइल खोज इंजन बाजार में 95.2 प्रतिशत की आश्चर्यजनक हिस्सेदारी हासिल कर ली। गूगल के बाद, यांडेक्स और बैदू दोनों के पास बाजार का 1.3 प्रतिशत हिस्सा था। याहू ने 0.6 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की, जबकि बिंग और डकडकगो ने 0.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की।

## ग्लोबल टीडब्ल्यूएस मार्केट में 2 प्रतिशत की गिरावट, इंडियन ब्रांड्स को आगे बढ़ा रहे एंट्री-लेवल डिवाइस

**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्लोबल ट्रू वायरलेस स्टीरियो (टीडब्ल्यूएस) ईयरफोन बाजार की यूनिट बिक्री में केवल 2 प्रतिशत (साल-दर-साल) की गिरावट आई है, क्योंकि उभरते बाजारों, मुख्य रूप से भारत में एंट्री-लेवल (50 डॉलर से कम) सेगमेंट में वृद्धि जारी रही है। काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में बोट, बोल्ट ऑडियो और नॉइज जैसे लोकल टीडब्ल्यूएस ब्रांडों ने एंट्री-लेवल मॉडल के व्यापक पोर्टफोलियो द्वारा संचालित 2023 की दूसरी तिमाही में मजबूत दोहरे अंकों की सालाना वृद्धि दर्ज की। नए किफायती मॉडलों की मांग को पूरा करने के लिए बोट ने अमेजन प्राइम डे, फ्लिपकार्ट बिग सेविंग डेज और अन्य ऑनलाइन प्रमोशन जैसे ऑनलाइन शॉपिंग इवेंट का सफलतापूर्वक लाभ उठाया।



बोल्ट ऑडियो ने किफायतीपन पर विशेष ध्यान देते हुए रणनीतिक रूप से 25 डॉलर से कम कीमत वाले नए मॉडलों की एक सीरीज लॉन्च की, जो कस्टमर्स को प्रभावी ढंग से आकर्षित कर रही है। नॉइज की प्रमुख मॉडल सीरीज, नॉइज वीएस102 और वीएस404 को उनकी किफायती कीमत, साउंड क्वालिटी और लॉन्ग बैटरी लाइफ के कारण खूब सराहा गया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 2023 में नॉइज एनिवर्सरी सेल्स के दौरान अपने ऑडियो प्रोडक्ट्स पर 80 प्रतिशत तक की छूट की पेशकश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि 25 डॉलर और उससे कम (खुदरा मूल्य) सेगमेंट में मॉडल्स के बेहतर परफॉर्मेंस ने भी बिक्री बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।

## 'फ्यूल' ने 17वां स्थापना दिवस मनाया 90 वंचित छात्रों को प्रदान की छात्रवृत्ति

**पुणे,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाशिए पर रहने वाले युवाओं को सशक्त बनाने के लिए समर्पित एक गैर-लाभकारी संगठन 'फ्यूल' (फ्रेंड्स यूनियन फॉर एनर्जाइजिंग लाइव्स) ने वंचित समुदायों के उत्थान के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पुणे में अपना 17वां स्थापना दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में आकर्षक गतिविधियां शामिल थी। इसमें 90 वंचित महिला छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना शामिल था, जो कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने के लिए 'फ्यूल' के समर्पण को प्रदर्शित करता था। इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रतिष्ठित हस्तियां, नीति निर्माता, उद्योग जगत के नेता और सरकारी प्रतिनिधि उपस्थित थे। उत्सव का मुख्य आकर्षण फ्यूचर स्किल्स समिट था। शिखर सम्मेलन में शिक्षा और कौशल विकास में भविष्य के कौशल, टैलेंट एक्विजिशन और सीएसआर में इनोवेशन पर चर्चा हुई।

उल्लेखनीय अतिथियों में राहुल नार्वेकर - महाराष्ट्र विधान सभा के अध्यक्ष, हर्षिता नार्वेकर - सामाजिक कार्यकर्ता और नगरसेवक बीएमसी, कर्नल राजेश ओहोल - उपाध्यक्ष हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया, पराग देशमुख - निदेशक इंटरनेशनल बिजनेस सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, पनीश राव - चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर एलटीआई माइंडट्री, टीना रस्तोगी - ग्लोबल हेड ह्यूमन रिसोर्सेज, साइबेज सॉफ्टवेयर, दीपिका ठाकुर - प्रोडक्ट मैनेजर एचआर एप्लीकेशन, यूबीएस, रोहित शर्मा - हेड एचआर सर्विसेज, बायर, अश्विनी सक्सेना - सीईओ, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन, शैलेश जैन - हेड सीएसआर और ग्लोबल रिस्पॉन्सिबल बिजनेस प्रोग्राम, इंडिया जीडीसी, फुजित्सु, केतन देशपांडे - फ्यूल और फ्यूल बिजनेस स्कूल (एफबीएस) के संस्थापक और अध्यक्ष, संतोष हुरालिकोप्पी - चीफ मेंटर फ्यूल, मयूरी देशपांडे - चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर फ्यूल और डॉ. प्रतिमा शेरे - डीन फ्यूल बिजनेस स्कूल शामिल थे।


स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें एक मार्मिक समारोह भी शामिल था, जहां वंचित पृष्ठभूमि की 90 योग्य महिला छात्रों को छात्रवृत्ति से सम्मानित किया गया। ये छात्रवृत्तियां फ्यूल, एलटीआई माइंडट्री और ऑरेकल छात्रवृत्ति कार्यक्रम के बीच समझौता ज्ञापन का हिस्सा थी, विशेष रूप से फ्यूल बिजनेस स्कूल (एफबीएस) में महिला पीजीडीएम छात्रों के लिए। इन छात्रों को उच्च शिक्षा और आशाजनक करियर के लिए सशक्त बनाने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में फ्यूल छात्रों की दृढ़ता को प्रदर्शित करने वाली पुस्तक 'फ्यूल होप स्टोरीज़' का अनावरण और सक्षम डिजिटल कौशल कार्यक्रम का शुभारंभ भी शामिल था। कार्यक्रम छात्रों को कंप्यूटर साक्षरता, कोडिंग, डेटा विश्लेषण, ऑनलाइन संचार, साइबर सुरक्षा और डिजिटल टूल और सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों में दक्षता जैसे आवश्यक कौशल से लैस करता है।

विशिष्ट अतिथि महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा, 'फ्यूल के 17वें स्थापना दिवस पर मैं केतन देशपांडे और पूरी टीम को कौशल विकास, प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति के माध्यम से वंचित युवाओं को सशक्त बनाने में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देता हूं।

# खेल जगत

## फुटबॉलर ईडन हैज़र्ड ने 32 साल की उम्र में लिया संन्यास

**ला लौविएर,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चेल्सी के पूर्व विंगर ईडन हैज़र्ड ने पिछले सीज़न के अंत में रियल मैड्रिड छोड़ने के बाद फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की। जून में मैड्रिड के साथ अनुबंध समाप्त होने के बाद ये खिलाड़ी किसी क्लब का हिस्सा नहीं था। इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट के जरिए ईडन हैजर्ड ने संन्यास की घोषणा की। हैजर्ड ने लिखा, आपको खुद की बात सुननी चाहिए और कहना चाहिए कि सही समय पर रुकें। 16 साल और 700 से अधिक मैच खेलने के बाद, मैंने एक पेशेवर के रूप में अपना करियर खत्म करने का फैसला किया है। मैंने अपने सपने पूरे किए और दुनिया भर की कई मैदानों पर खेलना शानदार रहा। अपने करियर के दौरान मैं अपना साथ देने वाले प्रबंधकों, कोचों और टीम के साथियों को धन्यवाद कहना चाहता हूं। मैं आप सभी को याद करूंगा। मैं उन क्लबों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिनके लिए मैंने खेला है।



# मलान के प्रहार से बांग्लादेश चारों खाने चित्त, इंग्लैंड 137 रन से जीता





धर्मशाला 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। डेविड मलान (140) के शतकीय प्रहार के बाद रीस टॉप्ली(43 रन पर चार विकेट) के कातिलाना प्रदर्शन के बूते इंग्लैंड ने मंगलवार को आईसीसी विश्वकप के मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 137 रनों से बड़ी जीत दर्ज की।

इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 364 रन बनाये जिसके जवाब में बांग्लादेश की पूरी टीम 48.2 ओवर के खेल में 227 रन पर ही सिमट गयी। इंग्लैंड की जीत की बुनियाद सलामी बल्लेबाज डेविड मलान ने रखी जिन्होने मात्र 107 गेंदों में 140 रनों ठोक दिये। मलान के अलावा जो रूट के 68 गेंदों में 82 रन और जॉनी बेयरस्टो की 52 रनो की अर्धशतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड भारी भरकम स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

सात रन प्रति ओवर से अधिक की रन गति से लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश दवाब में बिखर गयी जब उसके चार अहम बल्लेबाज मात्र 49 रन जोड़ कर पवेलियन लौट गये। तंजिद हसन,नजमुल शांतो और शाकिब उल हसन का विकेट निकाल कर टाप्ली ने मैच की दिशा को अपनी टीम के पक्ष में मोड़ दिया। इस बीच एक छोर पर जमे लिटन दास (76) ने अंग्रेजों का जम कर सामना किया और तेजी से स्कोरबोर्ड को चलाने का भरपूर प्रयास किया मगर अभी स्कोरबोर्ड पर 121 रन ही टंगे थे कि दास क्रिस वोक्स की तेजी से बाहर निकलती गेंद पर बल्ला अड़ा बैठे और गेंद विकेटकीपर के दस्तानों में समा गयी।

बाद में मुशफ़िक़ुर रहीम (51) और मो. तौहीद हृदोय (39) ने इंग्लिश गेंदबाजों का दिलेरी से सामना किया मगर मैच का परिणाम इंग्लैंड के पक्ष में तय हो चुका था। मुश्फिकुर रहीम ने 64 गेंदों पर 51 रनों का योगदान दिया. जबकि तौहीद हृदय ने 61 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली।

इससे पहले आज यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और डेविड मलान ने पहले विकेट के लिए 115 रनों की साझेदारी की। इंग्लैंड को पहला झटका 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर सलामी बल्लेबाज बेयरस्टो के रूप में लगा। उन्हें शाकिब ने बोल्ड आउट किया। उन्होंने 59 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 52 रन बनाए। डेविड मलान ने 91 गेंदों में 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से 32वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। 38वें ओवर की दूसरी गेंद पर इंग्लैंड का दूसरा विकेट डेविड मलान 140 के रूप में गिरा उन्हें मेहदी हसन बोल्ड आउट किया।

40वें ओवर की चौथी गेंद पर बटलर 10 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शोरफुल इस्लाम ने बोल्ड आउट किया। 42वें ओवर की पांचवीं पर जो रूट 82 रन और फिर इसी ओवर की छठी गेंद पर लियम लिविंगस्टन शून्य पर आउट हुए। रूट को इस्लाम ने मुशफ़िक़ुर के हाथों कैच आउट कराया। इंग्लैंड का सातवां विकेट सैम कुरेन 15 गेंदों में 11 रन के रूप में गिरा। कुरेन को महेदी ने शांतो के हाथों कैच आउट कराया। क्रिस वोक्स 14 रन को महेदी की गेंद पर तस्किन ने कैच आउट किया। आदिल रशीद 11रन को महेदी की गेंद पर शांतो ने पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। मार्क वुड छह रन और रीस टॉप्ले एक रन बनाकर नाबाद रहे।

बंगलादेश की ओर से महेदी हसन ने 71 रन देकर सबसे अधिक चार विकेट

## मेंडिस व समरविक्रमा के प्रहार से श्रीलंका ने बनाये 344 रन

**हैदराबाद।** कुसल मेंडिस (122) और सदीरा समराविक्रमा (108) के बीच 111 रन की तूफानी साझीदारी की मदद से श्रीलंका ने मंगलवार को विश्व कप के एक मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ नौ विकेट पर 344 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा कर लिया। राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका को कुसल परेरा (शून्य) के तौर पर पहला झटका दूसरे ओवर में लगा मगर इसकी परवाह किये बगैर पथुम निसंका (51) और कुसल मेंडिस ने संभल कर खेलते हुये टीम के स्कोर को तीन अंकों पर पहुंचा दिया। निसंका पारी के 18वें ओवर में शादाब खान की गेंद को उड़ाने के प्रयास में थर्ड मैन पर लपके गये। इस बीच एक छोर पर नजरें जमा चुके कुसल मेंडिस का बल्ला पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ आग उगलने लगा था जिसको नये बल्लेबाज समराविक्रमा ने अपनी बल्लेबाजी से और हवा दी। दोनो बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये 69 गेंदों में 111 रन जोड़ दिये। मेंडिस ने अपनी शतकीय पारी में 77 गेंद खेल कर 14 चौके और छह छक्के लगाये। वह हसन अली की गेंद पर डीप मिड विकेट पर सीमा रेखा के पास खड़े इमाम उल हक के हाथों आउट हुये। हसन ने अपने अगले ही ओवर में नये बल्लेबाज चरिथ असलंका (1) को अपना शिकार बनाया। सदीरा समराविक्रमा भी हसन की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। उन्होने 89 गेंद खेल कर 11 चौके और दो छक्के लगाये। हसन पाकिस्तान के सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होने अपने स्पेल में 71 रन खर्च कर चार महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को पवलेयिन का रास्ता दिखाया जबकि हारिस रउफ ने दो विकेट झटके। शादाब खान,शाहीन शाह अफरीदी और मोहम्मद नवाज को एक एक विकेट मिला।

## शुभमन गिल ठीक हो रहे हैं, अस्पताल में भर्ती होने के बाद वह होटल में वापस आ गए हैं : विक्रम राठौड़



नई दिल्लली, 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि शुभमन गिल उस बीमारी से ठीक हो रहे हैं जिसके कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच से बाहर रहे थे, जबकि दाएं हाथ का यह सलामी बल्लेबाज अस्पताल से चेन्नई के होटल में वापस आ गया है। उन्हें एहतियात के तौर पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार को, बीसीसीआई ने बीमारी की प्रकृति को निर्दिष्ट किए बिना एक बयान में कहा कि गिल बीमारी के कारण बुधवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के भारत के दूसरे मैच में नहीं खेल पाएंगे। वह मेडिकल टीम की निगरानी में चेन्नई में ही रुके हुए हैं।

राठौर ने मैच से पहले मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह ठीक हो रहा है। हां, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन यह एहतियात के तौर पर था। वह चेन्नई के होटल में वापस आ गए हैं और ठीक हो रहे हैं। इसलिए, मेडिकल टीम द्वारा उनकी निगरानी की जा रही है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि वह जल्द ही ठीक हो जाएंगे और अच्छे दिखेंगे।

गिल पिछले डेढ़ साल से अधिक समय से भारत की एकदिवसीय क्रिकेट योजना का अहम हिस्सा रहे हैं। वह इस साल इस प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, उन्होंने 72.35 की औसत और 105.03 की स्ट्राइक रेट से 1230 रन बनाए हैं, जिसमें उनके पिछले चार वनडे मैचों में दो शतक और इतने ही अर्द्धशतक शामिल हैं।

गिल की अनुपस्थिति में बाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने चेन्नई में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत की. लेकिन 200 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत 2-3 रन पर सिमट गया क्योंकि किशन, रोहित और श्रेयस अय्यर शून्य पर आउट हो गए - वनडे में भारत के साथ ऐसा पहली बार हुआ।

लेकिन केएल राहुल (नाबाद 97) और विराट कोहली (85) ने छह विकेट और 52 गेंद शेष रहते लक्ष्य का पीछा करने और मेजबान टीम के अभियान को शानदार शुरुआत देने के लिए जबरदस्त दबाव में भारत की शानदार वापसी की। भारत बुधवार को नई दिल्ली में अफगानिस्तान से भिड़ने पर अभियान की अच्छी शुरुआत करने का लक्ष्य रखेगा।

## पीकेएल ऑक्शन में पवन सहरावत को तेलुगु टाइटंस ने 2.60 करोड़ में खरीदा



**मुंबई,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 के खिलाड़ियों की नीलामी के पहले दिन पवन सहरावत सबसे महंगे खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्हें तेलुगु टाइटंस ने 2.60 करोड़ में अपने साथ जोड़ा है। इस बीच, मोहम्मदरेज़ा शादलौई चियानेह प्रो कबड्डी लीग प्लेयर नीलामी में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बनकर उभरे, जिन्हें पुनेरी पलटन ने 2.35 करोड़ रुपये में खरीदा। इस खिलाड़ी नीलामी में 1 करोड़ क्लब में पिछली खिलाड़ी नीलामी में चार खिलाड़ियों से बढ़कर पांच खिलाड़ियों तक की बढ़ोतरी देखी गई। नीलामी में पवन सेहरावत, मोहम्मदरेज़ा शादलौई चियानेह, मनिंदर सिंह, फजल अत्राचली और सिद्धार्थ देसाई 1 करोड़ क्लब का हिस्सा थे। 12 फ्रेंचाइजी टीमों को कुल 23 खिलाड़ी बेचे गए, जिनमें से 6 फाइनल बिड मैच (एफबीएम) कार्ड पहले दिन इस्तेमाल किए गए।

अनुपम गोस्वामी, हेड स्पोर्ट्स लीग्स, मशाल स्पोर्ट्स और लीग कमिश्नर, प्रो कबड्डी लीग ने कहा, प्रो कबड्डी लीग प्लेयर ऑक्शन में यह एक बड़ा दिन था। हमने देखा कि पांच खिलाड़ियों ने 1 करोड़ का आंकड़ा पार किया। यह देखना बेहद खास था कि पवन ने अब तक की सबसे अधिक खरीदारी का अपना रिकॉर्ड दोबारा हासिल कर लिया है। शादलूई ने पहले ही दिन में अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया था। दूसरे दिन और भी एक्शन होना बाकी है और उम्मीद है कि सभी फ्रेंचाइजी सीजन 10 के लिए अच्छी तरह से संतुलित टीम बनाने में सक्षम होंगी। नीलामी का मुख्य आकर्षण पवन कुमार सहरावत का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ना था, जब तेलुगु टाइटंस ने उन्हें 2.6 करोड़ रुपये की भारी रकम पर खरीदा। इससे पहले, उन्हें तमिल थलाइवास ने 2.26 करोड़ रुपए में खरीदा था।

## भारतीय स्पिन चुनौती के लिए तैयार है अफगानिस्तान : शाहिदी



**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व कप-2023 के शुरुआती मैच में बांग्लादेश ने शुरुआत अच्छी की लेकिन शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज की स्पिन के आगे घुटने टेक दिए थे। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में मेजबान भारत के खिलाफ दूसरे मुकाबले में अफगानिस्तान के बल्लेबाजों के लिए स्पिन का सामना करने की चुनौती बढ़ जाएगी। मेजबान टीम रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव और रविचंद्रन अश्विन की अपनी स्पिन तिकड़ी के साथ स्पिन-अनुकूल चेन्नई पिच पर खतरनाक साबित हुई। इस बीच अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी, जो खुद स्पिन के खिलाफ संघर्ष करते नजर आए, लेकिन उनका मानना था कि उनकी बल्लेबाजी इकाई में स्पिनरों के खिलाफ पहले मैच की तुलना में बेहतर खेलने की क्षमता है।

प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में अफगानिस्तान के कप्तान ने कहा, हम नेट सत्र में बेहतर स्पिनरों के साथ खेलते हैं। आप राशिद, नबी, नूर और मुजीब को देखते हैं जो दुनिया के बेस्ट स्पिनर हैं। हम उन्हें हर दिन खेलते हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि स्पिन गेंदबाजी खेलने में हमारी टीम बेहतर है। हां, हमें बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन आप यह नहीं कह सकते कि हम एक मैच में (स्पिन के खिलाफ) पर्याप्त अच्छे नहीं हैं। हम जानते हैं कि हम स्पिनरों को बेहतर खेल सकते हैं और हम अगले मैच में हर विभाग में वापसी करने की कोशिश करेंगे। बांग्लादेश से हार के बावजूद, शाहिदी का यह विश्वास है कि उनकी टीम 2015 और 2019 संस्करण में भाग लेने वाली टीमों से बेहतर है। अफगानिस्तान को भारत के पूर्व कप्तान अजय जड़ेजा की मौजूदगी से भी मदद मिल रही है, जो टीम के साथ उनके मेंटर के रूप में जुड़े हैं।

## सऊदी अरब ने फीफा विश्व कप 2034 में बोली के लिए आधिकारिक पत्र जमा किया



**रियाद,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ (सैफ) ने वर्ष 2034 में होने वाले फुटबॉल विश्व कप की बोली लगाने की घोषणा करते हुए इस आशय का एक आधिकारिक पत्र फीफा को जमा किया है। सऊदी प्रेस एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सऊदी अरब ने पहले पिछले बुधवार को फुटबॉल टूर्नामेंट के 2034 संस्करण के लिए बोली लगाने की घोषणा की थी और सैफ के अध्यक्ष यासर अल मिसेहाल द्वारा हस्ताक्षरित आशय पत्र को आधिकारिक तौर पर फीफा द्वारा निर्धारित बोली प्रक्रिया शुरू करने के लिए उसकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

सैफ ने कहा कि 2034 फीफा विश्व कप के लिए बोली लगाने का सऊदी अरब का यह ऐतिहासिक कदम है और यह सभी स्तरों पर फुटबॉल के नए अवसरों को खोलने के देश के लक्ष्य और दुनिया के सभी कोनों में खेल के विकास का समर्थन करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अल मिसेहल ने कहा कि यह समर्पण उस बेहद रोमांचक यात्रा का दूसरा चरण है जिस पर देश चल रहा है। सऊदी अरब फुटबॉल, मोटरस्पोर्ट्स, टेनिस, घुड़सवारी, ईस्पोर्ट्स और गोल्फ सहित 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय आयोजन कर चुका है।

## चिराग-सात्विक पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे



**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (एजेंसियां)। चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी बैडमिंटन युगल में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बन गई है। हाल ही में एशियाई खेलों में बैडमिंटन स्पर्धा में इस भारतीय जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था और इसके साथ ही चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में दो स्थान ऊपर पहुंच गये है। चिराग-सात्विकसाईराज ने फाइनल में कोरिया गणराज्य के किम वोन्हो-चोई सोलग्यू को सीधे गेमों में हराकर में यह उपलब्धि अपने नाम की है। इस साल की शुरुआत में, चिराग शेट्टी-सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 2023 स्विस ओपन में एक साथ अपना पहला ख़िताब जीता था। उन्होंने एशियन चैंपियनशिप दुबई में भी फाइनल में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के रेन जियानग्यू और टैन कियांग को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। वहीं जून में चिराग और सात्विकसाईराज ने 2023 इंडोनेशिया ओपन जीतकर अपना पहला बीडब्ल्युएफ वर्ल्ड सुपर 1000 ख़िताब जीता और इस प्रतियोगिता को जीतने वाली भारत की पहली पुरुष युगल जोड़ी बनी थी। इसके बाद उन्होंने 2023 कोरियाई ओपन और 2023 एशियन गेम्स में भी जीत हासिल करते हुए रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल की। इस बीच, पुरुष एकल वर्ग में एचएस प्रणॉय और लक्ष्य सेन एक-एक स्थान नीचे आकर मौजूदा रैंकिंग में क्रमशः आठवें और 15वें स्थान पर हैं। किदांबी श्रीकांत एक पायदान ऊपर पहुंच गए हैं और रैंकिंग में 20वें पायदान पर काबिज़ हैं।

एशियाई खेल 2023 में पदक से चूकने के बावजूद पीवी सिंधु दो स्थान ऊपर पहुंचकर महिला एकल में 13वें स्थान पर हैं। पूर्व विश्व नंबर एक और ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने अपनी 54वीं रैंकिंग बरक़रार रखी है।

महिला युगल में, भारत की शीर्ष क्रम की जोड़ी गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली एक स्थान ऊपर पहुंचकर 16वें स्थान पर पहुंच गईं हैं, जबकि मिश्रित युगल जोड़ी रोहन कपूर-सिक्की रेड्डी ने अपनी 38वीं रैंक बरक़रार रखी है। उल्लेखनीय कि प्रकाश पदुकोण, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत के बाद चिराग-सात्विकसाईराज बीडब्ल्युएफ विश्व रैंकिंग के शिखर पर पहुंचने वाले एकमात्र भारतीय हैं।

# भारत अब अफगानिस्तान को भी हराने उतरेगा, पर पूरी तरह चौकस होकर

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**



**नई दिल्ली,** 10 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत ने आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 में अपना अभियान पांच बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में रविवार को शुरुआती झटकों से संभलते हुए छह विकेट से जीत के साथ शुरू किया। वहीं अफगानिस्तान को अपने पहले मैच में धर्मशाला में स्पिन के जाल में फंसने के कारण बांग्लादेश के हाथों छह विकेट से हार झेलनी पड़ी। मेजबान भारत अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने के मकसद से अब बुधवार को अफगानिस्तान को भी हराने यहां अरुण जेटली स्टेडियम के फिरोजशाह कोटला मैदान पर खेलने उतरेगा, लेकिन पूरी तरह चौकस होकर। भारत को ऑस्ट्रेलिया के बाद अब अफगानिस्तान के खिलाफ भी इस साल धमाल कर एक दोहरे शतक सहित पांच शतक जड़ सबसे ज्यादा 1230 रन बनाने वाले डेंगू की चपेट में आए सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के बिना ही उतरना पड़ेगा। बुधवार को फिरोजशाह कोटला की पिच पर रनों का अंबार लगने की उम्मीद है। यह तो तय है कि टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करना ही पसंद करेगी। भारत भी इस मैदान पर यदि टॉस जीतता है तो बेशक पहले बल्लेबाजी कर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सस्ते में आउट होने वाले कप्तान रोहित, इशान किशन और श्रेयस अय्यर से अफगानिस्तान के खिलाफ बड़ी पारी खेल खोया आत्मविश्वास वापस पाने की आस करेगा। वहीं अपने पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ स्पिन में उलझ कर उसके कप्तान शाकिब अल हसन और मेहंदी हसन के सामने पांच विकेट गंवा मैच छह विकेट से हारने को अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी बहुत तवज्जो नहीं देते हैं और कहते हैं उनसे बेहतर स्पिनरों को हम अपने नेटस में खेलते हैं साथ ही यह कह कर अपनी टीम का बचाव भी करते हैं कि मात्र एक मैच हारने से हमारी टीम बुरी नहीं हो जाती। भारत और अफगानिस्तान अब तक वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2019 के विश्व कप के मैच सहित कुल तीन बार भिड़े हैं और दों बार जीत भारत के हिस्से ही आई है। एक बार 2018 में एशिया कप में सुपर चार दोनों के बीच मैच %टाई रहा था और इसमें मोहम्मद शहजाद ने अफगानिस्तान के लिए शतक जड़ा था। शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा वनडे विश्व कप के पहले मे भारत के शीर्ष क्रम में कप्तान रोहित शर्मा, इशान किशन और श्रेयस अय्यर भले ही खाता खोले बिना आउट हो गए हों लेकिन तीनों ही स्पिन को खेलने में माहिर हैं। साथ ही चेज मास्टर विराट कोहली और केएल राहुल फिर ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा व अश्विन के रूप आठवें नंबर तक बेहद मजबूत बल्लेबाजी में भारत के पास बड़ा स्कोर करने के साथ बड़े स्कोर का पीछा करने पर दम है। अरुण जेटली स्टेडियम में फिरोजशाह कोटला की उस पिच पर जिस पर दक्षिण अफ्रीका (5 विकेट पर 428 रन) और श्रीलंका (326) के बीच 2023 के वनडे विश्व कप के मैच में कुल 754 रन का रिकॉर्ड सबसे बड़ा स्कोर बना था उस पर अपनी मजबूत स्पिन के बावजूद अफगानिस्तान के लिए भारत की मजबूत बल्लेबाजी को रोक पाना रोक पाना बेहद मुश्किल लगता है। बाएं हाथ के लेग स्पिनर रवींद्र जडेजा, लेग स्पिनर कुलदीप यादव और रविचंद्रन अश्विन के रूप में उसे कहीं ज्यादा ढंग से अरुण जेटली स्टेडियम की पिच से बेहतर ढंग से वाकिफ है ही।

## सार संक्षेप

### विश्व कप खेलना हर क्रिकेटर का होता है सपना : केएल राहुल

**चेन्नई।** सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती गेम में शानदार मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि विश्व कप में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना हर खिलाड़ी का सपना होता है और इसे साकार होता देख उन्हे बेहद ख़ुशी हो रही है। स्टार स्पोर्ट्स के शो 'फॉलो द ब्लूज़' से विशेष बातचीत में राहुल ने कहा घरेलू विश्व कप खेलना एक क्रिकेटर के लिए एक सपना होता है और इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूँ। लोग हर मैच में मेरे प्रदर्शन पर टिप्पणी कर रहे थे। मैच और स्थिति के बारे में मैं समझ नहीं पा रहा था कि ऐसा क्यों हो रहा था, क्योंकि मेरा प्रदर्शन उतना बुरा नहीं था। यह बहुत पीड़ादायक था, मैं चोट से गुजरने के दर्द और शुरुआत में वापसी की प्रक्रिया को जानता हूं और फिर मुझे आईपीएल के दौरान चोट लग गई। उन्होने कहा विश्व कप में भी मेरा खेलना 100 फीसदी निश्चित नहीं था इसलिए वह मेरे लिये बहुत कठिन समय था। अपने छोटे से करियर में मैंने कई सर्जरी करवाई हैं और कई चोटें भी झेली हैं। इसलिए में चोट से गुजरने के दर्द और वापसी की प्रक्रिया को जानता हूं, और यह कितना कठिन हो जाता है और आपको कब जोर लगाना पड़ता है, मैं पहले से ही अपने मन में जानता था और इस प्रक्रिया को समझता था।

### आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित हुए डेविड मलान, गिल और सिराज

**दुबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और इंग्लिश बल्लेबाज डेविड मलान को सितंबर 2023 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नामित किया गया है। शुभमन गिल इन दिनों शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने सितंबर में 80 की शानदार औसत से कुल 480 वनडे रन बनाए। शुभमन गिल ने बांग्लादेश के खिलाफ दो अर्धशतक और एक शतक बनाया। उनकी इस फॉर्म का टीम को काफी फायदा हुआ और भारत ने एशिया कप पर अपना कब्जा जमाया। फिर, गिल ने अपनी फॉर्म ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में भी कायम रखी। हालांकि, शुभमान गिल को अभी तक विश्व कप मैचों में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वह डेंगू से पीड़ित हैं और चेन्नई में मेडिकल टीम की देखरेख में हैं। एक ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, लेकिन वह अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच और 14 जनवरी को पाकिस्तान के मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सितंबर के दौरान कुछ बेहतरीन स्पैल पेश किए, लेकिन एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ छह विकेट लेकर उन्होंने मैच जिताऊ गेंदबाजी की, जो वास्तव में सबसे खास और यादगार रही।